RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 324
नई दिल्ली, मंगलवार, 4 अक्टूबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे 200 रेलवे स्टेशन
राष्ट्रीय-9

www.dailypioneer.com

# प्रचंड की प्रहारक शक्ति से लैस हुई वायुसेना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/जोधपुर



उड़ान भरते हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर।

- देश में विकसित हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर का पहला बेड़ा हुआ शामिल, कारगिल युद्ध के दौरान 23 साल पहले शुरू हुआ था यह प्रोजेक्ट
- दुश्मनों के ठिकानों को ध्वस्त करने व हथियारों और ईंधन के बोझ के साथ 5000 मीटर की ऊंचाई से उड़ान भरने मे सक्षम

**भारतीय** वायुसेना को सोमवार को देश में ही विकसित हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर (एलसीएच) का पहला बेड़ा मिला। इसे प्रचंड नाम दिया गया है। 23 साल पहले कारगिल युद्ध के दौरान यह प्रोजेक्ट शुरू हुआ था। प्रचंड ऊंचे इलाकों में बंकर, टैंक तथा ड्रोन समेत दुश्मनों के ठिकानों को ध्वस्त करने की क्षमता से लैस है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा निर्मित यह हेलीकॉप्टर पूरे विश्व अकेला ऐसा लड़ाकू हेलीकॉप्टर है जो हथियारों और ईंधन के वजन के साथ 5,000 मीटर (16,400 फीट) की ऊंचाई पर उड़ान भर सकता है। 5.8 टन के ट्विन इंजन से लैस यह गनशिप हेलीकॉप्टर हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, 20एमएम की टूरेट गन, रॉकेट सिस्टम तथा अन्य हथियारों से लैस है। जोधपुर स्थित वायुसेना स्टेशन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी. आर. चौधरी की उपस्थिति में चार हेलीकॉप्टर को वायुसेना के बेड़े में शामिल किया गया। हेलीकॉप्टर को प्रचंड नाम देते हुए सिंह ने कहा कि यह रात और दिन दोनों ही समय में संचालन योग्य है, जिससे वायुसेना की युद्ध क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि यह लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाने में सक्षम है। रक्षा मंत्री ने कहा, यह एक महत्वपूर्ण क्षण है जो रक्षा उत्पादन में भारत की क्षमता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, भारतीय वायुसेना भारत की संप्रभुता की रक्षा करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और मुझे विश्वास है कि एलसीएच के शामिल होने के बाद इसकी समग्र क्षमता में और वृद्धि होगी। सिंह ने कहा, हम कुछ घटनाक्रमों के बाद देश के रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। देश की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है और हमेशा रहेगी। उन्होंने स्वदेश निर्मित हेलीकॉप्टर में भरोसा जताने के लिए वायुसेना की सराहना भी की।

वहीं, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल चौधरी ने कहा कि इस एलसीएच की क्षमता वैश्विक स्तर पर अपनी श्रेणी के हेलीकॉप्टर के बराबर है। इस मौके पर एक सर्व-धर्म प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया। एलसीएच को सार्वजनिक उपक्रम हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने विकसित किया है और इसे ऊंचाई वाले इलाकों में तैनात करने के लिए विशेष तौर पर डिजाइन किया गया है। 1999 के करगिल युद्ध के बाद ऐसे हेलीकॉप्टर की आवश्यकता महसूस की गई थी। गौरतलब है कि इस साल मार्च में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने स्वदेश में विकसित 15 एलसीएच को 3,887 करोड़ रुपए में खरीदने के लिए मंजूरी दी थी। (शेष पेज 8)



एलसीएच से उड़ान भरने जाते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य।

## सीडीएस अनिल चौहान को जेड प्लस सुरक्षा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने गृह मंत्रालय के आदेश पर प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान को जेड प्लस सुरक्षा मुहैया कराई है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। जनरल चौहान ने शुक्रवार को भारत के दूसरे सीडीएस के तौर पर पदभार ग्रहण किया था। उनके सामने सशस्त्र सेनाओं के तीनों अंगों के बीच समन्वय और महत्वाकांक्षी थिएटर कमान के निर्माण का लक्ष्य है, (शेष पेज 8)

# दुर्गा पूजा पंडाल में आग से मृतक संख्या पांच हुई

- उप्र के भदोही में हुई दुर्घटना, आयोजकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** भदोही



भदोही में एक दुर्गा पूजा पंडाल में लगी आग के बाद मूर्तियों को छोड़कर सब कुछ खाक हो गया

**भदोही** जिले के औराई थानाक्षेत्र में एक दुर्गा पूजा पंडाल में हैलोजन लाइट के अधिक गर्म होने के कारण लगी आग में तीन बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि हादसे में 64 अन्य लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पंडाल में रविवार को एक डिजिटल शो के दौरान आग लग गई थी। आग लगने के बाद वहां भगदड़ भी मच गई थी। हादसे के समय पंडाल में 300 से अधिक लोग मौजूद थे, जिनमें से अधिकतर महिलाएं व बच्चे थे। भदोही पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने बताया की इस मामले में पूजा समिति के अध्यक्ष और सदस्यों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या सहित कई अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि एक हैलोजन लाइट के अधिक गर्म होने के बाद बिजली के तार में आग लग गई जो पूरे पंडाल में फैल गई। हादसा रात करीब साढ़े नौ बजे औराई थाने से 100 मीटर दूर नरथुआ गांव में हुआ। जिलाधिकारी राठी ने बताया कि घटना की जांच के लिए अपर महानिदेशक पुलिस (एडीजी) राम कुमार ने एक विशेष जांच दल का गठन किया है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हादसे में कुल 67 लोग घायल हो गए थे, उनमें से जया देवी (45), अंकुश सोनी (12) और नवीन (10) की पहले ही मौत हो गई थी। बाद में आरती चौबे (48) और हर्षवर्धन (8) ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि औराई थाने में इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। कुमार ने बताया कि इस संबंध में समिति के अध्यक्ष और सदस्यगण के खिलाफ औराई पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर आगे की विधिक कारवाई की जा रही है। उन्होंने बताया की गठित दल ने जांच में पाया की पंडाल में लगी हैलोजन लाइट के गर्म होने से तारों में शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई, जिससे पूरा पंडाल खाक हो गया और यह घटना लापरवाही बरतने से हुई है। अधिकारियों ने बताया यह पंडाल एकता क्लब पूजा समिति का था। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए अधिकारियों को घायलों को सर्वोत्तम उपचार मुहैया कराने का निर्देश दिया है। (शेष पेज 8)

## नवम सिद्धिदात्री



**सिद्धगन्धर्वयक्षाघैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात् सिद्धिदा सिद्धिदायिनी॥**

**नौवीं** देवी सिद्धिदात्री की कृपा से शिव ने तमाम सिद्धियां प्राप्त की थीं। इस देवी की कृपा से ही शिवजी का आधा शरीर देवी का हुआ था। इसी कारण शिव अर्द्धनारीश्वर हुए। यह देवी सर्व सिद्धियां प्रदान करने वाली देवी हैं। उपासक या भक्त पर इनकी कृपा से कठिन से कठिन कार्य भी चुटकी में संभव हो जाते हैं। हिमाचल के नंदापर्वत पर इनका प्रसिद्ध तीर्थ है। अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व आठ सिद्धियां होती हैं। इसलिए इस देवी की सच्चे मन से विधि विधान से उपासना-आराधना करने से यह सभी सिद्धियां प्राप्त की जा सकती हैं। इस देवी का स्मरण, ध्यान, पूजन हमें इस संसार की असारता का बोध कराते हैं और अमृत पद की ओर ले जाते हैं।

# महिषासुर की प्रतिमा में गांधी की झलक, बवाल

- राजनीतिक दलों व आम लोगों ने जताई नाराजगी, हिंदू सभा के नेताओं की तुरंत गिरफ्तारी की मांग
- कांग्रेस, भाजपा, शिवसेना, तृणमूल ने एक सुर में की निंदा, तो पुलिस ने प्रतिमा में कराया बदलाव

**पायनियर समाचार सेवा।** कोलकाता/नई दिल्ली



**दक्षिण-पश्चिम** कोलकाता में एक पूजा पंडाल में महिषासुर की प्रतिमा में महात्मा गांधी जैसी झलक दिखाए जाने के बाद देशभर में आक्रोश फैल गया। यहां पंडाल में लगाई महिषासुर की प्रतिमा के सिर पर बाल नहीं थे और उसे सफेद धोती के साथ गोल फ्रेम वाला चश्मा पहनाया गया था। हाथ में एक डंडा भी दिया गया था। इस पर राजनीतिक दलों सहित आम लोगों ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की और पूजा का आयोजन करने वाले अखिल भारतीय हिंदू महासभा के नेताओं की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। हालांकि, हिंदू महासभा ने दावा किया कि यह संयोग ही है कि महिषासुर की प्रतिमा गांधीजी से मेल खा रही थी। उसे अब बदल दिया गया है। अतनु चक्रवर्ती ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को टैग करते हुए ट्वीट किया कि कोलकाता में दुर्गा पूजा में महात्मा गांधी को असुर के रूप में दिखाने पर हिंदू महासभा के अधिकारियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। (शेष पेज 8)

# भारत से गुजर रहे ईरानी विमान में बम की सूचना से सनसनी

- वायुसेना के सुखोई फाइटर जेटों ने किया पीछा, बाद में चीन के ग्वांगझू में सुरक्षित उतरा विमान
- विमान को पहले जयपुर और फिर चंडीगढ़ उतरने का विकल्प दिया था लेकिन पायलट नहीं तैयार हुआ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



ईरान से उड़े विमान का पीछा करते भारतीय वायु सेना के सुखोई लड़ाकू विमान

**चीन** जा रहे ईरान के महान एयर के एक यात्री विमान में बम की सूचना पर सोमवार को भारतीय वायुसेना को उसके पीछे अपने सुखोई लड़ाकू विमानों को भेजना पड़ा। ईरानी विमान भारतीय नभसीमा में करीब 40 मिनट तक उड़ान भरता रहा। बाद में यह विमान चीन के ग्वांगझाऊ में सुरक्षित उतर गया।

तेहरान से बम की सूचना को नजरअंदाज करने का संदेश मिलने के बाद वायुसेना के विमान भारतीय नभ सीमा तक ईरानी विमान के साथ गए और इसके बाद यह विमान अपने गंतव्य की ओर आगे बढ़ गया। वायुसेना द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, घटना सुबह उस समय हुई, जब उड़ान संख्या डब्ल्यू-581 भारतीय वायु क्षेत्र के ऊपर से गुजर रही थी। डब्ल्यू-581 में बम की धमकी की सूचना मिलने के बाद भारतीय लड़ाकू विमानों ने सुरक्षित दूरी पर इस उड़ान का पीछा किया। बयान में कहा गया है, विमान को पहले जयपुर और फिर चंडीगढ़ में उतारने का विकल्प दिया गया था। हालांकि, पायलट ने कहा कि वह दोनों में से किसी भी हवाई अड्डे पर विमान नहीं उतारना चाहता है।

इसमें कहा गया है, तीन अक्टूबर को ईरान में पंजीकृत एक विमान में उस समय बम होने की सूचना मिली थी, जब वह भारतीय हवाई क्षेत्र से गुजर रहा था। (शेष पेज 8)

# गुपचुप काम कर रहा पीएफआई, दिल्ली में यूएपीए के तहत एफआईआर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- दिल्ली पुलिस का दावा, संगठन के कार्यकर्ता रच रहे पूजा स्थलों पर उन्माद फैलाने की साजिश

**दिल्ली** पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के खिलाफ सख्त गैरकानूनी गतिविधि निरोधक अधिनियम (यूएपीए) के तहत दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के शाहीन बाग इलाके में प्राथमिकी दर्ज की है। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि प्रतिबंध लगने के बावजूद इस संगठन के कार्यकर्ता अभी भी गुपचुप तरीके से काम कर रहे हैं और बड़े पैमाने पर गड़बड़ी फैलाने की साजिश रच रहे हैं। सरकार ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) और उसके सहयोगियों- रिहैब इंडिया फाउंडेशन (आरआईएफ), ऑल इंडिया इमाम काउंसिल (एआईआईसी), नेशनल कॉन्फेडरेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाइजेशन (एनसीएचआरओ) और अन्य संगठनों पर कथित आतंकी गतिविधियों के लिए गैरकानूनी संघों के रूप में प्रतिबंध लगा दिया है। दिल्ली पुलिस की विशेष प्रकोष्ठ इकाई के साथ-साथ जिला पुलिस ने पिछले हफ्ते शहर के छह जिलों में छापेमार कर पीएफआई से कथित तौर पर जुड़े 30 लोगों को गिरफ्तार किया था। प्राथमिकी के अनुसार, दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने 29 सितंबर को एक गजट अधिसूचना के माध्यम से शाहीन बाग, अब्दुल फजल एन्क्लेव और जामिया नगर में कुछ पतों को पीएफआई और उसके सहयोगियों अथवा उनसे संबद्ध लोगों की गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए इस्तेमाल किए जाने की घोषणा की और अधिसूचित किया।

प्राथमिकी में कहा गया कि उक्त प्रतिबंध और अधिसूचना के बाद भी पुख्ता जानकारी प्राप्त हुई है कि संदर्भित गैरकानूनी संगठनों के कुछ नेता, सदस्य और सहयोगी, अपनी गैरकानूनी गतिविधियों (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 56,789 | ↓ 638 | |
| निफ्टी | 16,887 | ↓ 207 | |
| सोना | 50,399 | ↑ 205 | /10g |
| चांदी | 57,767 | ↑ 909 | /kg |

## क्विक न्यूज


### स्वीडन के वैज्ञानिक को चिकित्सा का नोबल

**स्टाकहोम।** चिकित्सा के क्षेत्र में इस वर्ष का नोबेल पुरस्कार मानव के क्रमिक विकास पर खोज के लिए स्वीडिश वैज्ञानिक स्वैते पैबो को देने की घोषणा की गई है। पुरस्कार समिति ने कहा कि उनकी इस खोज ने हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली पर और हमें मानव की विलुप्त प्रजातियों की तुलना में अनूठा बनाने वाले कारकों पर महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि उपलब्ध कराई है। नोबेल कमेटी के सचिव थॉमस पर्लमैन ने स्टाकहोम, स्वीडन के कैरोलिंस्का इंस्टिट्यूट में सोमवार को इस पुरस्कार के विजेता की घोषणा की। पैबो (67) ने आधुनिक मानव से काफी मिलती-जुलती विलुप्त प्रजाति निएंडरथल एवं डेनिसोवंस के जीनोम की तुलना करने के लिए नई तकनीक विकसित करने में अनुसंधानकर्ताओं का नेतृत्व किया। निएंडरथल की अस्थियां सर्वप्रथम 19वीं सदी के मध्य में खोजी गई थी।

# उत्तर भारत में फलों से महंगी सब्जियां

- कहीं सूखा तो कहीं अत्यधिक वर्षा होने के कारण फसलें प्रभावित
- आसमान छूती कीमतों ने बिगाड़ा आम आदमी की रसोई का बजट

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली



**सब्जियों के भाव (प्रति किलो में)**

| सब्जियां | बिगबास्केट | ब्लिंकिट | सब्जी भाजी | स्थानीय विक्रेता |
|---|---|---|---|---|
| फूलगोभी | 120 | -- | 120 | 100 |
| गाजर (नारंगी) | 75 | 120 | 100 | 100 |
| भिंडी | 50 | 60 | 60 | 60 |
| मूली | 44 | 80 | 60 | 60-70 |
| पत्ता गोभी | 33(एक) | 35(एक) | 35(एक) | 60 प्रति किग्रा |
| शिमला मिर्च | 80-90 | 220 | 140 | 100-120 |
| आलू | 25-30 | 25-30 | 25 | 25 |

**सब्जियों** के भाव फिर आसमान छू रहे हैं। कीमतें इतनी बढ़ रही हैं कि कई सब्जियां फलों से महंगी मिल रही हैं। उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में सेब, अनार और केला तो फूलगोभी, गाजर, शिमला मिर्च और धनिये से सस्ता मिल रहा है। हालांकि प्याज, आलू और लहसुन की कीमतों में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है।

व्यापारी और स्थानीय विक्रेता सब्जियों की अधिक कीमतों के लिए मध्य भारत में अत्यधिक बारिश के कारण प्रभावित हुई आपूर्ति को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। उपभोक्ता मामले और कृषि मंत्रालय के मुताबिक नई फसल आने तक सब्जियों के खुदरा दाम ऊंचे बने रहेंगे। प्रमुख फलों की कीमतें उत्तर भारत के बाजारों में 100 रुपये या इससे कम पर बनी हुई हैं।

सब्जियों की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। राष्ट्रीय राजधानी की सब्जी मंडियों से एकत्र आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले कुछ हफ्तों में सब्जियों की औसत खुदरा कीमतों में तेजी से वृद्धि हुई है। फूलगोभी की खुदरा कीमतें कुछ हफ्ते पहले 60 रुपये प्रति किलो थीं, लेकिन तेजी से बढ़कर अब करीब 100 रुपये प्रति किलो हो गई हैं। गाजर (नारंगी रंग की) 100 रुपये किलो बिक रहा है। इसी प्रकार धनिया पत्ता 300-400 रुपये प्रति किलो, लौकी कुछ दिनों पहले 20-30 रुपये प्रति किलो था जो अब बढ़कर लगभग 55-60 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। मूली 60 रुपये किलो बिक रही है, जो दो हफ्ते पहले 30 रुपये किलो मिल रही थी। (शेष पेज 8)

# जेईई-मुख्य परीक्षा हेरफेर केस में रूसी नागरिक को पकड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सीबीआई** ने पिछले साल हुई आईआईटी जेईई (मुख्य) परीक्षा में कथित हेरफेर के मामले में अपनी जांच के सिलसिले में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर एक रूसी नागरिक को पकड़ा है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में कथित छेड़छाड़ के लिए विदेशी नागरिक के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया था जिस पर मुख्य हैकर होने का संदेह है। अधिकारियों ने बताया कि जब रूसी नागरिक विदेश से हवाईअड्डे पर पहुंचा तो केंद्रीय एजेंसियों ने सीबीआई को सतर्क किया। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने उसे तत्काल रोका और जेईई परीक्षा में छेड़छाड़ के सिलसिले में उससे पूछताछ की जा रही है। सूत्रों ने कहा कि संदिग्ध को हिरासत में लिया जा सकता है। (शेष पेज 8)

# अनुकंपा आधार पर नियुक्ति अधिकार नहीं रियायतः कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- ऐसी नियुक्ति का उद्देश्य प्रभावित परिवार को अचानक आए संकट से उबारने में मदद करना

**उच्चतम** न्यायालय ने कहा है कि अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति कोई अधिकार नहीं बल्कि रियायत है और ऐसी नियुक्ति का उद्देश्य प्रभावित परिवार को अचानक आए संकट से उबारने में मदद करना है। सर्वोच्च अदालत ने इस संबंध में पिछले हफ्ते केरल उच्च न्यायालय के एक खंडपीठ के फैसले को रद्द कर दिया।

खंडपीठ के फैसले में एकल न्यायाधीश के उस फैसले की पुष्टि की गई थी जिसमें फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड और अन्य को अनुकंपा के आधार पर एक महिला की नियुक्ति के मामले पर विचार करने का निर्देश दिया गया था। न्यायमूर्ति एम. आर. शाह और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की पीठ ने आदेश में कहा कि महिला के पिता फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड में कार्यरत थे और ड्यूटी के दौरान ही उनकी अप्रैल 1995 में मृत्यु हो गई थी। पीठ ने कहा कि उनकी मृत्यु के समय उनकी पत्नी नौकरी कर रही थीं, इसलिए याचिकाकर्ता अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति की पात्र नहीं हैं। पीठ ने कहा, कर्मचारी की मृत्यु के 24 साल बाद प्रतिवादी अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति की हकदार नहीं होंगी। अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के संबंध में शीर्ष अदालत द्वारा स्पष्ट किए गए कानून के अनुसार, (शेष पेज 8)

# बच्चे का अपहरण करने वाला मुठभेड़ में ढेर

## किराना व्यापारी के बेटे को अगवा कर बदमाश ने मांगी थी 30 लाख रुपये की फिरौती

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में किराना व्यापारी के 11 साल के बेटे का अपहरण कर 30 लाख रुपये की फिरौती वसूलने वाले बदमाश को पुलिस ने सोमवार को मुठभेड़ में ढेर कर दिया। उसके पास से पुलिस ने 29 लाख का कैश भी बरामद कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, यह मुठभेड़ बीटा दो थाना क्षेत्र के चूहड़पुर अंडरपास के पास हुई। इस मुठभेड़ के दौरान नॉलेज पार्क थाना प्रभारी वरुण पंवार भी गोली लगने से घायल हो गए, जबकि बीटा दो कोतवाली प्रभारी अनिल राजपूत की बुलेटप्रूफ जैकेट में भी गोली लगी है।

लुक्सर गांव निवासी किराना कारोबारी मेघ सिंह ने अपने 11 साल के बेटे के गुमशुदा होने के संबंध में नोएडा पुलिस को सूचना दी थी। उन्हें एक अज्ञात फोन से कॉल कर बेटे को छोड़ने के लिए 30 लाख रुपये की फि रौती मांगी गई थी। इस पर थाना ईकोटेक.1 पुलिस तुरंत एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई। बच्चे की सकुशल बरामदगी के लिए ग्रेटर नोएडा जोन व सेन्ट्रल नोएडा जोन से पुलिस टीम व सर्विलांस टीम व स्वाट टीम गठित की गई। सोमवार सुबह पुलिस की लुक्सर जेल के पास बदमाशों से मुठभेड़ हो गई और इस मुठभेड़ में विशाल मौर्य और ऋषभ गोली लगने से घायल हो गए थे, लेकिन मुख्य अपहरणकर्ता शिवम फ रार हो गया था। पुलिस टीमें तभी से शिवम की तलाश में जुटी थीं और दोपहर बाद चूहड़पुर अंडरपास के पास हुई दूसरी मुठभेड़ में शिवम ढेर हो गया। पुलिस अब उसका आपराधिक इतिहास तलाशने में जुटी है। शिवम बदायूं का रहने वाला था। बता दें कि, गिरफ्तार किए गए बदमाशों विशाल मौर्या और ऋषभ से पूछताछ में पुलिस को पता चला था कि इस घटना का सरगना शिवम है जो पीड़ित मेघसिंह के घर के पास काफी समय तक किराए पर रहा था। उसने ही अपने साथियों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम देने की साजिश रची थी। बदमाशों के कब्जे से बाइक, तमंचा व कारतूस बरामद किया गया है। बीटा दो कोतवाली प्रभारी अनिल राजपूत की टीम ने घटना के पर्दाफाश में अहम भूमिका निभाई।

घर वालों के पास वापस पहुंचने पर 11 साल के बच्चे अर्थ के चेहरे पर मुस्कान वापस आ गई है। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह ने घटना का पर्दाफाश करने वाली टीम को 50000 का इनाम दिया है।



किराना व्यापारी को सुरक्षित बचाने व मुठभेड़ की जानकारी देती पुलिस टीम।

### परिजनों के आंसू देख भावुक हुए कमिश्नर

अपहृत छात्र हर्ष के घर पहुंचने पर जहां घरवाले अपने आँसू नहीं रोक पा रहे थे और नोएडा पुलिस को दुआएं दे रहे थे। वहीं परिजनों से मिलने पहुंचे पुलिस कमिश्नर आलोक कुमार परिजनों के खुशी के आंसू देखकर भावुक हो गए। उन्होंने इस अवसर परिजनों को संभालने का काम किया। इस सफलता के लिए पूरी पुलिस टीम को उन्होंने बधाई दी। ज्ञात रहे कि बच्चे के अपहरण के इस मामले में एनकाउंटर में एक बदमाश मारा गया और फिरौती के 29 लाख भी बरादम किया गया। जबकि इस मुठभेड़ के दौरान बदमाशों की गोली इंस्पेक्टर की बुलेटप्रूफ जैकेट जैकेट में गोली धुसने से घायल हो गए।

# पड़ताल : पंडालों में अग्नि सुरक्षा की जांच

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

भदोही में मां दुर्गा के पंडाल में आग लगने की घटना के बाद से नोएडा पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह के निर्देश पर पुलिस अधिकारियों ने अपने अपने क्षेत्रों में चल रहे दुर्गा पूजा पंडालों में फ़ायर सेफ्टी के इंतजामों की जांच की।

नोएडा जोन के अन्तर्गत पुलिस उपायुक्त नोएडा हरीश चन्दर, अपर पुलिस उपायुक्त आशुतोष द्विवेदी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी अरूण कुमार व सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा ने नोएडा के कालीबाड़ी, जलवायु विहार, स्टेडियम व अन्य स्थानों पर चल रही राम लीलाओं में फ़ायर सेफ्टी के इंतजाम का मुआयना किया। इस दौरान कार्यक्रमों को आयोजित करने वाली कमेटी व संस्था को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये और मानक सुरक्षा के नियमों का पालन करते हुए कार्यक्रम आयोजित कराए जाए। इसके अलावा रामलीलाओं में लगाए गए झूलों का निरीक्षण भी किया। दरअसल गाजियाबाद के रामलीला मैदान में झूला टूट जाने से हादसा हो गया था। ऐसे में झूला संचालकों को सख्त हिदायत दी गई।



नोएडा के सेक्टर 134 स्थित जेपी विश टाउन के पंडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा।

### क्या क्या देखे गए इंतजाम

- पंडालों में कोई ज्वलशील पदार्थ ये सामान तो नहीं रखा है।
- पंडालों के पास फायर एस्टिंग्यूशर है या नहीं
- पंडालों के बाहर बालू और रेत से भरी बाल्टी रखी है या नहीं
- इमरजेंसी के दौरान निकलने के क्या साधन और कितने गेट है।
- लाइटिंग के लिए वायरिंग का कैसे इस्तेमाल किया गया है वायरिंग खुले में तो नहीं है।
- पंडाल के कार्यक्रम स्थल पर इमरजेंसी नंबर लिखे है या नहीं।
- आपात स्थिति में पंडाल के आसपास एंबुलेंस और फायर विभाग की गाड़ियां पहुंच सकती है अथवा नहीं।

# प्राधिकरण शहर में बनाएगा 18 डॉग शेल्टर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

शहर में डॉग को लेकर चल रहा विवाद स्थाई रूप से समाप्त करने पर काम किया जा रहा है। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण ने 18 डाग शेल्टर बनाने निर्णय लिया है। पहले पायलट प्रोजेक्ट की तर्ज पर चार डाग शेल्टर बनाए जाएंगे। उसका रिस्पांस देखने के बाद आगे के शेल्टर बनाने की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। इन डाग शेल्टर का संचालन व रखरखाव सेक्टर और एओए को करना होगा।

नोएडा प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितु माहेश्वरी ने कहा कि शहर में प्राधिकरण के 18 जगहों पर बायोमैथनाइजेशन, कंपोस्ट प्लांट संचालित हो रहे है। इसी के साथ डाग शेल्टर की जगह उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए आरडब्ल्यूए और एओए से सुझाव मांगा गया है। यदि सहमति बनती है, जो यह शेल्टर तैयार कर दे दिया जाएगा। जहां पर कुत्तों का वैक्सीनेशन, खाना खिलाना समेत अन्य गतिविधियों को अंजाम दिया जा सकेगा।

शहर में पिछले कई महीनों से आवारा कुत्तों के काटने के मामले तेजी से बढ़े है। खासकर नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में। इनके वीडियो भी वायरल हुए। जिसके बाद नोएडा में आरडब्ल्यू और सोसाइटी के साथ मिलकर प्राधिकरण इस पर काम शुरु किया है।

सीईओ ने कहा कि आवारा कुत्तों की नसबंदी का काम का सत्यापन आरडब्ल्यूए और एओए से कराने के बाद ही संबंधित कंपनी को भुगतान किया जाए। बता दे नोएडा में अब तक 1700 पालतु कुत्तों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। 2017 से अब तक 39500 कुत्तों की नसबंदी की जा चुकी है। इसके लिए प्राधिकरण की ओर से दो संस्थाएं काम कर रही है। पहली ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी और दूसरी एनिमल इंडिया ट्रस्ट।

- पायलट प्रोजेक्ट की तर्ज बनेंगे 4 शेल्टर, एओए करेगा रखरखाव और संचालन

### फूड प्वॉइंट में किशोरों ने किया चोरी का प्रयास

गाजियाबाद। दिल्ली-मेरठ मार्ग पर राधेश्याम विहार कॉलोनी में सोमवार सुबह चार किशोरों ने एक दुकान के अंदर चोरी की। चोरी का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। काफी प्रयास करने के बाद भी किशोर दुकान के अंदर से सामान चोरी करके नहीं ले जा सके। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है।

राधेश्याम विहार कॉलोनी निवासी गौरव त्यागी की दिल्ली मेरठ मार्ग पर गेट नम्बर.एक पर यूपी 14 फू ड प्वॉइंट और चाय जंक्शन के नाम से दुकान है। गौरव त्यागी ने बताया कि सुबह जब दुकान खोली तो सारा सामान इधर उधर पड़ा हुआ था। लेकिन दुकान के अंदर से कोई सामान गायब नहीं था।

# डबल मर्डर : किसानों ने एक-दूसरे को फावड़े से काट डाला

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में डबल मर्डर का मामला सामने आया है। 5 लाख रुपए के लिए किसानों ने एक.दूसरे को फावड़े से काट डाला। एक की मौके पर ही मौत हो गई। हॉस्पिटल पहुंचने पर दूसरे को भी डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मामला मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र का है। सदरपुर के रहने वाले 48 साल के ब्रजपाल खेतीबाड़ी के साथ दूध बेचने का काम करते थे। ब्रजपाल के भाई सोनू ने पास के ही गांव दुहाई के रहने वाले 35 साल के विकास के भाई से कोरोना काल से पहले 5 लाख रुपए उधार लिए थे। काफी टाइम बीतने के बाद सोनू ने रुपए नहीं लौटाए। रुपए नहीं लौटाने पर दोनों पक्षों में कई बार विवाद हुआ। सोमवार सुबह करीब 11;30 बजे बृजपाल और विकास में कहासुनी के बाद मौके पर फावड़े से दोनों ने एक-दूसरे पर वार कर दिए। घटना में बृजपाल की मौके पर मौत हो गई, जबकि विकास गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात की सूचना पर पहुंची पुलिस विकास को तुरंत अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। निपुण अग्रवाल ने बताया, सोमवार सुबह साढ़े 11 बजे सूचना मिली कि गांव दुहाई में दो लोग लहूलुहान अवस्था में खेत में पड़े हुए हैं। इसमें एक व्यक्ति मृत और दूसरा घायल था। मृत की पहचान ब्रजपाल सिंह के रूप में हुई।

- कोरोना काल में 5 लाख की उधारी न देने पर हुआ था झगड़ा

### महिला समेत दो से झपटमारी, चार जगह हुई चोरी

गाजियाबाद। अलग.अलग स्थानों पर हुई वारदातों में बदमाशों ने एक महिला समेत दो लोगों से चेन व मोबाइल झपट लिया। इसके अलावा चोरों ने भी तीन वाहनों की चोरी करने के अलावा दो मकानों में सेंध लगाकर लाखों के माल पर हाथ साफ कर लिया। जानकारी के अनुसार आज सुबह मोदीनगर निवासी अल्का नामक युवती से बाइक पर सवार बदमाशों ने हिंडन नहर मार्ग पर चेन झपट ली। इसके अलावा दुहाई से नवीपुर जाने वाले मार्ग पर भी देर रात मोहित नामक युवक का मोबाइल बाइकसवार गैंग ने झपट लिया। वहीं, वाहन चोर कविनगर, मधुबन बापूधाम व घंटाघर रामलीला मैदानों से मंचन के दौरान दो बाइक व एक कार चुराकर ले गये। चोरों ने भी ट्रोनिका सिटी, खोड़ा व साहिबाबाद थाना क्षेत्र में स्थित दो फ्लैट व एक मकान में सेंध लगाकर वहां से 23 लाख के माल व नगदी पर हाथ साफ कर लिया।

### मोदीनगर में 101 फीट ऊंचा तिरंगा लगाया

गाजियाबाद। दिल्ली-मेरठ मार्ग पर शहीद मेजर आशाराम त्यागी की प्रतिमा के सामने नगर पालिका परिषद द्वारा सोमवार को 101 फीट ऊंचा तिरंगा झंडा लगाया गया। पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ सत्यपाल सिंह व राज्यसभा सांसद कांता कर्दम ने ध्वजारोहण कर उद्घाटन किया। इस मौके पर सांस्कृतिक व देश भक्ति के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसके अलावा लघु भारती उद्योग मंडल के कार्यकर्ताओं ने सड़क निर्माण की मांग को लेकर सांसद को ज्ञापन दिया।

नगर पालिका परिषद द्वारा दिल्ली मेरठ मार्ग पर शहीद मेजर आशाराम त्यागी की प्रतिमा के सामने 101 फीट ऊंचा तिरंगा झंडा लगाया गया है। सोमवार को पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री व सांसद डॉ सत्यपाल सिंह व राज्यसभा सांसद कांता कर्दम व विधायक डॉ मंजू शिवाच व पालिकाध्यक्ष अशोक माहेश्वरी ने ध्वजारोहण कर उदघाटन किया। सत्यपाल सिंह ने कहा कि तिरंगा झंडा हर व्यक्ति के लिए काफी महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि शहीद आशाराम त्यागी की प्रतिमा के सामने झंडा लगाने स्वागत योग्य कदम है।

### पराली जलाने पर लगी रोक, 15 हजार जुर्माना

गाजियाबाद। डीएम राकेश कुमार सिंह ने किसानों के साथ अहम बैठक करते हुए खेतों में पराली जलाए जाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाते हुए जुर्माना वसूलने की बात कही है। डीएम ने एनजीटी का हवाला देते हुए किसानों से पर्यावरण संरक्षण के लिए सहयोग मांगा। धान की कटाई के उपरान्त पराली के साथ.साथ अन्य फ सल अवशेष को जलाने से पर्यावरण प्रदूषण के साथ.साथ मृदा के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

# मूर्ति विसर्जन को लेकर मेरठ रोड पर दो दिन नहीं चलेंगे भारी वाहन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नवरात्र और दुर्गा पूजा पर मूर्ति विसर्जन के लिए मंगलवार और बुधवार को मेरठ रोड पर यातायात बाधित रहेगा। दोनों दिन भारी वाहनों का इस रोड पर आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। मेरठ तिराहा से लेकर मोदीनगर के बीच मार्ग पर भारी वाहन नहीं चलेंगे।

ट्रैफिक पुलिस की ओर से जारी डायवर्जन प्लान के मुताबिक हापुड़ चुंगी व राजनगर एक्सटेंशन से भी बड़े वाहन मेरठ की ओर नहीं जा सकेंगे। वाहनों से एनएच-9 दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस-वे डीएमई, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे ईपीई, हापुड़ रोड से गुजरने की अपील की है।

एसपी ट्रैफिक रामानंद कुशवाहा ने बताया कि गंगनहर में मुरादनगर पर कृत्रिम तालाब बनाया गया है। विसर्जन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटेंगे। यहां चार अक्टूबर को दोपहर से विसर्जन शुरू हो जाएगा। इसीलिए मंगलवार को दोपहर 12 बजे से डायवर्जन शुरू होगा और पांच अक्टूबर को दशहरा के दिन विसर्जन समाप्ति तक लागू रहेगा।

- एसपी ट्रैफिक ने बताया कि मंगलवार दोपहर 12 बजे शुरू होगा डायवर्जन

# मंदिर में पिस्टल-चाकू लेकर घुसा युवक

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद के मंदिर में घुसे एक संदिग्ध युवक को विदेशी पिस्टल और चाकू सहित पकड़ा गया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। मंदिर में जाने का मकसद पूछ रही है। मंदिर में हिन्दू रक्षा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानंद गिरि महाराज रुके हुए थे।

उन्होंने कहा कि ये मुस्लिम व्यक्ति है। हिंदू बनकर मंदिर में घुसकर उनकी हत्या करना चाहता था। फिलहाल, पुलिस फोर्स मौके पर है। मंदिर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। महामंडलेश्वर प्रबोधानंद मूल रूप से बागपत के रहने वाले हैं। ज्यादातर हरिद्वार आश्रम में रहते हैं। इस मंदिर के सेवादारों के बुलावे पर वे गाजियाबाद आए थे। मसूरी थाना क्षेत्र के गांव डकला इनायतपुर में नर्मदेश्वर महादेव मंदिर है। मंदिर के सेवादारों ने बताया कि रविवार शाम एक व्यक्ति मंदिर में आया। उसने कहा कि वो महामंडलेश्वर प्रबोधानंद गिरि महाराज का शिष्य बनना चाहता है। यह कहकर वो रात में मंदिर में ही रुक गया। सोमवार सुबह युवक पर शक होने के बाद उसके सामान की चेकिंग की गई तो बैग से एक पिस्टल, ग्लाइडर, चाकू जैसे हथियार बरामद हुए। पूछताछ में इस शख्स ने अपना नाम समीर बताया, लेकिन आईडी प्रूफ से आस मोहम्मद लिखा था। सूचना पर मंदिर पहुंची पुलिस ने व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। डॉक्टर ईरज राजा ने बताया, एक व्यक्ति को विदेशी पिस्टल के साथ मंदिर के सेवादारों ने पकड़ा है।

### यति नरसिंहानंद गिरि ने जताई चिंता

शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर और श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने आज डकला गांव में हथियार सहित पकड़े गए संदिग्ध व्यक्ति को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा संदिग्ध व्यक्ति से पेपर कटर मिला है। इसी पेपर कटर से पिछले साल शिव शक्ति धाम डासना में स्वामी नरेशानंद की हत्या का प्रयास हुआ था। जिहादियों का हौसला इतना बढ़ चुका है कि वो अब कहीं भी हमला करने को तैयार हैं।


## एसवीपी हाउसिंग लिमिटेड

(पूर्वतः महाबीर मेटलेक्स लिमिटेड के नाम से ज्ञात)

पंजीकृत कार्यालय : ए–3, एनडीएसई, पार्ट–1, नई दिल्ली–110049, सीआईएन : एल70100डीएल2003पीएलसी118413

टेलीफोन : 011–41070148, ई–मेल आईडी : info@svphousing.com, वेबसाइट : www.svphousing.com

### ई–वोटिंग एवं मतदान का परिणाम

एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों और तदधीन विरचित नियमों के अनुसरण में, कम्पनी द्वारा ई–वोटिंग की एक सूचना प्रेषित की गई थी, जिसमें उक्त सूचना में सूचीबद्ध व्यवसाय के विषय में, ई–वोटिंग एवं मतदान के माध्यम से विच्छेदन (कट–ऑफ) तिथि अर्थात 23–09–2022 को शेयरधारकों के अनुमोदन की याचना की गई थी।

संवीक्षक (अंकित सिंघल ऐंड एसोसिएट्स, कम्पनी सेक्रेटरीज) की रिपोर्ट दिनांकित 30 सितम्बर, 2022 के आधार पर चेयरमैन द्वारा घोषित ई–वोटिंग एवं मतदान के परिणाम निम्नानुसार हैं :

| क्र. सं. | प्रस्ताव का संक्षिप्त विवरण | संवीक्षक द्वारा प्राप्त किए गए कुल, वैध अथवा अवैध मतों की संख्या | | | शेयरों की संख्या तथा प्रस्ताव के पक्ष में डाले गए कुल मतों का % | | शेयरों की संख्या तथा प्रस्ताव के विपक्ष में डाले गए कुल मतों का % | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | डाले गए कुल मतों की संख्या | अवैध मतों की संख्या | वैध मतों की संख्या | शेयरों की संख्या | कुल मतों का % | शेयरों की संख्या | कुल मतों का % |
| 1. | 31 मार्च, 2022 के अनुसार लेखापरीक्षित तुलन पत्र तथा उस तिथि को समाप्त अवधि हेतु लाभ एवं हानि लेखा तथा उस पर निदेशक मंडल और लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट्स का अनुमोदन। | 4899400 | शून्य | 4899400 | 4889400 | 99.8% | 10000 | 0.20% |
| 2. | श्री मनोज गुप्ता की निदेशक के रूप में नियुक्ति, जो चक्रानुक्रम में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। | 4899400 | शून्य | 4899400 | 4836900 | 98.73% | 62500 | 1.27% |
| 3. | श्रीमती चमेली देवी की निदेशक के रूप में नियुक्ति, जो चक्रानुक्रम में सेवानिवृत्त होने वाली हैं। | 4899400 | शून्य | 4899400 | 4836900 | 98.73% | 62500 | 1.27% |
| 4. | मैसर्स केपीएमसी ऐंड एसोसिएट्स, चार्टर्ड अकाउन्टैंट्स की, कम्पनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों के रूप में, पुनर्–नियुक्ति | 4899400 | शून्य | 4899400 | 4836900 | 98.73% | 62500 | 1.27% |
| 5. | श्री राकेश शर्मा का, कम्पनी के निदेशक के रूप में, नियमितीकरण | 4899400 | शून्य | 4899400 | 4836900 | 98.73% | 62500 | 1.27% |

तदनुसार, उपरोक्त प्रस्ताव कम्पनी के शेयरधारकों द्वारा आवश्यक बहुमत से पारित किए गए हैं।

कृते एवं हिते एसवीपी हाउसिंग लिमिटेड

हस्ता./–

(विजय कुमार)

प्रबंध निदेशक

डीआईएन : 00369802

तिथि : 30–09–2022

स्थान : नई दिल्ली



Application Forms are available for Management Seats in D.El.Ed. & DPSE Course for Session 2022-2024

At the Institute reception for eligible candidates as per SCERT norms from 03rd October 2022 to 17th October 2022 from 9:00 am to 3:00 pm on working days and can be deposited upto 17th October 2022 till 4:00 pm.

JAIN BHARTI INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION

E-Block, Sector-16, Rohini, Delhi-110085

Application Forms are available for Management Seats in D.El.Ed. Course for Session 2022-2024

At the Institute reception for eligible candidates as per SCERT norms from 03rd October 2022 to 17th October 2022 from 9:00 am to 3:00 pm on working days and can be deposited upto 17th October 2022 till 4:00 pm.

SAINATH COLLEGE OF EDUCATION

Plot No. 215, Mungeshpur, Delhi-110039

Phone : 9811755289

Application Forms are available for Management Seats in D.El.Ed. Course for Session 2022-2024

At the Institute reception for eligible candidates as per SCERT norms from 03rd October 2022 to 17th October 2022 from 9:00 am to 3:00 pm on working days and can be deposited upto 17th October 2022 till 4:00 pm.

OJAS COLLEGE OF EDUCATION

Plot No. 213, Outer Firni Road,Mungeshpur Delhi-110039 Ph:9811755679



शुद्धिपत्र

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग,दिल्ली–110005

ऋण खाता संख्या एलबीडीईएल00001801026, कर्जदार/सह–कर्जदार का नाम संजय कपूर/एयरवॉइस एवियेशन्स प्रा. लि./अनामिका कपूर के संबंध में कब्जा सूचना दिनांकित 23 सितम्बर, 2022 समाचार पत्र दि पायनियर (अंग्रेजी) तथा दि पायनियर (हिन्दी) में 29 सितम्बर, 2022 को प्रकाशित की गई थी। हम यह वर्णित करने के इच्छुक हैं कि असावधानीवश और बिना कोई इरादा के, उक्त प्रकाशन में एक टंकण त्रुटि हो गई है तथा ऋण खाता संख्या एलबीडीईएल00001801026 के स्थान पर एलबीडीईएल00002098845 वर्णित की गई है। हम अतएव, आपसे उसको एलबीडीईएल00001801026 के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं। उक्त प्रकाशन दिनांकित मे वर्णित सभी अन्य विवरण वही रहेगा। हम आपको इस संबंध में हुई असुविधा के लिए हार्दिक खेद व्यक्त करते हैं।

दिनांकित : 04–10–2022

स्थान : दिल्ली/एनसीआर

हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



PUBLIC NOTICE

This is informed to the general public that We M/s Gupta Brothers through Authorized Representative having office at 303-304, Ashok Bhawan, Nehru place, New Delhi-19 have withdrawn our maintenance services with respect to building known as "Gupta Tower" situated at B-1/1, Naniwala Bagh Azadpur, Delhi w.e.f 1.7.2022 due to prolong over dues. We have already intimated about this to the Gupta Tower Welfare Association concerned. We have no objection If any person, Agency or company is appointed by the Gupta Tower Welfare Association concerned who would undertake the maintenance of the building known as "Gupta Tower" situated at B-1/1, Naniwala Bagh, Azadpur, Delhi in future.

(Gupta Brothers)
Through
Authorized Representative



भौतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर– 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कंचन कुमारी/ रघुनाथ शर्मा/ LBDEL00002866980 | एलआईजी फ्लैट नंबर–276, तीसरी मंज़िल, ब्लॉक–बी2, पॉकेट–सी, नरेला, दिल्ली/ सितंबर 30, 2022 | जनवरी 19, 2021 रु. 12,93,262/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : अक्टूबर 04, 2022

स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी

आईसीआईसीआई बैंक लि.


# वीडियो कॉल से अश्लील वीडियो बनाकर व्यापारी से लाखों ठगे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के थाना सेक्टर 113 के थाना प्रभारी शरद कांत ने बताया कि सेक्टर.78 स्थित महागुन मजारिया निवासी एक व्यक्ति सेक्टर.10 में ऑटोमोबाइल एससेरीज की शॉप चलाते हैं।

बीते 29 सितंबर को वह शॉप से देर शाम घर आए थे। इस दौरान वह काफी थके होने के कारण सो गए। रात करीब 11 बजे उन्हें व्हाट्सएप पर अज्ञात नंबर से वीडियो कॉल आया। कॉल उठाते ही स्क्रीन पर एक नग्न लडकी का वीडियो चल रहा था। कॉल थोड़ी ही देर में कट गई। इसके बाद आरोपी ने उनके नंबर पर वह वीडियो भेजी और मैसेज कर वीडियो को वायरल करने की धमकी दी गई। कहा कि यदि उनके खाते में पैसे नहीं भेजे तो उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देंगे। आरोपियों ने धमकी देकर उससे कई बार में कुल दो लाख 33 हजार रुपये वसूल लिये। इसके बाद आरोपी उससे और रुपये की मांग करने लगे। काफी परेशान होने पर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की।

# मुआवजे का वितरण नहीं होने के विरोध में किसानों की पंचायत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के रीलखा गांव में सोमवार को किसान एकता संघ के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के किसानों के साथ एक बैठक की। जिसमें आगामी 6 अक्टूबर को यमुना प्राधिकरण पर धरना प्रदर्शन करने की रूपरेखा तैयार की गई। किसानों का आरोप है कि प्राधिकरण के अधिकारियों ने किसानों के साथ वादाखिलाफी की है। जिसको लेकर किसानों में रोष है।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान ने कहा कि पिछले कई वर्षों से क्षेत्र के किसान 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजे समेत अपनी कई मांगों को लेकर आंदोलन करते आ रहे हैं। 19 सितंबर को उनके संगठन ने भी प्राधिकरण पर प्रदर्शन किया था। उस दौरान अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि 1 अक्टूबर से सभी किसानों को मुआवजा मिलेगा। आरोप है कि 1 अक्टूबर बीत जाने के बाद में किसानों को मुआवजा नहीं मिला है। जिसके विरोध में किसानों ने प्राधिकरण पर आंदोलन करने को कहा है। साथ ही अधिकारियों की वादाखिलाफी को लेकर क्षेत्र के किसानों में रोष है। जिसको लेकर रविवार को मीटिंग की गई है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए ये जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रव्यवहार ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# गांधी जयंती पर नहीं पहुंचे सीएम, एलजी ने जताई आपत्ति

## विनय सक्सेना ने मुख्यमंत्री केजरीवाल को पत्र लिख प्रोटोकॉल याद दिलाया, भविष्य में इस तरह अनदेखी नहीं करने की दी सलाह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके मंत्री दो अक्टूबर को महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर राजघाट और विजय घाट पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए थे। उपराज्यपाल ने इस पर आपत्ति जताई है और दोनों महान विभूतियों के प्रति असम्मान प्रकट करने का आरोप लगाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर भविष्य में इस तरह की उपेक्षा से बचने की सलाह दी है।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दो पन्ने का पत्र लिखकर कहा है कि दो महापुरुषों की जयंती और उनकी समाधि पर वहां देश के शीर्ष पदों पर बैठे तमाम गणमान्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू,



उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश में दूसरे देशों के दूतावास के प्रतिनिधि तक श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए वहां मौजूद थे।

एलजी ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री होने के नाते आपको वहां होना चाहिए था लेकिन आप गायब थे। यह बेहद निराशाजनक है। उन्होंने इसे प्रोटोकॉल का उल्लंघन बताया है, क्योंकि विजय घाट जो पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का समाधि स्थल है यहां पर आयोजित कार्यक्रम की मेजबानी दिल्ली सरकार ही करती है। इस लिहाज से भी मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों को मौजूद होना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं हुआ। एलजी ने पत्र में कहा है कि उन्हें इस बात का भी दुख है कि इस तरह के आयोजन से दूर रहने की पूर्व सूचना उन्होंने पहले नहीं दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री का गायब रहना, यह महात्मा गांधी का लाल बहादुर शास्त्री का और देश की परंपराओं का अपमान है। एलजी ने रेखांकित किया कि उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी दिखाने भर को कुछ मिनटों के लिए कार्यक्रम में मौजूद रहे। ।

सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दो अक्टूबर को गुजरात दौरे पर थे। वहां वे अपने पहले से तय चुनावी कार्यक्रम में व्यस्त रहे। गुजरात से ही उन्होंने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर ट्वीट के जरिए श्रद्धांजलि दी लेकिन दिल्ली में इन दोनों महापुरुषों की समाधि स्थल पर नहीं होने से अब एक बड़ा मुद्दा बन गया है।

इस दौरान महात्मा गांधी की 153वीं और लाल बहादुर शास्त्री की 118वीं जयंती के अवसर पर विधानसभा परिसर में उनको पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री राजेन्द्र पाल गौतम के अलावा कई अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री दोनों का जीवन हमारे लिए अनुकरणीय है।

## केजरीवाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का किया अपमानः भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि महात्मा गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री की जन्म जयंती पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी सरकार के किसी भी मंत्री का राजघाट नहीं पहुंचना दोनों महापुरुषों समेत देश की परम्पराओं का अपमान करना है।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना द्वारा केजरीवाल सरकार को पत्र लिखकर इस पर जवाब मांगा है कि आखिर क्या मजबूरी है कि केजरीवाल या उनका कोई भी मंत्री इस मौके पर नहीं पहुंचा। उपराज्यपाल ने पत्र में लिखा कि प्रथम दृष्टया यह मामला जानबूझकर प्रोटोकॉल तोड़ने का मालूम पड़ता है।

पत्र में यह भी लिखा है कि इस तरीके के कार्यक्रमों का आयोजन दिल्ली सरकार की तरफ से किया जाता है और जो निमंत्रण पत्र भेजा जाता है, वह भी मुख्यमंत्री के नाम से जाता है।

आदेश गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल ने सोची समझी साजिश के तहत ना खुद महात्मा गांधी के समाधि स्थल पर गए और ना ही अपने मंत्रियों को जाने की इजाजत दी। इसके लिए उन्हें देश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### सरकारी स्कूलों के प्राचार्य व शिक्षक जाएंगे कैंब्रिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के करीब 30 विद्यालयों के प्राचार्य और शिक्षा विभाग के अधिकारी 10 अक्टूबर से नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए इंग्लैंड के कैंब्रिज विश्वविद्यालय जाएंगे। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। दिल्ली सरकार की पहल के तहत आठ दिन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम दिल्ली सरकार के विद्यालयों के 30 प्राचार्यों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के लिए आयोजित किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि कैंब्रिज की अपनी यात्रा के दौरान, प्राचार्य और अधिकारी जमीनी स्तर पर नीतियों के क्रियान्वन को समझने के मकसद से तीन विद्यालयों – फुलब्रिज एकेडमी, विचफोर्ड विलेज कॉलेज और चेस्टरटन कम्युनिटी कॉलेज का भी दौरा करेंगे।

### टाटा पावर–डीडीएल ने आयोजित किया टीओपीएस

**नई दिल्ली।** टाटा पावर–डीडीएल ने इंडियन सोसायटी फॉर क्वालिटी एनसीआर चैप्टर के साथ मिलकर अपना पहला टीम ओरियेंटेड प्रॉब्लम सॉल्विंग कन्वेंशन आयोजित किया। इस पहल का मकसद टीम भावना तथा समस्या समाधान की दिशा में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने को बढ़ावा देना था। इस समारोह में कुल 48 टीमों के 160 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिनका मूल्यांकन एक अनुभवी तथा विविध जूरी पैनल द्वारा किया गया। इस कन्वेंशन में, टाटा स्टील, इंडस टावर्स, बॉश, टाटा मोटर्स, एसआरएफ लिमिटेड, डॉ रेड्डीज लैबोरेट्रीज, अशोक लेलैंड, एचडीएफसी लाइफ, हीरो मोटोकॉर्प, एमजी मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड समेत टाटा पावर–डीडीएल की सात टीमों ने हिस्सा लिया।

### मुक्त शिक्षा विद्यालय में छह रोजगारपरक कोर्स

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय ने रोजगारपरक कार्यक्रम प्रदान करने के लक्ष्य के साथ मुक्त शिक्षा विद्यालय (एसओएल) में व्यावसायिक प्रशासन स्नातकोत्तर (एमबीए) समेत छह नए पाठ्यक्रमों की सोमवार को शुरुआत की। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति योगेश सिंह ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 28 साल बाद एसओएल पाठ्यचर्या में नए पाठ्यक्रम जोड़े गए हैं। ये नए पाठ्यक्रम रोजगारपरक तथा व्यावसायिक पाठ्यचर्या आधारित हैं। एसओएल में हम छह नए पाठ्यक्रम शुरू कर रहे हैं।

### हैप्पीनेस पाठ्यक्रम के तहत मनाएंगे छात्रों का जन्मदिन

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के विद्यालयों के विद्यार्थियों का जन्मदिन अब हैप्पीनेस पाठ्यक्रम के तहत मनाया जाएगा। शिक्षा निदेशालय ने इस आशय का एक परिपत्र जारी किया है। विद्यालयों के अंदर आभार, प्रेरणा एवं सकारात्मक चिंतन को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली सरकार के विद्यालयों के विद्यार्थियों के जन्मदिन को मनाने के नए तौर तरीके का पालन किया जाएगा।

निदेशालय ने कहा कि जिन विद्यार्थियों का जन्मदिन रविवार या छुट्टी के दिन होगा, उनका जन्मदिन अगले कार्यदिवस को मनाया जाएगा। अवकाश में जिन विद्यार्थियों का जन्मदिन होगा, उन सभी का जन्मदिन विद्यालय खुलने के पहले दिन मनाया जाएगा।

## आप कूड़े से बने रावण के पुतले जलाएगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में साफ–सफाई के रख–रखाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विफलता के विरोध में आम आदमी पार्टी (आप) मंगलवार को यहां लगभग 3,500 स्थानों पर कूड़े से बने रावण के पुतले जलाएगी।

संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आप के विधायक दुर्गेश पाठक ने कहा कि आप के नेता और समर्थक अलग अलग स्थानों पर पुतले जलाने के बाद विरोध प्रदर्शन करेंगे और दिल्ली नगर निगम चुनाव जल्द से जल्द कराने की मांग करेंगे। जब कहा गया कि खुले में कूड़ा जलाना गैरकानूनी है और इस तरह के प्रदर्शन से वायु प्रदूषण बढ़ेगा, तो पाठक ने कहा कि यह केवल एक प्रतीकात्मक कार्रवाई होगी।



**नई दिल्ली में सोमवार को महाष्टमी के अवसर पर कालीबाड़ी स्थित मां दुर्गा के पंडाल में वाद्य बजाते कलाकार।** फोटो : रंजन डिमरी

## केजरीवाल ने जेल में बंद सत्येंद्र जैन को दी जन्मदिन की बधाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- **मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर कहा कि सच्चाई की डगर आसान नहीं होती**

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जेल में बंद मंत्री सत्येंद्र जैन को जन्मदिन की बधाई दी। साथ ही कहा कि सच्चाई की डगर आसान नहीं होती। धन शोधन मामले में जैन पिछले चार चार महीने जेल में बंद हैं।

प्रवर्तन निदेशालय ने भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनयम के तहत वर्ष 2017 में आम आदमी पार्टी के नेता के खिलाफ दर्ज केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की एक प्राथमिकी के आधार पर जैन एवं अन्य दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को ट्वीट कर कहा कि सोमवार को सत्येंद्र जैन का है।

गत चार महीने से फर्जी केस में जेल में है। उन्होंने दिल्ली वालों को मोहल्ली क्लिनिक, 24 घंटे मुफ्त बिजली दी है। साथ ही सबके लिए अच्छे और फ्री इलाज की भी व्यवस्था की है। भाजपा नेता जनहित के ये सब काम रोकना चाहते हैं।

## रोहिणी आश्रम मामले में कोर्ट ने मांगी किरण बेदी से मदद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने स्वयंभू आध्यात्मिक गुरु वीरेंद्र देव दीक्षित द्वारा रोहिणी में स्थापित एक आश्रम में रहने वाली महिलाओं के कल्याण से संबंधित मामले में भारतीय पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त अधिकारी किरण बेदी की सहायता मांगी है।

उच्च न्यायालय ने इससे पहले रोहिणी स्थित आध्यात्मिक विद्यालय के कामकाज की निगरानी के लिए बेदी की देखरेख में एक कमेटी का गठन किया था। उसने निर्देश दिया कि पुडुचेरी की पूर्व एलजी बेदी को मामले को सात अक्टूबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किए जाने की जानकारी दी जाए।

हाल ही में पारित आदेश में मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने कहा कि किरण बेदी से सुनवाई की अगली तारीख पर मामले में इस अदालत की सहायता करने का आग्रह किया जाता है। वर्ष 2017 में एनजीओ फाउंडेशन ऑफ सोशल एम्पॉवरमेंट ने यह आरोप लगाते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया था।

## हवलदार की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली हिंसा में हवलदार रतन लाल की हत्या के आरोपी वसीम को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने हिंसा के दो साल बाद उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया है। इस हत्याकांड के मामले में अदालत ने वसीम को भगोड़ा घोषित कर दिया था।

24 फरवरी 2020 की सुबह चांद बाग में मुख्य रोड पर 100 से अधिक महिलाएं सीएए के विरोध में सड़क जाम कर धरने पर बैठ गई थीं। उन्हें हटाने के लिए पुलिस उपायुक्त दोपहर करीब एक बजे वहां पहुंचे थे। तभी सैकड़ों उपद्रवियों ने डीसीपी और उनके साथ आए पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला किया था।

## तदर्थ शिक्षकों की बहाली को लेकर डूटा की हड़ताल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- **कॉलेजों में कार्यरत एडहॉक शिक्षकों को निकालने का विरोध**

दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने हटाए गए तदर्थ शिक्षकों को फिर से बहाल करने मांग को लेकर सोमवार को हड़ताल की। हड़ताल का आह्वान दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने किया था। डूटा के कार्यकारी सदस्य ने कहा कि देशबंधु, रामजस और लक्ष्मीबाई महाविद्यालयों के साथ–साथ वाणिज्य एवं मनोविज्ञान विभाग के तदर्थ शिक्षकों को हटाने की चर्चा के बीच हड़ताल का आयोजन किया।

दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ अजय कुमार भागी ने बताया कि डूटा ने 30 सितंबर को हुई अपनी कार्यकारिणी की बैठक में



लिए निर्णय के अनुसार विश्वविद्यालय में हड़ताल का आह्वान किया था। डूटा साक्षात्कार के माध्यम से कॉलेजों में कार्यरत तर्दथ शिक्षकों को निकालने का पुरजोर विरोध करती है। वर्षों से पढ़ा रहे तर्दथ शिक्षकों ने निरंतर अपनी योग्यता को सिद्ध किया है। एडहॉक शिक्षकों का विस्थापन डूटा में पारित प्रस्ताव का उल्लंघन भी है। डूटा समायोजन की मांग को लेकर प्रतिबद्ध है, और वह समायोजन की मांग को लेकर संघर्ष जारी रखेगा।

डूटा सचिव डॉ सुरेंद्र सिंह ने कहा कि हटाए गए शिक्षकों को स्थाई होने तक कॉलेजों से नहीं निकाला जाना चाहिए। इन शिक्षकों के अनुभव को ध्यान में रखते हुए अन्य कॉलेजों में प्राथमिकता दी जानी चाहिए। अन्य विभिन्न मुद्दों को लेकर आगामी 11 को डूटा संवाददाता सम्मेलन में करेगा।

13 को ईडब्ल्यूएस आरक्षण से बढ़ी 25 प्रतिशत शिक्षक सीटों को जारी करने, ईडब्ल्यूएस आरक्षण पूर्व प्रभावी रूप से लागू नहीं करने की मांग को लेकर यूजीसी अधिकारियों से प्रतिनिधिमंडल मुलाकात करेगा।

## जगह-जगह कचरे के ढेर भाजपा और आप आरोप-प्रत्यारोप में लिप्त : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ अनिल कुमार ने कहा कि त्योहारों का मौसम चल रहा है और यह हैरानी की बात है कि दिल्ली में जगह–जगह कचरे के ढेर लगे हुए है खासकर जब नवरात्रि का त्यौहार चल रहा है।

अनिल कुमार ने कहा कि यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि ताजा राष्ट्रीय स्वच्छता रैंकिंग में दिल्ली गिर गई है क्योंकि न तो भाजपा और न ही आप आदमी पार्टी को साफ–सफाई की कोई परवाह है। कचरों और जल जमाव से मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से संक्रमण का खतरा बढ़ गया है।

## सीयूईटी में पीजी-पीएचडी में दाखिले को लेकर असमंजस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- **दिल्ली सरकार की मुफ्त कोचिंग योजना से बड़े संस्थानों में पढ़ने का सपना होगा साकार**

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने सोमवार को कुलपति शांतिश्री पंडित से एक आपात बैठक बुलाने की मांग की, ताकि सीयूईटी की कवायद के कारण परास्नातक (पीजी) और पीएचडी पाठ्यक्रम में दाखिले को लेकर बनी अनिश्चितता की स्थिति पर चर्चा की जा सके।

जेएनयूटीए के अनुसार यह संकट विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित विश्वविद्यालईन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) में शामिल होने और एनटीए के पीएचडी में दाखिले के लिए परीक्षा आयोजित करने की प्रतिबद्धता से पीछे हटने के कारण उपजा। सीयूईटी–पीजी का परिणाम एनटीए द्वारा पिछले हफ्ते जारी किया गया, लेकिन जेएनयू ने परास्नातक पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए अभी कोई अधिसूचना जारी नहीं की है।

परास्नातक में प्रवेश से जुड़ी अंतिम अधिसूचना गत 20 मई को जारी की गई थी, जिसमें कहा गया था कि जेएनयू–पीजी में दाखिले



सीयूईटी–पीजी 2022 के जरिए होंगे। पीएचडी में प्रवेश को लेकर जेएनयू की तरफ से हाल ही में शैक्षणिक सत्र 2022–23 के लिए प्रॉस्पेक्टस जारी किया गया है, जिसके मुताबिक दाखिले मेरिट के आधार पर होंगे। पीएचडी में दाखिले के इच्छुक अभ्यर्थियों को कम्प्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) में शामिल होना होगा। जेएनयूटीए ने पाया कि पीएचडी में दाखिले के संबंध में प्रवेश परीक्षा कराने के संबंध में कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है।

जेएनयूटीए जेएनयू के कुलपति और प्रशासन से जल्द से जल्द अकादमिक परिषद की आपातकालीन बैठक आयोजित करने का आग्रह करता है, क्योंकि उसका मानना है कि यह मुद्दों (प्रवेश से संबंधित) को हल करने के लिए एकमात्र संस्थागत प्रक्रिया है।

जेएनयूटीए ने कहा कि पीएचडी में आरक्षण कोटा पूरा करने में अस्वीकार्य कमी आई है। अकादमिक परिषद को इन दोनों मुद्दों पर नए सिरे से विचार करके मौखिक परीक्षा लेने के लिए नया दिशानिर्देश तैयार करना चाहिए।

## ब्लैकमेल कर रुपये ऐंठने के आरोप में एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के एक निवासी को ब्लैकमेल कर पैसे ऐंठने के आरोप में पुलिस ने राजस्थान के एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक पर सोशल मीडिया पर अश्लील वीडियो अपलोड करने की धमकी देकर दिल्ली के निवासी से रंगदारी वसूलने का आरोप है।

राजस्थान में भरतपुर जिले के रहने वाले आरोपी गोविंद राम से अपराध में इस्तेमाल किए गए तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, अप्रैल में एक व्यक्ति ने शिकायत की थी कि उसे एक महिला का व्हाट्सएप मैसेज आया था और दोनों ने वीडियो कॉल पर बात करने के कुछ दिनों बाद, एक वीडियो भेजकर ब्लैकमेल करने लगी।

## इंजीनियर-डॉक्टर बनेंगे 1303 गरीब छात्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- **दिल्ली सरकार की मुफ्त कोचिंग योजना से बड़े संस्थानों में पढ़ने का सपना होगा साकार**

दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने सोमवार को कहा कि दिल्ली सरकार की योजना के तहत इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षा की मुफ्त में कोचिंग हासिल कर रहे चार हजार छात्रों में से लगभग 1300 (30 फीसदी) गरीब छात्र–छात्राओं का भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) समेत कई प्रतिष्ठित संस्थानों में दाखिला हुआ।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए गौतम ने कहा कि पिछले बैच में जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना के तहत करीब 13 हजार विद्यार्थियों ने नामांकन कराया था, जिनमें से चार हजार विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षा की मुफ्त कोचिंग दी गई। उन्होंने कहा कि आईआईटी, एनआईआईटी, दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, आईपी विश्वविद्यालय और अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में 1303 लाभार्थियों का दाखिला हुआ।

दिल्ली सरकार ऐसे विद्यार्थियों के लिए मुफ्त कोचिंग योजना पर अधिकतम 1.4 लाख रुपए खर्च करती है। इसके अलावा हर विद्यार्थी को अन्य खर्चों के मद में 2500 रुपए का भत्ता भी दिया जाता है।

वर्ष 2019 में शुरू की गई इस योजना में पहले केवल अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को शामिल किया जाता था, लेकिन दिल्ली सरकार ने अब उन सभी विद्यार्थियों को इसमें शामिल कर लिया है, जिन्होंने 10वीं और 12वीं की परीक्षा दिल्ली से उत्तीर्ण की हो और उनके परिवार की आय आठ लाख रुपए से कम हो।

विद्यार्थी संघ लोक सेवा आयोग, दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड, कर्मचारी चयन आयोग, रेलवे भर्ती बोर्ड, बैंक और बीमा कंपनी की परीक्षा के लिए भी इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

## मानसून के विदा होने के बाद राजधानी में फिर बढ़ने लगा प्रदूषण

### पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने संभावित समस्या से निपटने के लिए विंटर एक्शन प्लान के तहत ग्रीन वार रूम का किया शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- **राष्ट्रीय राजधानी में विंटर एक्शन प्लान की निगरानी के लिए बनाई गई 12 सदस्यीय टीम : गोपाल राय**

बारिश थमने और मानसून के विदा होने के साथ ही दिल्ली के साथ–साथ एनसीआर के शहरों में भी वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ने लगा है। दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक 100 के पार पहुंच गया है। इसके साथ फरिदाबाद में 112, गाजियाबाद 134, ग्रेटर नोएडा 138 और नोएडा में एक्यूआई 130 दर्ज किया गया है।

इस बीच मौसम में बदलाव के बीच उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब में पराली जलाए जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। शुक्रवार से सोमवार तक चार दिनों में ही उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब में पराली जलाए जाने के दो सौ से अधिक



मामले सामने आए हैं। इसमें पंजाब पहले, उत्तर प्रदेश दूसरे और हरियाणा तीसरे स्थान पर है। इस बीच राजधानी की खराब होती आबोहवा को देखते हुए दिल्ली सरकार सक्रिय हो गई है। सोमवार को पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली सचिवालय में प्रदूषण के खिलाफ विंटर एक्शन प्लान के बेहतर क्रियान्वयन के लिए ग्रीन वार रूम शुरू किया। ग्रीन वार रूम में निगरानी के लिए 12 सदस्यीय टीम को लगाया गया है। दिल्ली में 6 अक्टूबर से एंटी डस्ट अभियान शुरू किया जाएगा।

इस मौके पर गोपाल राय ने बताया कि ग्रीन वार रूम में 12 सदस्यीय टीम का नेतृत्व एनवायरमेंट इंजीनियर बीएमएस रेड्डी करेंगे। साथ ही साथ ग्रीन वार रूम में प्रदूषण से संबंधित कारकों को बेहतर रूप में विश्लेषण करने के लिए वैज्ञानिक डॉ. नंदिता मित्रा को लगाया गया है। यह टीम प्राथमिक प्रदूषकों के स्तर, प्रदूषण पर अंकुश लगाने के उपायों और ग्रीन दिल्ली ऐप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की स्थिति की निगरानी करेगी। राय ने बताया कि प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए कई एजेंसियां काम कर रही हैं। उनके समन्वय के लिए ग्रीन वार रूम स्थापित किया है। ग्रीन वार रूम में पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने एवं खुले में कचरा चलाने से संबंधित सेटलाइट डेटा का भी विश्लेषण किया जाएगा। इस वार रूम के मेम्बर, ग्रीन दिल्ली ऐप पर जितनी शिकायतें आएंगी, उसे संबंधित 30 विभागों तक पहुँचाने तथा उसे मॉनिटर करने का काम करेंगे।

ग्रीन दिल्ली ऐप पर सबसे अधिक शिकायतें एमसीडी की

ग्रीन दिल्ली ऐप पर अभी तक 54,156 शिकायतें आई हैं। जिसमें से 90 प्रतिशत शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है। ग्रीन दिल्ली ऐप पर सबसे ज्यादा शिकायतें एमसीडी की 32,573 आई हैं। उसके बाद पीडब्लूडी की 9118 और डीडीए की 3333 आई हैं।

उन्होंने दिल्ली के लोगों से अपील है कि ग्रीन दिल्ली ऐप को अपने मोबाईल फोन पर डाउनलोड कर लें। कहीं भी निर्माण कार्य चल रहा है और नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है तो उसकी शिकायत ऐप पर करें। अगर आप आंख कान बनेंगे तो आपस में मिलकर प्रदूषण को खत्म कर सकते हैं।

पर्यावरण मंत्री ने कहा कि दिल्ली में ग्रेप सिस्टम 1 अक्टूबर से लागू हो चुका है। विंटर एक्शन प्लान के तहत विभागों ने अपना काम शुरू कर दिया है।

## सितंबर में तेजी से बढ़ा डेंगू 693 से ज्यादा मरीज मिले

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- **एक सप्ताह में आए 400 मरीज, पूरे साल में अब तक कुल मामलों की संख्या 937 पहुंची**

राजधानी में पिछले महीने डेंगू के मामले तेजी से बढ़े हैं। सितंबर के आखिरी हफ्ते में 400 से ज्यादा मामलों की पुष्टि हुई है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की ओर से सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले महीने 28 सितंबर तक डेंगू के 693 मामले मिले।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल 21 सितंबर तक मच्छर के काटने से होने वाली बीमारी के 525 मामलों की पुष्टि हुई थी जबकि इसके अगले हफ्ते में 412 मामले दर्ज हुए थे। रिपोर्ट के अनुसार, इस साल अब तक डेंगू के 937 मामलों की पुष्टि हो चुकी है। इस साल अब तक डेंगू के कारण किसी भी शख्स की मौत रिपोर्ट नहीं हुई है। साल 2015 में दिल्ली में डेंगू का भयंकर प्रकोप देखने को मिला था जब सिर्फ अक्टूबर में ही 10,600 से ज्यादा मामले मिले थे। यह 1996 के बाद दिल्ली में डेंगू का सबसे भयंकर प्रकोप था। इस साल 28 सितंबर तक राष्ट्रीय राजधानी में मलेरिया के 125 और चिकुनगुनिया के 23 मामलों की पुष्टि हुई है।

# गुरुग्राम में पुरानी इमारत के मलबे में दबकर दो मजदूरों की मौत

## गिरी इमारत से दो मजदूरों को सकुशल बाहर निकाला गया

## इमारत का एक हिस्सा भरभरा कर आ गिरा था श्रमिकों पर

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम के उद्योग विहार में गिराई जा रही इमारत में दबे श्रमिकों को निकालते बचाव दल के सदस्य।



गुरुग्राम के उद्योग विहार में गिराई जा रही इमारत में दबे श्रमिक को निकाला गया।



गुरुग्राम के उद्योग विहार में इमारत में दबे श्रमिकों को निकालते बचाव दल के सदस्य।

**मिलेनियम** सिटी गुरुग्राम में सोमवार की सुबह एक इमारत के मलबे में दबने से दो मजदूरों की मौत हो गई। कड़ी मशक्कत के बाद राहत एवं बचाव कार्य में जुटे सदस्यों ने दबे हुए मजदूरों को बाहर निकाला। तीन मजदूरों के यहां दबे होने की सूचना मिली।

दो मजदूरों को तो घायलावस्था में जीवित निकाली लिया गया, लेकिन दो मजदूरों की मौत हो चुकी थी। सोमवार की सुबह उन मजदूरों के लिए संकट लेकर आई, जो यहां उद्योग विहार क्षेत्र में एक पुरानी इमारत को गिराने का काम कर रहे थे। इसी दौरान इमारत का एक हिस्सा भर-भराकर गिर गया, इसमें मजदूर दब गए। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। फायर बिग्रेड समेत अन्य राहत एवं बचाव दल मौके पर पहुंचे और मजदूरों को निकालने का काम शुरू किया। सूचना पाकर भोंडसी पुलिस प्रशिक्षण केंद्र स्थित राज्य आपदा बचाव प्रबंधन, फायर ब्रिगेड के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और बचाव का काम शुरू किया।

पूरी सावधानी के साथ धीरे-धीरे मलबा हटाने का काम शुरू किया गया। कटर से सरिये काटे गए और ड्रील मशीन से मलबा तोड़ा गया। बचाव दल ने दो मजदूरों को तो मशक्कत के बाद जिवित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन दो मजदूरों को बचाया नहीं जा सका। उनकी मौत हो चुकी थी।

निकाले गए मजदूर को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फायर ब्रिगेड के अधिकारी ललित कुमार के मुताबिक मलबे में दबे सभी मजदूरों को सुरक्षित निकालने के प्रयास किए गए। दो मजदूरों पर अधिक मलबा गिर गया था, इस कारण से उन्हें गंभीर चोटें आई और उनका मौत हो गई। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि उद्योग विहार फेज-1 में सोमवार को अल सुबह हुए हादसे में जिला प्रशासन ने मुस्तैदी से काम करते हुए दबे चार श्रमिकों में से दो को जीवित निकाल लिया। गंभीर रूप से घायल दो अन्य श्रमिकों को नजदीकी अस्पताल में भेजा गया जहां पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया है।

उन्होंने उद्योग विहार में हुए हादसे की जांच के लिए पांच सदस्यीय कमेटी गठित करने के लिए एसडीएम रविंद्र यादव को आदेश दिए हैं। मरने वाले सभी मजदूर उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे।

# शहर के प्रस्तावित स्वर्ण जयंती पार्क का नाम बदला

## अब ये पार्क पंडित दीन दयाल उपाध्याय के नाम पर बनेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना



नगर परिषद की सामलात देह की जमीन, जहां पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय पार्क का निर्माण होगा।

**शहर** के दमदमा मार्ग पर बनने वाले स्वर्ण जयंती पार्क का नाम निर्माण से पहले ही बदल गया। अब यह पार्क पंडित दीन दयाल उपाध्याय के नाम पर बनाया जाएगा। जिसके निर्माण पर प्रदेश सरकार ने पांच करोड़ रुपये की राशि को मंजूरी प्रदान कर दी है। जल्द ही पार्क बनाने की कार्रवाई शुरु की जाएगी।

सोहना से दमदमा जाने वाले मार्ग पर नगर परिषद की लगती सामलात देह की करीब डेढ़ एकड़ जमीन पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय के नाम पर पार्क बनेगा। जिसके लिए नगर परिषद सलाहकार नियुक्त करने के साथ ही नक्शा तैयार किया जाएगा। पार्क में भ्रमण के लिए आने वाले नागरिकों को व्यायाम कक्ष समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जिससे पार्क में भ्रमण करने के दौरान युवाओं को शिक्षा से संबंधित ज्ञान के लिए पुस्तकालय की सुविधा होगी। आम नागरिक पुस्तकाल में सामाचार पत्र पढ़कर अपने क्षेत्र से लेकर जिला, प्रदेश, देश दुनिया की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इस सबके साथ-साथ शारीरिक मजबूती के लिए बैडमिंटन कोर्ट, जिम, व्यायाम वाले झूले, हरियाली घास के साथ रंगीन फव्वारे आदि की सुविधा दी जाएगी।

### राज्य सरकार ने नाम बदलने के आदेश दिए

**परिषद** द्वारा दमदमा मार्ग के साथ प्रस्तावित पार्क का नाम स्वर्ण जयंती रखा जाना तय किया था। लेकिन प्रदेश सरकार ने पार्क का नाम पंडित दीन दयाल उपाध्याय रखे जाने के आदेश जारी कर दिए हैं।

“**पार्क** का निर्माण की राज्य सरकार के आदेश पर किया जाएगा। जिसका शिलान्यास की तिथि तय करने की मांग की गई है।

**प्रवीण राघव**
**(एक्सइएन नप)**

## मेदांता में भर्ती मुलायम सिंह की हालत में सुधार नहीं

**गुरुग्राम।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के पूर्व सुप्रीमो की हालत में कोई सुधार नजर नहीं आ रहा। रातभर उन्हें डायलिसिस दी गई, लेकिन उनकी हालत गंभीर होती चली गई। सोमवार सुबह उनकी पोती अदिति यादव ने ट्वीटर पर उनकी उपचाराधीन होने की तस्वीर जारी की। साथ ही लिखा कि-दादा जी के अच्छे स्वास्थ्य की ईश्वर से मंगल कामना करें।

गुरुग्राम के मेदांता मेडिसिटी में लंबे समय से उपचार ले रहे यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव पिछले कई दिनों से यहां भर्ती भी हैं। रविवार को अचानक उनकी तबियत काफी खराब हो गई थी, जिस कारण उन्हें तुरंत आईसीयू में शिफ़्ट करना पड़ा। इसी सूचना उनके बेटे अखिलेश यादव व परिजनों को दी गई। मुलायम सिंह के बेटे एवं यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव अपने चाचा शिवपाल यादव के साथ रविवार को ही गुरुग्राम मेदांता अस्पताल में पहुंच गए। सूत्रों के अनुसार मुलायम सिंह यादव को रातभर डायलिसिस दी गई, लेकिन उनकी हालत में कोई सुधार के लक्षण नजर नहीं आए। हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

# सोहना बार का आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक जारी रहेगा धरना

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना।



सोहना न्यायिक परिसर में अपनी मांग को लेकर हड़ताल पर बैठे बार एसोसिएशन के अधिवक्ता।

**सोहना** की उपमंडलीय अदालत में बार एसोसिएशन लगातार छठे दिन भी मोहित खटाना के हमलावरों की गिरफ्तारी न होने के विरोध में हड़ताल जारी रही। अधिवक्ताओं ने सोमवार को हड़ताल को आरोपियों की गिरफ्तारी न होने तक अनिश्चितकाल तक जारी रखने का ऐलान कर दिया है। पटौदी व गुरुग्राम बार एसोसिएशन ने भी हड़ताल को दिया समर्थन। मालूम रहे कि सोहना न्यायिक अदालत में कार्यरत दो अधिवक्ताओं जयकरण खटाना व पवन खटाना के परिजन मोहित खटाना और अधिवक्ता पंकज खटाना पर 8 दिन पहले भोंडसी मारुति कुंज के नंबरदार चौक पर 3-4 गाड़ियों और 4-5 बाइकों पर सवार होकर आए 20 से 22 युवकों ने जान लेवा हमला किया था। जिसमें भोंडसी पुलिस ने मुख्य आरोपी खेड़ला निवासी विपिन खटाना समेत 11 नामजद और 11-12 अन्य के खिलाफ मामला तो दर्ज कर लिया था। लेकिन पुलिस आज तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। जिसके विरोध में अधिवक्ता जयकरण खटाना और पवन खटाना के साथ कंधा से कंधा मिलकार चल रही बार एसोसिएशन ने सोमवार को छठे दिन भी अपनी हड़ताल को जारी रखा। बार के प्रधान सोमबीर तंवर ने बताया कि उनकी यह हड़ताल आज से निश्चितकाल के लिए चलेगी। जब तक भोंडसी पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करेगी। तब तक बार एसोसिएशन की यह कामकाज ठप हड़ताल जारी रहेगी। अधिवक्ता अदालत में तारीख पर तारीख लेते रहेंगे। किसी भी मामले में न तो बहस की जाएगी और न ही फैसला सुनवाई की कार्रवाई होगी। बार प्रधान ने बताया कि बार एसोसिशन आने वाले समय में आरोपियों की गिरफ्तार न होने पर और भी बड़ा फैसला ले सकती है। जिसकी जिम्मेदार भोंडसी थाना पुलिस होगी।

### अब पड़ोसी राज्यों में भी करेंगे छापेमारी

**पुलिस** की गठित तीन टीमों ने बीते 8 दिनों में आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर घर समेत गुप्त ठिकानों समेत 30 से 35 स्थानों पर छापे मारे हैं। पुलिस टीमें पड़ोसी राज्य दिल्ली, उत्तर प्रदेश व राजस्थान में भी गिरफ्तारी के लिए जाएंगी।

**देवेन्द्र सिंह**
**(थाना प्रभारी भोंडसी)**

# जंगल सफारी: गुरुग्राम का छह हजार एकड़ रकबा होगा

## जंगल सफारी के गुरुग्राम में पूरे रकबे की निशानदेही का काम भी हुआ पूरा

**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम में अरावली श्रृंखला में बनाए गए ट्रैक पर भ्रमण करते लोग, अरावली श्रृंखला में दुनिया की सबसे बड़ी जंगल सफारी होगी स्थापित।

**गुरुग्राम** और नूंह जिला की अरावली पर्वत श्रृंखला में प्रस्तावित जंगल सफारी बनाने में गुरुग्राम जिला का 6 हजार एकड़ रकबा शामिल होगा। कुल 10 हजार एकड़ जमीन पर जंगल सफारी विकसित होगी। गुरुग्राम जिला में 6 हजार रकबे की निशानदेही भी पूरी हो चुकी है।

जंगल सफारी में गुरुग्राम जिला के 10 गांवों का लगभग 6 हजार एकड़ रकबा इस जंगल सफारी के अधीन आएगा। इनमें गांव शिकोहपुर, बार गुर्जर, नोरंगपुर, टीकली, गैरतपुर बास, अकलीमपुर, सकतपुर, घामड़ौज, भौंडसी तथा अलीपुर शामिल हैं। इनमें जो गांव नगर निगम क्षेत्र में पड़ते हैं, वे नगर निगम के सदन में तथा जिन गांवों में ग्राम पंचायत हैं वे ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित करवाएंगे। जंगल सफारी के लिए जमीन 33 साल की अवधि के लिए लीज पर दी जाएगी। निशानदेही किए गए जंगल सफारी के रकबे में यदि कोई स्थाई या अस्थाई अतिक्रमण होगा तो उसे वन विभाग नोटिस देकर हटवाएगा। अरावली का यह क्षेत्र पीएलपीए यानी पंजाब भूमि संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत आती है। हालांकि यहां अरावली का अधिकतर क्षेत्र अतिक्रमण मुक्त ही है।

जिला उपायुक्त ने जंगल सफारी को लेकर अधिकारियों की बैठक भी ली है। बैठक में इस विषय पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने राजस्व अधिकारियों के साथ तहसील अनुसार जंगल सफारी के अधीन आने वाले क्षेत्र का नक्शा भी देखा और बारीकी से उसका अध्ययन किया। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जिला का करीब 6 हजार एकड़ रकबे की निशानदेही पूरी कर ली गई है।

**ये होगा विश्व का सबसे बड़ा जंगल सफारी पार्क** : गुरुग्राम और नूंह जिलों की अरावली पर्वत श्रृंखला में पड़ने वाले लगभग 10 हजार एकड़ क्षेत्र में विश्व का सबसे बड़ा सफारी पार्क होगा।

यह परियोजना दुनिया में इस तरह की सबसे बड़ी परियोजना होगी। वर्तमान में अफ्रीका के बाहर सबसे बड़ा क्यूरेटेड सफारी पार्क शारजाह में है, जो फरवरी 2022 में खोला गया था। जिसका क्षेत्रफल करीब दो हजार एकड़ है। हरियाणा मे प्रस्तावित अरावली पार्क आकार इससे 5 गुना होगा। इसमें एक बड़ा हर्पेटेरियम, एवियरी/बर्ड पार्क, बिग कैट्स के चार जोन, शाकाहारी जानवरों के लिए एक बड़ा क्षेत्र, विदेशी पशु पक्षियों के लिए एक क्षेत्र, एक अंडरवाटर वर्ल्ड, नेचर ट्रेल्स/विजिटर/टूरिज्म जोन, बॉटनिकल गार्डन/बायोमेस, इक्वाटोरियल/ट्रॉपिकल/कोस्टल/डेजर्ट इत्यादि होंगे।

# 9वीं से 12वीं तक बच्चों को मिलेगा मुफ्त शिक्षा का उपहार



रजत जयंती स्थापना दिवस कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व आयोजक।

**गुरुग्राम।** पंजाबी बिरादरी महा संगठन, आर्य समाज सेक्टर-7 एक्सटेंशन और रामानुजम शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आर्य समाज सेक्टर-7 एक्सटेंशन में आयोजित 25वां रजत जयंती स्थापना दिवस मनाया गया।

सर्वप्रथम आर्य समाज के संस्थापक महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व सादगी के प्रतीक महान स्वतंत्रता सेनानी भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को नमन किया गया। इसी आर्य समाज के प्रांगण में सेवा भारती व पंजाबी बिरादरी महा संगठन गुरुग्राम के संयुक्त तत्वावधान में अभावग्रस्त परिवार के बच्चों को शिक्षित करने का रामानुजम शिक्षण संस्थान जिसमें 9वीं से 12वीं तक निःशुल्क कोचिंग सेंटर खोला गया। पंजाबी बिरादरी महासंगठन के प्रधान बोधराज सीकरी, वरिष्ठ उपप्रधान ओम प्रकाश कथूरिया व आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान कन्हैया लाल आर्य, आर्य केंद्रीय सभा के प्रधान अशोक आर्य, आदि मौजूद रहे। बोधराज सीकरी ने कहा कि शिक्षित समाज ही राष्ट्र सेवा में अग्रणी हो सकता है।

# रामलीला में दमदार रहा रावण-सीता संवाद, खाक हुई लंका

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

## श्रीदुर्गा रामलीला के मंच पर प्राकृतिक रुप में नजर आई अशोक वाटिका



गुरुग्राम के जैकबपुरा में रामलीला का मंचन करते कलाकार।

**शबरी** के झूठे बेर खाते हुए की लीला के बाद रविवार को दिखाया कि भगवान राम ने उस वन को भी छोड़ दिया और आगे बढ़ गए। रास्ते में उन्हें ब्राह्मण के भेष में हनुमान जी मिले। जैकमपुरा स्थित श्री दुर्गा रामलीला में लंका दहन की तक की लीला का मंचन किया गया। यहां प्राकृतिक रूप से अशोक वाटिका दिखाई गई। हरियाली, पेड़-पौधे व कबूतर, खरगोश मंच पर विचरते नजर आये।

लीला में दिखाया गया कि जब राम और लक्ष्मण ऋष्यमूक पर्वत के पास से गुजरते हैं तो उन पर सुग्रीव की नजर पड़ती है। सुग्रीव अपने भाई के छिपकर उस पर्वत पर रहते हैं। वे हनुमान जी से कहते हैं कि आप जाकर पता लगाओ कि वे कौन हैं। अगर वे बाली के भेजे हुए हों तो मैं तुरंत ही इस पर्वत को छोड़कर भाग जाऊंगा। यह सुनकर हनुमान जी ब्राह्मण का रूप धारकर उनके पास पहुंचे और पूछने लगे कि-हे वीर, आप कौन हैं, जो क्षत्रिय के रूप में वन में फिर रहे हैं। इस पर राम जी ने जवाब दिया-हम कोसलराज दशरथ जी के पुत्र राम-लक्ष्मण हैं। हम पिता का वचन मानकर वन आए हैं। हमारे साथ सुंदर सुकुमारी स्त्री थी। यहां वन में राक्षस ने मरी पत्नी जानकी को हर लिया है। हे ब्राह्मण हम उसे ही खोजते हुए यहां फिर रहे हैं। अब आप बताएं कि आप कौन हैं। भगवान राम को पहचानकर हनुमान जी उनके चरणों में गिर गए और प्रणाम किया। हनुमान जी ने कहा मैनें आपका परिचय पूछा। वर्षों के बाद आपको देखा, वह भी तपस्वी के वेष में और मेरी वानरी बुद्धि इससे मैं आपको पहचान न सका। आप तो अंतर्यामी हैं, सब जानते हैं फिर भी आपने मुझे नहीं पहचाना। इसके बाद हनुमान जी राम, लक्ष्मण को ऋष्यमूक पर्वत पर मंत्रियों सहित रह रहे वानरराज सुग्रीव के पास ले जाते हुए कहते हैं वे सीता जी की खोज करवा देंगें। इसके बाद हनुमान जी ने दोनों को अपने कंधों पर बिठाया और ले गए पर्वत पर। वहां पर श्री राम की मुलाकात सुग्रीव से हुई। सुग्रीव ने सारी बात सुनी और आश्वस्त किया कि वे सीता जी अवश्य मिल जाएंगीं। सुग्रीव ने अपने भाई बाली की सारी कहानी बताई। उसका दुख सुनकर श्री राम ने कहा कि आज शाम तक तुम्हारी पत्नी और राज्य तुम्हें दिला देंगें। कहेनुसार सुग्रीव बाली को युद्ध के लिए ललकारते हैं। बाली द्वारा सुग्रीव को पीट-पीटकर घायल कर दिया जाता है, लेकिन श्री राम उसे मारने से चूक जाते हैं। वापस आकर सुग्रीव कहते हैं आपने तीर क्यों नहीं चलाया। राम के कहने पर सुग्रीव ने एक बार फिर से बाली को ललकारा। इस बार बाली को युद्ध करने से उनकी पत्नी तारा रोकती है।

बाली नहीं मानता और युद्ध को चला जाता है। इस बार सुग्रीव के गले में राम जी ने माला पहना दी, ताकि उसकी पहचान रहे। मौका पाकर उन्होंने बाली को तीर मार दिया और वे घायल होकर गिर पड़े। काफी संवाद के बाद बाली ने अपने बेटे अंगद को श्री राम को सौंप दिया। इसके बाद पूरी वानर सेना सीता जी को ढूंढने की तैयारी करने लगी। लंका में सीता के पास जाने की तैयारी हनुमान जी की कर दी गई। राम जी ने उन्हें अपनी मुद्रीका देकर कहा कि यह सीता को दे देना, वे समझ जाएंगी कि हमने ही तुम्हें भेजा है। इस तरह से समुद्र पार करते हुए सुरसा राक्षसी से छुटकारा पाकर हनुमान जी लंका में अशोक वाटिका में सीता जी के पास पहुंच गए। जब वहां रावण आया तो वे पेड़ पर चढ़ गए। इसके बाद रावण-सीता को मनाने का प्रयास करते हैं। फिर वे गुस्से में सीता जी को रावण तलवार से मारने दौड़ते हैं। इसी बीच वहां बैठी उनकी पत्नी मंदोदरी बीच में आकर कहती है कि औरत पर हाथ उठाना उन्हें शोभा नहीं देता। इसके बाद सीता जी को मान जाने की बात कहकर रावण महल में चले जाते हैं। फिर हनुमान जी नीचे आते हैं और सीता जी को कहते हैं मुझे भूख लगी है मैं यहां से फल खाता हूं। फि क्या था, हनुमान जी ने सारी अशोक वाटिका उजाड़ दी। इसकी सूचना रावण को दी गई और हनुमान जी को बंदी बनाकर उनके समक्ष पेश किया गया। इस बीच रावण और हनुमान के बीच संवाद होता है। इसके बाद रावण सजा के रूप में हनुमान जी की पूंछ में आग लगवा देते हैं। फिर क्या था, बंदर की तरह से ही उछल-कूद करते हुए हनुमान जी ने सारी लंका को जला दिया और समुद्र में जाकर अपनी पूंछ में लगी आग बुझाई।

# संक्षिप्त समाचार

## विभागीय योजनाओं को समय से अमलीजामा पहनाएंगे : बीईओ



**सोहना।** सोहना की नवनियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी फिरदोस ने कहा कि कार्य को समय पर पूरा करने से जिम्मेदारी और कार्य करने की क्षमता बढ़ती है। विभाग की योजनाओं को समय के अनुसार अमलीजामा पहनाया जाएगा। शिक्षा विभाग ने घामडौज के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल प्रधानाचार्य फिरदोस को खंड शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। जिनके पास अब विभाग के कार्यों को खंड स्तर पर देखरेख करने की जिम्मेदारी सौंपी है। बीईओ ने बताया कि जिम्मेदारियों से कभी मुंह नहीं मोड़ना चाहिए। समय रहते यदि कार्य को निपटा लिया जाता है। उससे बड़ी उपलब्धि जीवन में कुछ नहीं हो सकती। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार व शिक्षा विभाग के आदेशों तथा योजनाओं को समय पर पूर्ण कराया जाएगा। जिसके लिए खंड स्तर पर आपसी सहयोग की आवश्यकता होगी।

## अभयपुर कबड्डी प्रतियोगिता में बेरका की टीम रही प्रथम



**सोहना।** खंड के गांव अभयपुर में दो दिवसीय हरियाणा सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन 40 टीमों के बीच 20 कड़े मुकाबले हुए। जिसमें रोहतक, झज्जर, फरीदाबाद, गुरुग्राम, भिवानी की टीमों के बीच मुकाबले हुए। एथलेटिक्स के मैचों में भी खिलाड़ियों ने प्रथम, द्वितीय और तीसरा स्थान प्राप्त किए। सोमवार को हुए कबड्डी के मुकाबलों में राज्य व राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने अपनी योग्यता का शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों से जमकर वाहवाही लूटी। कबड्डी के उभरते नये खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। क्षेत्रीय मुकाबलों में पहला स्थान बेरका की टीम ने प्राप्त किया। दूसरे नंबर पर निमौठ की टीम रही। एथलेटिक्स में 3000 मीटर की दौड़ में पहला स्थान यशवीर। दूसरे स्थान पर कपिल रहा। 1500 मीटर में केशव प्रथम, अनुज दूसरे स्थान पर रहा। 100 मीटर में पहला स्थान हैप्पी तथा दूसरे नंबर पर बिलाल रहा। लड़कियों के मुकाबले में पहला स्थान अंजुल, दूसरा आरजू व तीसरे नंबर पर संजना रही।

## नागरिकों को साइबर क्राइम से बचाव के तरीकों बताए

**फरीदाबाद।** हरियाणा पुलिस द्वारा मनाए जा रहे साइबर जागरूकता माह के अंतर्गत जिला साइबर अपराध नोडल अधिकारी डीसीपी नीतीश कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देश के तहत साइबर थाना सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर सतीश व उनकी टीम ने सेक्टर 16-17 की मार्केट में 500 से अधिक व्यक्तियों को साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि साइबर जागरूकता माह के अंतर्गत फरीदाबाद पुलिस प्रतिदिन विभिन्न विभिन्न स्थानों पर आमजन को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने का काम कर रही है। इसके लिए विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने सेक्टर 16 व 17 की मार्केट में मौजूद 500 से अधिक नागरिकों को साइबर अपराध के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें इससे बचाव के उपायों के बारे में बताया। आमजन को जागरूक करते हुए पुलिसकर्मियों ने बताया कि बढ़ती हुई टेक्नोलॉजी के साथ साथ साइबर अपराध की वारदातों में भी लगातार वृद्धि होती जा रही है।

## अंतरराष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस : गीत और गजल सुनकर बुजुर्ग हुए प्रसन्न



गुरुग्राम में अंतरराष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस के अवसर पर सीनियर्स फर्स्ट कार्ड का अनावरण करते मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, सांसद धर्मबीर सिंह।

**गुरुग्राम।** यहां फोर्टिस मैमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट (एफएमआरआई) ने फेडरेशन ऑफ सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम के सहयोग से वृद्ध व्यक्तियों का अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत फेडरेशन ऑफ वेलफेयर फोरम के सचिव ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। आयोजन समिति द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया। इस कार्यक्रम में महासंघ के सदस्यों ने सांस्कृतिक गीतों से सभी श्रोताओं का मनोरंजन किया। महावीर गुड्डू, मीर मुख्तियार अली द्वारा मनमोहक गजलों की प्रस्तुति ने सभी उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राव इंद्रजीत सिंह (राज्य मंत्री), विशिष्ट अतिथि सांसद धर्मबीर सिंह, मेयर मधु आजाद ने सीनियर्स फर्स्ट कार्ड का अनावरण किया। इस अवसर पर पंचायती राज प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक सरपंच सुंदर लाल भी मौजूद रहे। डॉ. राहुल भार्गव और डॉ. अंकुर बहल द्वारा प्रशासक देखभाल और रोगों की रोकथाम के लिए सभी बुजुर्गों को स्वास्थ्य संबंधित जानकारी साझा की। सुपर सीनियर्स (80 वर्ष से अधिक) को उनके योगदान के लिए आयोजकों द्वारा सुविधा प्रदान की गई। अन्य मुख्य आकर्षण मुख्य अतिथि और सम्मानित अतिथि द्वारा फेडरेशन स्मारिका का अनावरण था, जिसमें लेख और जानकारी थी।

## मानव उत्थान सेवा समिति ने चलाया सफाई अभियान



**रोहतक।** सतपाल महाराज की प्रेरणा से मानव उत्थान सेवा समिति की शाखा प्रभारी महात्मा रोशनीबाई की अध्यक्षता में रुपया चौक व गांव तैमूरपुर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। महात्मा रोशनीबाई ने अपने संबोधन में कहा कि मां दुर्गा के नौ रूपों का पूर्ण भक्तिभाव से पूजन करना चाहिए, ताकि परिवार में सुख शांति बनी रहे। रुपया चौक पर शाखा के जिला प्रमुख डॉ. विरेंद्र, कार्यकर्ता राममेहर जांगड़ा, चांदराम, हरिओम, राजेंद्र, सूबेदार रामफल, टोली नायक सूर्यप्रकाश, प्रधान स्वयंसेवक सतबीर इस्माइला, जिला संयोजक दीपक, माता शीतला योगा एवं संस्कार एकेडमी के निदेशक एवं समाजसेवी राजेश भट्ठी सहित सेवादल के अनेक कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि दी। राजेश भट्ठी के नेतृत्व में गांव तैमूरपुर के युवाओं ने गांव में सफाई अभियान चलाया। युवाओं ने बाबा शोरेवाला, शीतला माता मंदिर परिसर व पार्क और गलियों में साफ-सफाई की। समिति द्वारा पहले भी सफाई अभियान, मेडिकल कैंप, स्कूली बच्चों को किताबों व अन्य पाठ्य सामग्री वितरित करने का कार्य किए जाते रहे हैं। सफाई अभियान में ललित राजा, गोलु, केशव कृष्ण, सुमित भट्ठी, लालू, आशीष, आशु, दीपू, सुरेंद्र, रमेश कुमार, प्रियांशु, जतिन, मनजीत भट्ठी, मोहित, लोकेश, रोहित, शकुंतला, जानवी, यामिनी आदि मौजूद रहे।

# शहर के मंदिरों में अष्टमी पर मां महागौरी की भव्य पूजा


सिद्ध पीठ महा काली मंदिर में नवरात्रि के अवसर पर पूजा करते भक्तगण।


तिकोना पार्क स्थित सिद्ध पीठ श्रीमहारानी वैष्णोदेवी मंदिर में नवरात्र के अवसर पर मंदिर की परिक्रमा करते भक्तगण।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**नवरात्रों** के आठवें दिन मां के महागौरी रूप की पूजा अर्चना की गई। तिकोना पार्क स्थित सिद्धपीठ मां वैष्णोदेवी मंदिर में मां महागौरी माता की भव्य पूजा की गई। इस अवसर पर हजारों भक्तों ने मां के जयकारों के बीच पूजा अर्चना में हिस्सा लिया। वहीं 108 महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। प्रातः कालीन आरती में मां के भजनों के बीच हवन यज्ञ में श्रद्धालुओं ने अपनी आहूति डाली। इसी तरह सिद्धपीठ काली मंदिर में भी भव्य पूजा अर्चना की गई। जिसमें रात को मां का गुणगान किया गया। झाकियां निकाली गई। अष्टमी के दिन श्रीमां वैष्णो सेवा मंडल, फूलों वाली मंडली राज सहगल द्वारा महामाई का गुणगान किया गया। इस मौके पर सुबह व सायं मां महागौरी की आरती की गई। जिसमें मुख्य रूप से मनमोहन बेदी, संजय शर्मा, धीरज, केसी लखानी, राहुल, काशीराम, अनिल, रमेश सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद थे। महामाई के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। मंदिर के प्रधान सेवक जगदीश भाटिया ने बताया कि नवरात्रि के आठवें दिन मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा की जाती है। मान्यता है कि महागौरी की पूजा करने से शारीरिक व मानसिक समस्याओं से मुक्ति मिलती है। महागौरी की पूजा से धन, वैभव व ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। नवरात्र पर्व पर दुर्गाष्टमी के दिन कन्याओं की पूजा की जाती है। जिसे कंजक भी कहा जाता है। पूजन में नौ साल तक की कन्याओं की पूजा करने का विधान है। माना जाता है कि महागौरी की उम्र भी आठ साल की थी। कन्या पूजन से भक्त के पास कभी भी कोई दुख नहीं आता है और मां अपने भक्त पर प्रसन्न होकर मनवांछित फल देती हैं।

### आज करे मां सिद्धिदात्री की पूजा

**फरीदाबाद।** राधा सर्वेश्वर मंदिर के संत मुनिराज महाराज ने बताया कि अंतिम नवरात्रे के दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। यह मां का अंतिम रूप है। सिद्धिदात्री मां सिद्धियों की दाता है। सिद्धिदात्री की पूजा और कन्या पूजन के बाद ही नवरात्रि का विश्राम होता है। मां सिद्धिदात्री अपने भक्तों को सभी प्रकार की सिद्धियां प्रदान करती है। मान्यता है कि भगवान शिव ने मां सिद्धिदात्री की उपासना से ही सिद्धियों को प्राप्त किया था। मुनिराज जी ने बताया कि मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। जिसमें वह गदा, कमल, शंख, चक्र लिये हुई कमल के फूल पर आसीन होती है। मां सिद्धिदात्री का वाहन सिंह है। नवमी तिथि को भगवती को धान का लावा अर्पित करके ब्राह्मण को देना चाहिए। इस दिन देवी को भोग अवश्य लगाना चाहिए। समस्त सिद्धियों की प्राप्ति के लिए मां सिद्धिदात्री की पूजा विशेष मानी गई है। मुनिराजजी ने बताया कि मां सिद्धिदात्री का उपासक मन्त्र- सिद्ध गन्धर्व यक्षा घैर सुरैरमरैरपि। सेव्यामाना सदा भूयात् सिद्धिदा सिद्धिदायिनी है। इसके साथ में सब बाधाओं से मुक्त करके धन धान्य से भरपूर करने वाला मन्त्र- सर्वा बाधा विनिर्मुक्तो, धन धान्य सुतान्वित। मनुष्यों मत्प्रसादेन, भविष्यति न संशय।

# लापरवाही: अस्पताल के बिस्तर पर दो घंटे पड़ी रही मृतक की बॉडी

## अनट्रेंड कर्मचारियों के कारण मृतक के परिजन ढाई घंटे रहे खासे परेशान

**कविता।** फरीदाबाद


डॉक्टर से पूछताछ कर डेथ फार्म भरने के कारण काउंटर पर लगी भीड़।


मृतक विरेन्द्र का बेटा नितिन।

'**मुझे** अपने पिता का पोस्टमार्टम नहीं करवाना, हम घर ले जाना चाहते हैं, लेकिन सुबह 11 बजे हुई मौत के बाद सवा एक तक भी चिकित्सक और कर्मचारी कागज नहीं बना रहे हैं' यह कहना था धतीर निवासी नितिन का। उसने बताया कि पिता को उनकी मां राजवती सुबह साढ़े 10 बजे बीके लेकर आई थी। यहां उनकी आधे घंटे बाद ही मौत हो गई। लेकिन अंट्रेंड स्टाफ की लापरवाही से मृतक का शव को दोपहर सवा एक बजे के बाद परिजनों को मिला। इस दौरान विक्रम का शव अन्य मरीजों के बीच पड़ा रहा।

**यह था मामला :** नितिन ने बताया कि बीके अस्पताल में उनके पिता विक्रम को सुबह दिल के पास दर्द हुआ तो उनकी माता राजवती लेकर बीके आ गई। जहां चिकित्सकों ने आधे घंटे तो उसके पिता को देखा नही, कुछ देर बाद उसे थर्ड फ्लोर से पर्ची बनवाने के लिए कह दी। राजवती तृतीय तल पर हार्ट सेंटर से कागज बनवाकर नीचे आई, तो चिकित्सक उसके पति की ईसीजी करते नजर आए। पूछने पर पता चला कि उसके पति की मौत हो गई है। जिसकी सूचना राजवती ने नितिन को दी।

**अंट्रेंड स्टाफ :** नितिन ने बताया कि डॉक्टर ने 11 बजे उनके पिता को मृत घोषित किया है, लेकिन दोपहर एक बजे के बाद तक उन्हें शव नहीं मिला। वह कार्ड पर पर्ची डलवाने पहुंचे, तो उन्हें पोस्टमार्टम का कहा गया। मना करने पर उन्होंने डॉक्टर के पास भेज दिया। जबकि चिकित्सक ने एक अन्य शव का सोचकर पोस्टमॉर्टम के लिए कहा था। ऐसे में वह यहां से वहां चक्कर काटते रहे। जिस पर उन्होंने काउंटर पर बैठे कर्मचारियों से बात की तो उन्हें पोस्टमॉर्टम के विषय में जानकारी नहीं थी। तभी एक पुराने स्टाफ ने बताया कि बीमारी से मौत होने पर परिजनों की मर्जी से पोस्टमॉर्टम करवाया जाता है। जिसके बाद मृतक के कार्ड पर पर्ची लगवाने का काम दोपहर एक बजे के बाद शुरू किया गया। लेकिन यहां भी एक ऐसे स्टाफ की ड्यूटी थी, जिन्हें ऑनलाइन डेथ फार्म की जानकारी नहीं थी। ऐसे में यहां भीड़ लगनी शुरू हो गई। उन्होंने बड़ी मुश्किल से चिकित्सक को फोन करके डेथ फोर्म भरने की जानकारी हासिल की। जिसके बाद औपचारिकताएं पूरी करने पर किसी तरह परिजनों को शव मिल पाया।

# गुरुग्राम एयरफोर्स के दायरे से पाबंदियां हटाने को सौंपा ज्ञापन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


उपायुक्त गुरूग्राम को ज्ञापन देते एनआईटी के विधायक नीरज शर्मा।

**एनआईटी** विधानसभा के एयरफोर्स 100 मीटर के दायरे पर भू संपत्तियों की रजिस्ट्री एवं बिजली के मीटरों पर रोक लगा रखी थी, जिसका मामला विधायक नीरज शर्मा ने विधानसभा के बजट सत्र में प्रश्नकाल के दौरान एयरफोर्स स्टेशन के 100 मीटर दायरे पर भू संपत्तियों की रजिस्ट्री पर लगे रोक का प्रश्न उठाया था। जिस पर विधायक नीरज शर्मा द्वारा उप मुख्यमंत्री को बताया गया था कि न्यायालय द्वारा सिर्फ अवैध निर्माण पर रोक लगाई हुई है। इस क्षेत्र में प्लाट व भवनों की रजिस्ट्री व बिजली के मीटर पर कोई रोक नहीं है।

हालांकि रक्षा मंत्रालय ने डबुआ एयरफोर्स स्टेशन के अधिकारियों की मांग पर इस दायरे में मूलभूत सुविधाओं की मरम्मत की छूट दी हुई है। नीरज के कथन के अनुसार उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि 100 मीटर क्षेत्र के दायरे निर्माण कार्य नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि विधायक नीरज शर्मा ने इस क्षेत्र में रजिस्ट्री की बाबत संज्ञान कराया है। इसलिए सरकार की तरफ से 24 घंटे में विषयांकित जांच के बाद यह सुनिश्चित किया जाएगा कि एयरफोर्स स्टेशन के 100 मीटर दायरे में भी भू संपत्तियों की रजिस्ट्री हो सके। जिस उपरांत सरकार ने दिनांक 17 मार्च 2022 को पत्र जारी करके भू संपत्तियों की रजिस्ट्री पर से रोक हटा दी थी। इसके बाद 100 मीटर में भूमि की रजिस्ट्री शुरू होते ही बिजली के नए मीटर लगने शुरू हो गए हैं। विधायक नीरज शर्मा ने बिजली विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव पीके दास को 21 अप्रैल 2022 को पत्र लिखकर पूरे मामले के बारे में अवगत कराया था। इसके बाद उन्होंने फिर से एक पत्र लिखकर और 17 मई 2022 को व्यक्तिगत रूप से पीके दास से मिलकर पूरे मामले पर उनको अवगत कराया आश्वासन दिया गया था कि जल्द से नए बिजली के कनेक्शन लगने की अधिसूचना जारी कर दी जाएगी।

# थैलासीमिया के प्रति जागरुक करने को चित्रकला प्रतियोगिता

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**फाउंडेशन** अगेंस्ट थैलासीमिया व रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद हेरिटेज द्वारा एक चित्रकला का आयोजन आरडब्ल्यूए ब्रदरहुड सेक्टर सात ए फरीदाबाद के पार्क में किया गया।

चित्रकला आयोजन का मुख्य कारण था लोगों को थैलासीमिया के प्रति जागरूक करना व रक्तदान के महत्व को बताना। संस्था के प्रधान हरीश रतरा, महासचिव रविंद्र डुडेजा व कोषाध्यक्ष नीरज कुकरेजा की हमेशा ही कोशिश रही है, लोगों के बीच रह कर उनको थैलासीमिया की उचित जानकारी दी जाये, ताकि फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासीमिया की थैलासीमिया के विरुद्ध जो जंग है उसको जीता जा सके। संस्था का मिशन है की आने वाले समय में थैलासीमिया से ग्रस्त एक भी बच्चा न पैदा हो। प्रतियोगिता में 80 बच्चो ने हिस्सा लिया। जिसका विषय था रक्तदान। बच्चो के साथ आये अभिभावकों को थैलासीमिया के बारे रविंद्र डुडेजा ने विस्तार से बताया। सुन कर हैरानी हुई की बहुत सारे लोगों ने तो थैलासीमिया के बारे में सुना तक नहीं था।

# जन समस्याओं को लेकर बाबा राम केवल ने छेड़ा जागरुकता अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**शहर** में व्याप्त समस्याओं के निराकरण के लिए 45 दिन-45 वार्ड जनता जागरूकता अभियान के दूसरे दिन आज वार्ड नम्बर-2 में अनशनकारी बाबा रामकेवल ने सुबह मुजेसर फाटक के समीप आजाद नगर झुग्गी बस्ती क्षेत्र से अभियान की शुरूआत की

उपस्थित वार्ड नम्बर-2 के निवासियों को सम्बोधित करते हुए अनशनकारी बाबा रामकेवल ने कहा कि फरीदाबाद शहर के विकास के लिए प्रदेश सरकार द्वारा चार संस्थाएं क्रमशः एमएमडीए, नगर निगम, एचएसवीपी, स्मार्ट सिटी बनाई गई है। चार-चार संस्थाएं होने के बावजूद भी शहर में जरा सी बरसात में बाढ़ जैसा माहौल उत्पन्न हो जाता है। वहीं शहर के गड्ढों के चलते हो रही मौतों पर प्रशासन व प्रदेश सरकार मौन रहती है। शहर के नीलम पुल, बाटा पुल व बल्लभगढ़ पुल में इतने बड़े-बड़े गढ्डों हो चुके है, जिन्हें अभी तक भरा तक नहीं गया है। जबकि नगर व जिला प्रशासन के अधिकारी आंख बंद करके इन पुलों से गुजर जाते है। इनमें हो रहे गढ्डे भरवाने की जहमत तक नहीं उठाते है तथा हजारों करोड़ के घपले कर अपनी जेबें भरने में लगे हुए हैं। सरकार से जुड़े लोग सलाखों के पीछे पहुंचाने की बजाय संरक्षण देने में लगे हुए है। वार्ड नम्बर-2 के निवासी ओम कुमार, विजय बहादुर सिंह, मोतीराम, सोनू, रितेश, जितेन्द्र, मुन्ना, इरशाद, संजीत ने अनशनकारी बाबा रामकेवल को बताया कि उनके क्षेत्र में पेयजल, सफाई, सडकें, स्ट्रीट, नहीं है, साथ ही राशन कार्ड तक नहीं बनते है।

# निः शुल्क नेत्र एवं हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन

**फरीदाबाद।** हिमाचल मित्र मंडल सोसायटी रजि द्वारा वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन एनएच दो स्थित महाबीर कम्यूनिटी सेंटर में किया गया।

इस अवसर पर सम्मान समारोह एवं जरूरतमंदों के लिए निशुल्क नेत्र जांच कैंप, हेल्थ चेकअप कैंप, रक्तदान शिविर के साथ-साथ चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मंच का संचालन संस्था के गुलशन डोगरा व कपिल भारद्वाज द्वारा किया गया। इस अवसर पर हिमाचल मित्र मंडल सोसायटी सदस्यों के बच्चों द्वारा विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वहीं एक पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

# ईचिस्टा -2022 में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


इकोलोन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में कार्यक्रम प्रस्तुत करते पंजाबी गायक मनिंदर बुट्टर। साथ में दिख रहे हैं सिंगिंग का आनंद लेते छात्र-छात्रा।

**इकोलोन** इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारा दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव ईचिस्टा-2022 का आयोजन किया गया था। दिल्ली एनसीआर के विभिन्न प्रमुख विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के छात्रों ने भाग लिया। जिसमें रामानुजन कॉलेज, गार्गी कॉलेज, रामजस कॉलेज, पीजीडीएवी, इंदिरा गांधी दिल्ली महिला तकनीकी विवि, दिल्ली, लिंगया विवि, मानव रचना अंतर्राष्ट्रीय विवि, मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज, मोतीलाल नेहरू कॉलेज, सतयुग दर्शन इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी, अरावली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, राजकीय महिला पॉलिटेक्निक, फरीदाबाद आदि ने बड़ी संख्या में कार्यक्रम में भाग लिया।

कार्यक्रम के पहले दिन की शुरुआत एकल गायन प्रतियोगिता और परिसर में दो अलग-अलग स्थानों पर स्टैंड-अप प्रतियोगिता के साथ हुई। विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसकी सभी ने सराहना की। एकल और समूह श्रेणियों में नृत्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जहां छात्रों ने अपने शानदार नृत्य कौशल का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम फिर भव्य मुख्य मंच पर स्थानांतरित हो गया। इस अवसर पर जे.सी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के प्रो. (डॉ.) विक्रम सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। प्रो. (डॉ.) सुदर्शन गोस्वामी निदेशक, ईआईटी, फरीदाबाद ने सम्मानित अतिथि को स्मृति चिन्ह और शॉल देकर सम्मानित किया। इसके बाद विशिष्ट अतिथि और निदेशक ने विभिन्न आयोजनों के विजेताओं को नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किया। इसके बाद यह कार्यक्रम दिन की सबसे बहुप्रतीक्षित गतिविधि द फैशन शो में बदल गया। फैशन शो में छात्रों ने जीवंत और स्टाइलिश डिजाइनर परिधानों का प्रदर्शन करके अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का समापन ईडीएम की अंतिम गतिविधि के साथ हुआ। देर शाम तक छात्राओं ने डीजे की धुन पर डांस किया। उत्सव का दूसरा दिन पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ शुरू हुआ। दूसरे दिन छात्र और भी बड़ी संख्या में आए, दिल्ली-एनसीआर से और विवि और कॉलेज शामिल हुए जैसे जाकिर हुसैन कॉलेज, आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज, गुरु तेग बहादुर कॉलेज, दिल्ली आदि। दूसरे दिन का कार्यक्रम नुक्कड़ नाटक के साथ शुरू हुआ। जिसमें कई टीमों ने जनता के बीच जागरूकता फैलाने के लिए कई सामाजिक मुद्दों को उठाया।

# अन्नदान-महादान मुहिम के तहत पोषाहार वितरित

**फरीदाबाद।** जिला रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद द्वारा संचालित अन्नदान-महादान मुहीम के तहत विक्रम सिंह, उपायुक्त एवम अध्यक्ष जिला रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के मार्गदर्शन मे रेडक्रॉस भवन फरीदाबाद मे जिला रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद तथा डीएस केअर फाउंडेशन फरीदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में आर्थिक रूप से कमजोर तपेदिक के मरीजों को विशेष पोषाहार वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में परमजीत चहल, एचसीएस, उपमण्डल मजिस्ट्रेट फरीदाबाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सर्वप्रथम उन्होंने रेडक्रॉस परिसर में जसवंत पंवार, युवा आगाज के तत्वावधान में पौधरोपण किया। मुख्य अतिथि द्वारा जिला रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद द्वारा संचालित मुहिम को बहुत ही सार्थक बताते हुए तपेदिक के रोगियों से अपील करते हुए कहा कि तपेदिक रोग लाइलाज नही है यदि इसकी पूरी दवाइयों का सेवन पूर्ण रूप से किया जाए। दवाई हेतु विशेष पोषाहार की जरूरत होती जिसे रेडक्रॉस सोसाइटी विभिन्न दानी सज्जन, सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं के माध्यम से पूरा करवाती है।

# ओएलएक्स और पेटीएम के माध्यम से फ्रॉड करने वाला गिरफ्तार

## साइबर अपराधियों से रहें सावधान, पता चलने पर तुरंत डायल करें 1930

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार मिशू खान।

**डीसीपी** एनआईटी नरेंद्र कादियान के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए एनआईटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनीता व उनकी टीम ने महिला के साथ साइबर फ्रॉड करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम निशु खान है जो अलवर जिले के लक्ष्मणगढ़ एरिया का रहने वाला है। फरवरी 2022 में आरोपी व उसके अन्य साथी ने एनआईटी एरिया की रहने वाली एक महिला के साथ साइबर अपराध की वारदात को अंजाम दिया था। महिला के पास एक ओटीजी ओवन था जिसे वह बेचना चाहती थी और इसके लिए उस महिला ने ओएलएक्स वेबसाइट पर इसे बेचने के लिए एक पोस्ट डाली थी। आरोपी ने महिला की पोस्ट देखकर फोन पर उसे संपर्क किया और ओटीजी खरीदने की बात कही। उसने महिला के साथ रुपये 17000 खरीदने की डील पक्की कर ली। इसके पश्चात आरोपियों ने पैसे भेजने के नाम पर महिला के पेटीएम से पैसे अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। महिला ने इसकी शिकायत एनआईटी थाने में दी जिसके पश्चात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। डीसीपी ने इस मामले में आरोपियों की धरपकड़ के लिए थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम गठित की। टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी निशु को 29 सितंबर को लक्ष्मणगढ़ एरिया से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि महिला के साथ ओवन की डील पक्की करके महिला के पेटीएम से लिंक मोबाइल नंबर की डिटेल ले ली।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व राष्ट्रपति ने किया स्वीट शॉप का उद्घाटन



**फरीदाबाद।** वर्ल्ड स्ट्रीट फरीदाबाद, दिल्ली-एनसीआर का सबसे लोकप्रिय जगह बनता जा रहा है। यहां देश और दुनियां के अनेक ब्रांड्स मौजूद हैं तथा प्रत्येक फेस्टिवल में यहां हजारों की संख्या में लोग आते हैं। इसी कड़ी में यहां नरेन्द्र स्वीट शॉप का उद्घाटन भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने अपनी पत्नी सविता कोविंद के साथ मिलकर किया। इस अवसर पर ओमेक्स के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। जहां अतुल बंसल, डायरेक्टर फाइनेंस, ओमेक्स, अवनीत सोनी, प्रेसिडेंट-प्लानिंग, ओमेक्स, ओमेक्स चेयरमैन के ओएसडी रजनीश पब्बी, और राजू शर्मा, सीनियर वाईस प्रेसिडेंट -कंस्ट्रक्शन, ओमेक्स ने पूर्व राष्ट्रपति का सम्मान किया। कार्यक्रम में फरीदाबाद से लोकसभा सांसद कृष्ण पाल गुर्जर भी मौजूद थे। वर्तमान में वर्ल्ड स्ट्रीट में करीब 200 स्टोर चल रहे हैं, जिनमें स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड शामिल हैं, जो फरीदाबाद और आस-पास के लोगों को विकल्प के लिए एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करते हैं। इस हाई स्ट्रीट प्रोजेक्ट में दूकानदार और व्यवसाय के अनुकूल वातावरण है, जैसे आसान आवाजाही, बिना किसी परेशानी के कारों का प्रवेश, शानदार रेस्तरां और कैफे में ओपन स्काई डायनिंग, फूड और खरीदारी में अनेक विकल्प, दैनिक जरूरत के स्टोर, बैंक और एटीएम आदि ने इसे गो-टू डेस्टिनेशन के रूप में एक बेहतरीन जगह बना दी है।

### डिप्टी सिविल सर्जन ने कुष्ठ रोगियों को फल बांटे

**फरीदाबाद।** महात्मा गांधी की जयंती के रूप में कुष्ठ दिवस मनाया जाता हैं। इस कड़ी में भारत माता कुष्ठ आश्रम, जोकि गांधी कॉलोनी में ही स्थित है। वहां जाकर डिप्टी सीएमओ डॉ. शीला भगत ने कुष्ठ रोग से ग्रस्त व्यक्तियों को फल वितरण किए। इस मौके पर डिप्टी सिविल सर्जन डॉ शीला भगत के संग टीवी एचआईवी कोऑर्डिनेटर सुभाष गहलोत, वीरेंद्र व भारत माता कुष्ठ आश्रम के प्रधान रामू मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर डॉ शीला भगत ने बताया कुष्ठ रोग भी हवा के द्वारा फैलता है। जिसे माइको बैक्टेरियम लैपरी बैक्टीरिया द्वारा फैलाया जाता है। इसको पहचानना बहुत ही आसान होता है। किसी भी व्यक्ति की त्वचा पर चकता पडना, त्वचा का सुन्न हो जाना, चकता, पीला-लाल और तांबाई रंग वाला हो सकता है या छोटा या बड़ा हो सकता है। इसका एमडीटी द्वारा उपचार गवर्नमेंट हॉस्पिटल से फ्री में ले सकते हैं।

### ईएसआई में 300 यूनिट रक्त एकत्रित



**फरीदाबाद।** ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन आजादी के अमृत महोत्सव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में किया गया। जिसका शुभारंभ डीन डॉ. असीम दास और मेडिकल रजिस्ट्रार डॉ. अनिल पांडे ने किया। जिसमें 300 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस दौरान रक्तदाताओं का हौसला अफजाई करते हुए डॉ. असीम दास ने कहा कि सभी व्यक्ति को हर तीन माह में एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। एनआईटी-3 स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की ओर से गुरुग्राम और श्रम शक्ति भवन के साथ 13 अलग-अलग स्थानों पर शिविर आयोजित किए गए। साथ ही पोस्टर एवं रंगोली मेकिंग, स्लोगन व चित्रकला प्रतियोगिताएं कराई गई। जिसमें छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### उपभोक्ता करवाएं नल कनैक्शन पीपीपी आईडी से लिंक

**फरीदाबाद।** जल जीवन मिशन के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की टीमों द्वारा पेयजल की गुणवत्ता व जल संरक्षण जागरूकता अभियान के साथ-साथ उपभोक्ताओं के पेयजल कनैक्शनों को परिवार पहचान पत्र से लिंक करने का कार्य किया जा रहा है। सोमवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वासो के जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बीआरसीयों के साथ समीक्षा बैठक की। दीपक कुमार ने बताया कि कैथल एक ग्रामीण क्षेत्र के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के विश्वास पोर्टल पर 1 लाख 37 हजार 455 कनेक्शन स्वीकृत हैं, जिनमें से 51 हजार 647 कनेक्शन परिवार पहचान पत्र से ऑटोमेटिक लिंक किए जा चुके हैं। 72 हजार 747 पेयजल कनेक्शन परिवार पहचान पत्र से लिंक करना शेष था। 17 जून 2022 से विभाग द्वारा घर-घर जाकर पेयजल कनेक्शन को पीपीपी से लिंक करने का काम किया गया।

### श्रद्धालुओं ने कंजक पूजन कर खोला व्रत

**फरीदाबाद।** श्रद्धालुओं ने दुर्गाष्टमी के दिन मां भगवती के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा अर्चना की। वहीं कुछ श्रद्धालुओं ने अष्टमी के दिन अपना व्रत का समापन किया तो कुछ ने अंतिम व्रत रखा। अष्टमी पूजने वाले श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन कर मां शक्ति का नमन किया। इस दौरान कुछ श्रद्धालु ने कन्या पूजन करके अपना एक सप्ताह का व्रत खत्म किया तो कुछ ने अंतिम दिन का व्रत रखा। इस मौके पर जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भक्तों ने कन्याओं को भोजन करवाया। इसके अलावा भी रात में कई जगहों पर मां भगवती का जागरण किया गया। कन्याओं को भोग खिलाकर व्रत खोला गया।

### महिला अपराध के प्रति किया जागरुक

**फरीदाबाद।** नरियाला गांव में गांधी जयंती के उपलक्ष में महिला जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में महिलाएं सविता रानी मौजूद रही। इस मौके पर कार्यक्रम में पहुंचने पर सविता रानी का फूल माला और बुके देकर स्कूल की तरफ से स्वागत किया गया। नरियाला स्थित स्कूल में 2 अक्टूबर गांधी जयंती के उपलक्ष में महिला जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसएचओ महिला सविता रानी मौजूद रहे। वहीं एसएचओ महिला सविता रानी ने महिलाओं को महिला विरुद्ध अपराध बुजुर्गों के साथ बर्ताव को लेकर जागरुक किया। महिलाओं को बताया कि यदि आपको किसी भी स्थिति में पुलिस की जरूरत हो तो उसके लिए आप 112 नंबर डायल पर कॉल कर सकते हैं, वहीं ऐसे तो सविता रानी ने बताया कि कुछ महिलाएं अपने अधिकारों का गलत उपयोग भी करती हैं। ऐसे में उन्हें यह भी पता होना चाहिए अपने अधिकारों का दुरुपयोग करने पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई हो सकती है।

### ब्राह्मण सभा ने किया कंजक पूजन

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने मां पीतांबरा पीठ बसेलवा कालोनी बाई पास रोड ओल्ड फरीदाबाद में नवरात्र दुर्गाष्टमी के उपलक्ष्य में 51 कन्याओं को भोजन कराया गया सबसे पहले सभी के चरणों को धोकर चुन्नी ओढ़ाकर खीर पूड़ी सब्जी का भोग लगाकर उन्हें दक्षिणा देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर पंडित सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा आदि नौ दिन साक्षात सभी के यहां विराजमान रही। सभी भक्तजनों ने मां का विधिवत पूजन व्रत किया। सनातन संस्कृति में दान पुण्य की बड़ी महिमा है। इस अवसर पर पंडित राजेन्द्र मिश्र शास्त्री, राकेश व्यास, रामलाल, राजू, कैलाश, हरीश पाराशर एडवोकेट, कृष्ण पाराशर एडवोकेट, कर्ण पाराशर इंजीनियर, मोहित, साहिल, लक्ष्य, मनोज सहित अन्य उपस्थित रहे।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 4 अक्टूबर, 2022



# बड़बोले केजरीवाल

## चुनाव पूर्वानुमान

**अरविंद** केजरीवाल ने कहा कि 'इंटेलीजेंस ब्यूरो रिपोर्ट' में उनके गुजरात विधानसभा चुनाव में विजय का पूर्वानुमान लगाया गया है। यदि कोई पार्टी लगातार 'विस्फोटक' दावे करती रहे तो कुछ समय बाद लोग उसके बयानों से आहत अनुभव करते हैं। ऐसा खासकर तब होता है जब दावे विरले ही वास्तविक यथार्थ से मेल खाते हों। इसलिए यदि केजरीवाल ने अनुमान लगाया होगा कि 'इंटेलीजेंस ब्यूरो रिपोर्ट' के आधार दिए उनके बयान से यमुना में आग लग जाएगी तो उनको नकारात्मक परिणाम आने से निराशा नहीं होनी चाहिए। केजरीवाल ने दावा किया कि इस रिपोर्ट में आज चुनाव होने पर उनकी पार्टी का गुजरात विधानसभा चुनाव में विजय का पूर्वानुमान लगाया गया है। शायद वे यह मामूली बात नहीं बताना चाहते हैं कि उनको रिपोर्ट के बारे में पता कैसे चला। आखिरकार आईबी एक खुफिया एजेंसी है, कोई मंत्रालय या विभाग नहीं जो अपने दस्तावेज वेबसाइट पर डालते हैं। अत्यन्त चिन्ताजनक बात है कि केजरीवाल ने राजनीतिक लाभ पाने के लिए आईबी की कथित रिपोर्ट का हवाला दिया। यदि किसी मुख्यमंत्री ने वास्तव में देखा हो तो भी उसके द्वारा खुफिया रिपोर्ट का हवाला देना किसी प्रकार उचित नहीं कहा जा सकता है। कुछ सप्ताह पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा कथित 'आपरेशन लोटस' की निन्दा करते हुए उन्होंने दिल्ली के उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ केन्द्र की हालिया कार्रवाई से गुजरात में



आप का वोटों में हिस्सा 4 प्रतिशत बढ़ने का दावा किया था। उन्होंने यह भी कहा था कि यदि सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया जाता है तो यह वृद्धि 6 प्रतिशत होगी। कोई नहीं जानता कि केजरीवाल को ये आंकड़े कहां से मिलते हैं, कोई चुनाव सर्वेक्षण होता है या उनकी पार्टी सर्वे करती है, लेकिन वे इसके बारे में कुछ नहीं कहते। मीडिया भी पूरी आज्ञाकारिता के साथ उनके बयानों की खबरें दे देती है।

भले ही ऐसे बड़बोले कथनों से केजरीवाल की गरिमा न बढ़ती हो, पर ये उनके तथा उनकी पार्टी के लिए काफी लाभदायक हैं। दिल्ली की सत्ता में आने के पहले उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी के राजनीतिक क्षेत्र को कांग्रेस नेताओं तथा कुछ बड़े उद्योगपतियों के खिलाफ आरोपों से भर दिया था क्योंकि उस समय कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार थी। उनका मनपसंद निशाना दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री शीला दीक्षित थीं जिनका 2019 में निधन हो गया था। उन्होंने चुने जाने पर सभी भ्रष्ट लोगों को जेल के सीखचों के पीछे भेजने का वादा किया था। वे चुने गए, लेकिन उन्होंने उन लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जिनको वे भ्रष्ट कहते थे। यदि एक स्वतंत्र नागरिक सुब्रमण्यम स्वामी शक्तिशाली लोगों के खिलाफ अभियोजन चला कर उनको जेल तक भेज सकते हैं तो केजरीवाल ऐसा क्यों नहीं कर सकते हैं? दुर्भाग्य से केजरीवाल ऐसे नेताओं में अकेले नहीं हैं जो नापसंद लोगों के खिलाफ भयानक आरोप लगाते हैं। भारतीय जनता पार्टी के नेता भी राबर्ट वाड्रा के खिलाफ अनेक बाते करते रहते हैं, लेकिन यदि उन्होंने कुछ गलत किया हो तो उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अतीत में लालू प्रसाद यादव के खिलाफ बहुत कुछ कहा था, लेकिन आज वे सहयोगी बन गए हैं। इसका प्रमुख कारण राजनेताओं का यह विश्वास है कि उनको उनके बयानों के लिए जवाबदेह नहीं ठहराया जाएगा। इसलिए वे अपना राजनीतिक उद्देश्य पूरा करने के लिए अपनी इच्छानुसार कुछ भी बोलते रहते हैं। लेकिन उनको समझ लेना चाहिए कि धीरे-धीरे उनके बड़बोले बयानों का असर कम होने लगता है।

# साबरमती और यमुना की कथा

साबरमती नदी की कथा अब भी प्रगति कर रही है और उसकी तुलना केवल सिंगापुर से की जा सकती है, जबकि दिल्ली में यमुना मृतप्राय है।



**सुमित भसीन**
(लेखक, लोक नीति शोध केंद्र के निदेशक हैं)



वर्ष 2005 तक धोबी अहमदाबाद में साबरमती नदी के तट पर इस बड़े शहर के कपड़े धोते और सुखाते रहते थे तथा इसके जलग्रहण क्षेत्र में अनेक मलिन बस्तियां थीं। इस कारण गुजरात की राजधानी में आने वाले पर्यटकों को कचरे की सड़ांध का सामना करना पड़ता था। साबरमती नदी के किनारे से गुजरते समय लोग रूमाल से अपनी नाक बंद कर लेते थे। शहर में यह नदी उसी तरह मृत थी जैसे आज राष्ट्रीय राजधानी में यमुना नदी मृत है। अहमदाबाद में लोगों को लंबे समय तक ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ता था क्योंकि सड़कें भीड़ से भरी थीं। इसका कारण नदी के जलग्रहण क्षेत्र तथा उससे जुड़ी सार्वजनिक जमीन पर व्यापक अवैध कब्जा था। यह पूरा परिदृश्य अत्यन्त निराशा पैदा करता था। लेकिन उस समय नरेन्द्र मोदी ने साबरमती रिवरफ्रंट विकसित करने की योजना बना ली थी। इस परियोजना पर कुछ 1,200 करोड़ रुपये खर्च होने थे। यह परियोजना शहर स्तर का हस्तक्षेप था जिसकी अवधारणा व क्रियान्वयन अनेक लाभ देने वाली परियोजना के रूप में बनाए गए थे।

इसमें उस समय तक अनदेखी का शिकार रही साबरमती नदी को एक जीवन्त शहरी 'स्पेस' में बदलना था जिससे शहर में ऐतिहासिक परिवर्तनों के द्वार खुलते थे। इसमें मुख्य केन्द्र इस बात पर था कि नदी को वापस अहमदाबाद के नागरिकों को वापस किया जाए और इस प्रक्रिया में शहर को बड़ा लाभ सुनिश्चित किया जाए ताकि शहर की ढांचागत संरचना व जीवन की गुणवत्ता में व्यापक सुधार हो। इसका उद्देश्य नदी को पुनर्जीवित करना था जो वास्तव में सीवेज प्रवाह तथा कचरा निस्तारण का माध्यम बन गई थी। परियोजना ने सुनिश्चित किया कि यह वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर हो, पर्यावरण में सुधार करे तथा सांस्कृतिक व सामाजिक टिकाऊपन से मौसमी नदी की स्थिति बेहतर हो। अब गुजरात थोड़े ही समय की नोटिस पर 36वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन कर रहा है जिसमें साबरमती रिवरफ्रंट पर स्थित पाल्दी स्पोर्टस काम्प्लेक्स की प्रमुख भूमिका है। यह बड़े खेलों के आयोजन का प्रमुख स्थल है। इतने व्यापक स्तर पर परिवर्तन की तुलना केवल सिंगापुर से की जा सकती है। पूर्वी एशियाई शहर-राज्य बड़ा पर्यटक केन्द्र है। नगर नियोजकों ने सिंगापुर को इस तरह तैयार किया है कि इसमें हमेशा कुछ न कुछ नया दिखता है। यह अनोखे व खोजी ढंग से कुछ ऐसा प्रस्तुतीकरण करता है जिससे पर्यटकों को यहां बार-बार आने की इच्छा होती है। इससे कई दशकों से सिंगापुर माडल बना हुआ है। शहर प्रशासक यहां एक एम्यूज़र्मेंट पार्क व अन्य आकर्षण विकसित करने जा रहे हैं। साबरमती रिवरफ्रंट भी इसी पैटर्न पर विकसित हो रहा है। पर्यटकों को यहां जीवन्त शहर की तरह हमेशा कुछ न कुछ नया दिखता है। यह हरियाली भरे क्षेत्र तथा साबरमती नदी के किनारे 14.30 हेक्टर क्षेत्र में मियावाकी प्लांटेशन से स्पष्ट है। यहां कुछ 12.45 हेक्टर क्षेत्र में चार सार्वजनिक पार्कों में 23,000 पेड़ लगाए गए हैं। इसके साथ ही आठ हेक्टर क्षेत्र में जैव-विविधता पार्क विकसित किया गया है।

पिछले महीने 100 से अधिक मेयरों व उप नगरप्रमुखों ने साबरमती रिवरफ्रंट का दौरा किया और वे इस स्थान के विकास से आश्चर्यचकित रह गए। शहरी प्रशासक देश की प्रगति का अगला इंजन होंगे जिसमें मेयर निगमों का नेतृत्व कर ऐसे खोजी समाधान निकालेंगे जिनसे देश के शहरों के समक्ष उपस्थित चुनौतियों से निपटा जा सके। स्थानीय निकायों के प्रमुखों को अटल ब्रिज से गुजरते हुए बहुत प्रसन्नता हुई जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस साल 27 अगस्त को किया था। अब यह पुल एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण बन गया है और लोग इस दर्शनीय स्थल पर आधा घंटा समय बिताने के लिए लाइन में लग कर टिकट लेते हैं। इससे न केवल अहमदाबाद व गुजरात में पर्यटन संभावनाओं का विकास हुआ है, बल्कि यह स्थानीय नगर निगमों का खजाना भरने का भी काम कर रहा है। इससे विकास कार्य होंगे जिससे साबरमती रिवरफ्रंट का आकर्षण और बढ़ेगा। यह कथा का अंत न होकर उसका आरम्भ है। साबरमती रिवरफ्रंट विकास के अगले चरणों से अहमदाबाद की जनता के जीवन में नए पंख लगेंगे।

'रिवरफ्रंट फेज़ 2' के मास्टरप्लान से विकास और प्रकृति में सामंजस्य बनाने के प्रयास किए जाएंगे। इसमें उच्च, मध्यम व कम घनत्व वाले क्षेत्रों के मिश्रण से सावधानीपूर्वक हरित व खुले क्षेत्रों के बीच संतुलन बनाया जाएगा। इसके साथ ही मास्टरप्लान में सक्षम व समन्वित आवागमन नेटवर्क को बढ़ावा दिया गया है। यह भी उल्लेखनीय है कि समग्र विकास को संवेदनशील, टिकाऊ तथा शहरवासियों की बेहतरी व बेहतर सोच को प्रोत्साहन देने वाला होना चाहिए। अगले पांच साल में जब लोग अहमदाबाद व साबरमती रिवरफ्रंट जाएंगे तो वे देखेंगे कि वहां एक नया सिंगापुर उभर रहा है जो लोगों की समान या अधिक ऊर्जा के साथ सामने आ रहा है। इससे शहर व गुजरात की अर्थव्यवस्था नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगी, जबकि जीवन व प्रकृति में पूर्ण सामंजस्य होगा तथा विकास पूरी तरह टिकाऊ होगा। यह शहरी पुनर्जीवन व विकास का एक उदाहरण बनेगा जिसका अनुसरण देश में अन्य स्थानों पर भी किया जा सकेगा।

भारत में शहर युगों से नदियों के किनारे विकसित हुए हैं। अत: नदी के किनारों का विकास शहरों के पुनर्जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। इस बारे में कोई दो राय नहीं हो सकती है। इससे पता चलता है कि दिल्ली क्यों पीछे हट रहा है और शहर क्यों मर रहा है। यहां के लोग निराश क्यों हैं। दिल्ली की जनसंख्या राष्ट्रीय राजधानी में रहने पर गर्व का अनुभव करने के बजाय स्वयं को माचिस के डिब्बों जैसी संरचनाओं में बंद पाती है जहां सांस लेने और टहलने के लिए उसे संघर्ष करना पड़ता है। दिल्ली में लोग न ठीक से सांस ले पाते हैं और न टहल पाते हैं। उनको हर साल स्वास्थ्य पर ज्यादा से ज्यादा खर्च करना पड़ता है। यमुना दिल्ली को जीवन देती है, पर वह स्वयं एक नाले में बदल गई है। राष्ट्रीय राजधानी के नेताओं ने जनता को यमुना नदी के पुनर्जीवन के बारे में मूर्ख बनाया है, जबकि असलियत में उन्होंने पैसा लूट कर केवल अपनी जेबें भरी हैं। अब लोग इसे अपनी किस्मत मान चुके हैं कि उनके जीवन में बेहतरी की कोई संभावना नहीं है। पहले शीला दीक्षित 2003 से 2015 तक दिल्ली की मुख्यमंत्री रहीं और उन्होंने यमुना स्वच्छ करने के बारे में झूठे वादे किए। उनके बाद अरविंद केजरीवाल ने लोगों को इतनी अधिक आशंकाओं से भर दिया कि अब किसी को शाम को यमुना नदी के किनारे उस तरह से टहलने की उम्मीद नहीं बची है जिस प्रकार वे साबरमती रिवरफ्रंट पर घूमते हैं। 2015 में केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों को सपना दिखाया था कि वे यमुना को लंदन की टेम्स नदी बना देंगे। 2020 में उन्होंने दिल्ली विधानसभा में एक 10 बिंदु वाला गारंटी कार्ड पेश कर कहा था कि यमुना इतनी स्वच्छ बना दी जाएगी कि लोग उसके पानी में तैरने लगेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने यह दावा भी किया था कि वे 2023 तक यमुना के प्रदूषण में 90 प्रतिशत तक कमी कर देंगे।

इस समयसीमा में अब केवल दो महीने बाकी बचे हैं, जबकि राष्ट्रीय राजधानी में यमुना में रसायनों का झाग तैर रहा है। केन्द्र ने भी इसके लिए 2,419 करोड़ रुपये की धनराशि दी है। लेकिन शहर की सरकार के पास कोई इच्छाशक्ति नहीं है। लोगों के जीवन में परिवर्तन के लिए शहर प्रशासकों का समुचित दृष्टिकोण होना चाहिए, जबकि केजरीवाल नीत आम आदमी सरकार खैरात की राजनीति कर जल्दी से जल्दी राजनीतिक लाभ प्राप्त करना चाहती है। इस प्रकार यमुना दिल्ली में मृतप्राय है, जबकि अहमदाबाद में बहने वाली साबरमती युवा ऊर्जा से भरी है। अब दिल्ली एक और जाड़े का सामना करने जा रही है। लोग एक बार फिर जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर होंगे, जबकि कार्बन और प्रदूषण को सोखने का कोई 'कार्बन सिंक' नहीं है। यदि समुचित दृष्टिकोण तथा लोगों के जीवन में बेहतरी के लिए परिवर्तन की इच्छाशक्ति हो तो यमुना रिवरफ्रंट भी समुचित स्वरूप प्राप्त कर सकता है।

# आरबीआई पर सरकार के नियंत्रण की सीमाएं

"वित्तीय मध्यस्थता और वित्तीय बाजारों के व्यवस्थित संचालन के लिए आरबीआई की स्वायत्तता महत्वपूर्ण है।"

**एस कल्याणसुंदरम**
(लेखक सेवानिवृत्त बैंकर हैं)



भारतीय रिजर्व बैंक ने 17 अगस्त, 2022 को भुगतान प्रणाली में शुल्क पर एक चर्चा पत्र जारी किया। डिजिटल भुगतान सेवाओं की एक श्रृंखला के लिए शुल्क संरचना पर प्रतिक्रिया मांगने वाला आरबीआई पेपर 3 अक्टूबर तक टिप्पणियों के लिए खुला है। यह माना गया था कि आरबीआई द्वारा यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस के लिए शुल्क लगाने की संभावना है जो अभी मुफ्त है। यह स्पष्ट नहीं है कि आरबीआई ने इस पर जनता की राय क्यों मांगी है, क्योंकि अब तक आरबीआई ने एनईएफटी या आरटीजीएस लेनदेन पर या विभिन्न बैंकों द्वारा लगाए गए विभिन्न सेवा शुल्कों पर कोई जनमत नहीं मांगी है। तुरंत, सरकार ने स्पष्ट किया कि यूपीआई सेवाओं पर कोई शुल्क लगाने के लिए सरकार के साथ ऐसा कोई कदम नहीं है। एक ट्वीट में, वित्त मंत्रालय ने कहा, ''यूपीआई अर्थव्यवस्था के लिए सार्वजनिक उत्पादकता लाभ के लिए अत्यधिक सुविधा के साथ एक डिजिटल सार्वजनिक वस्तु है।'' यूपीआई सेवाओं के लिए कोई शुल्क लगाने के लिए सरकार में कोई विचार नहीं है।

लागत वसूली के लिए सेवा प्रदाताओं की चिंताओं को अन्य माध्यमों से पूरा करना होगा। ऐसा लगता है कि इस मुद्दे पर सरकार और आरबीआई के बीच मतभेद है और यह सार्वजनिक हो गया है। आरबीआई ने 18 अगस्त, 2022 को 'सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का निजीकरण : एक वैकल्पिक परिप्रेक्ष्य' शीर्षक से एक अध्ययन पत्र भी जारी किया है। जैसा कि शीर्षक से ही पता चलता है कि यह एक 'वैकल्पिक परिप्रेक्ष्य' है। इसका मतलब है कि यह मौजूदा परिप्रेक्ष्य के विपरीत है। सरकार ने कई बार विभिन्न एजेंसियों के माध्यम



से और अधिकारियों के माध्यम से सूचित किया कि वे सरकारी बैंकों का निजीकरण करना चाहते हैं। कभी वे कहते हैं कि वे सभी बैंकों का निजीकरण करना चाहते हैं और कभी कहते हैं कि वे किसी दो या तीन का निजीकरण करना चाहते हैं। जब बैंक यूनियनों ने सरकार से स्पष्ट आश्वासन मांगा कि सरकारी बैंकों का निजीकरण नहीं किया जाएगा, तो इसे स्वीकार नहीं किया गया और बैंक यूनियनों ने अपना आंदोलन जारी रखा जिसमें हड़ताल की कार्रवाई शामिल है। समापन भाग में निम्नलिखित दावे शामिल हैं ''इन बैंकों के निजीकरण का एक बड़ा धमाका दृष्टिकोण अच्छे से अधिक नुकसान कर सकता है।'' ''यह लेख साक्ष्य के साथ एक वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रदान करता है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक पूरी तरह से केवल लाभ अधिकतमकरण लक्ष्य द्वारा निर्देशित नहीं हैं और उन्होंने पीवीबी के विपरीत अपने उद्देश्य कार्य में वांछनीय वित्तीय समावेशन लक्ष्यों को एकीकृत किया है'' और ''कमजोर बैलेंस शीट की आलोचना के बावजूद, डेटा सुझाव देता है कि उन्होंने कोविड -19 महामारी के झटके को अच्छी तरह से झेला।'' ऐसी संभावना है कि उपरोक्त दावे सरकार के लिए सुविधाजनक न हों। जब सामग्री पर व्यापक रूप से चर्चा हुई, तो आरबीआई ने तुरंत एक स्पष्टीकरण के साथ कहा कि लेख में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और भारतीय रिजर्व बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। आरबीआई यहीं नहीं रुका। इसने रिपोर्ट के निष्कर्ष से कुछ बिंदुओं पर प्रकाश डाला, जो यह दिखाने के लिए हो सकता है कि सेंट्रल बैंक सरकार के विचारों के अनुरूप है। यदि रिपोर्ट आरबीआई के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करती है, तो उन्हें उस पर विस्तार से क्यों बताना चाहिए?

यहां फिर से, ऐसा लगता है कि आरबीआई ने कुछ क्षति-नियंत्रण अभ्यास का प्रयास किया है। वित्तीय मध्यस्थता और वित्तीय बाजारों के व्यवस्थित संचालन के लिए आरबीआई की स्वायत्तता महत्वपूर्ण है, वित्तीय नियामकों की स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि आरबीआई अधिनियम, 1934 की धारा 7 के रूप में केंद्र सरकार सर्वोच्च है, ''प्रबंधन - (1) केंद्र सरकार समय-समय पर बैंक को ऐसे निर्देश दे सकती है, मगर ऐसा वह परामर्श के बाद कर सकती है। यदि बैंक के गवर्नर जनहित में आवश्यक समझें।''

लेकिन यह भी सच है कि, जैसा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 28 अगस्त, 2018 के अपने आदेश में प्रावधान किया है, ''हालांकि, केंद्र सरकार से धारा 7(1) के तहत किसी भी निर्देश को अंधाधुंध या बेतरतीब ढंग से जारी करने की उम्मीद नहीं है। इस तरह के निर्देश तभी संभव हैं जब समर्थन में पर्याप्त सामग्री मौजूद हो।''

## आप की बात

### प्रदूषण की समस्या

**प्रदूषण** महानगरों की एक बड़ी समस्या है। राजधानी दिल्ली में प्रदूषण किसी आफत से कम नहीं है। सरकार एवं नगर निगम होने के बावजूद भी प्रदूषण से निपटना आसान नहीं है इसका सबसे बड़ा कारण है दिल्ली के ग्रामीण, जे जे क्लस्टर एवं अनाधिकृत कॉलोनियों की सड़कों एवम गलियों में टूट-फूट और ट्रैफिक जाम के कारण धूल भरा माहौल बना हुआ है इसके अलावा दिल्ली में पराली एक बड़ी समस्या है हरियाणा पंजाब और यूपी में पराली जलाई जाती है और दिल्ली में प्रदूषण विकराल रूप धारण कर लेता है जिसके कारण सांस की बीमारी से बच्चों एवम वृद्धों को भारी समस्या का समस्याओं का सामना करना पड़ता है दिल्ली की सड़कों एवं फुटपाथ पर अतिक्रमण भी प्रदूषण का एक बड़ा कारण है फुटपाथ अवैध व्यापार के कब्जे में है, मजबूरन पैदल यात्री सड़क पर चलते हैं इसलिए ट्रैफिक जाम होता है केवल दिल्ली में 19 लाख वाहन बिना प्रदूषण सर्टिफिकेट के सड़कों पर हैं सरकार इन पर भारी जुर्माना लगाए और वाहन जब्त करे। ऐसा नहीं है कि सरकारों के द्वारा प्रदूषण पर रोकथाम के लिए कड़े कदम उठाए हैं बावजूद इसके इस समस्या का कोई समाधान होता दिखाई नहीं देता है।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### दर्दनाक हादसा

**कानपुर** हादसे में 26 लोगों के जान गंवाने और 20 से अधिक लोगों के घायल होने के बाद लोगो की रूह कांप उठी। एक ही परिवार के 6 लोगो की मौत के बाद पूरा परिवार समाप्त हो गया। हमारे देश में कई सैकड़ा लोग हादसे में अपनी जान गवाते है। अगर सही मायनों में देखा जाए हम लोग यातायात नियमों को दरकिनार करके यात्रा करते है जो किसी भी सूरतेहाल में सही न है। कानपुर हादसे में लोग देवी दर्शन करके वापस लौट रहे थे उनको क्या पता था कि यह उनकी अंतिम यात्रा होगी। ट्रैक्टर ट्राली कृषि उपयोग के लिए होती हैं लेकिन इसको लोगों ने आवागमन का साधन बना रखा है अक्सर गांव में मेला हो या किसी देवी दर्शन के लिए जाना हो लोग आवागमन के लिए ट्रैक्टर ट्राली का ही प्रयोग करते हैं। लेकिन उनके द्वारा लिया गया यह निर्णय किसी जानलेवा खतरे से कम नहीं होता है। ट्रैक्टर ट्राली में यात्रा करना किसी भी सूरते हाल में सही ना है कानपुर हादसे में ट्रैक्टर ट्राली पलटने से 26 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। यातायात पुलिस विभाग लगातार अभियान चलाता रहता है। एक निश्चित समय तक लोगों को जागरूक किया जाता है,बावजूद इसके लोग मानते नहीं हैं।

– **योगेंद्र गौतम**, ललऊ खेड़ा, उन्नाव

### चीन को करारा झटका

**चीन** की फ़ितरतो व पेत्रेबाजी का करारा झटका उसको अपनी व्यापार नीति मे मिला है. चीन की भारत के प्रति दोहरी मापदंड नीतियों से चीन को मुंह की और खानी पड़ती है! बाजार की त्योहारी रौनक मे इस बार चीनी चमक धुंधली या गायब ही हो गई! विगत वर्षो कोरोना के बाद दो साल बाद बाजारों मे चीनी उत्पाद की चमक धमक लुप्त प्राय सी हो गई! गणेश उत्सव से अब तक चीनी मुर्तिया और सजावटी सामान का आयात लगभग बंद सा हो गया है। चीन की भारत के प्रति पूर्वाग्रह से ग्रसित मानसिकता व विरोधी नीतियों को देखते हुए! चीन से आये सामान को लेकर ज्यादातर लोगो की बेरुखी के चलते अधिकांश आयातको ने सामान मंगवाना बंद कर दिया! बिल्कुल सही भी है मुख मे राम बगल मे छुरी वाले चीन को करारा झटका जरुरी है! समाचार पत्र के समाचार के आधार पर प्रतिवर्ष चीन से 25 करोड़ का सामान आता था ! इस बार नहीं आया! भारत मे चीन की व्यापार नीति को ध्वस्त करना जरुरी हो गया है!

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**हम** उन देशों में एक हैं जिनके पास अपनी रक्षा के लिए व्यापक विकल्प उपलब्ध हैं।

– **एस. जयशंकर**
विदेश मंत्री

**अर्थव्यवस्था** को गति देने व ब्रिटेन को आगे बढ़ाने के लिए हमें तत्काल कार्रवाई करनी होगी।

– **लिज़ ट्रस**
ब्रिटिश प्रधानमंत्री





**पहली** बार हमारे किसानों को नियमित, अबाध एवं अतिरिक्त जल मिला है।

– **भगवंत मान**
पंजाब के मुख्यमंत्री

# प्रदेश में पहली बार महिला पीएसी बटालियन का होगा गठन

● वीर नारियों अवंतीबाई, उदा देवी और झलकारी बाई के नाम पर होंगी यह बटालियन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** की योगी सरकार ने महिला शक्ति को प्रदेश की सुरक्षा का जिम्मा सौंपा है। इसी के तहत मुख्यमंत्री योगी ने पीएसी की तीन महिला बटालियन के गठन की घोषणा की है जिस पर युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। वहीं प्रदेश के सभी 1584 थानों पर महिला बीट आरक्षी को नियुक्त करते हुए महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण अभियान मिशन शक्ति शुरू किया गया। इसके तहत प्रदेश के पुलिस बल में 20 प्रतिशत महिलाओं की नियुक्ति के लिए आरक्षित किया गया ताकि महिलाओं को सुरक्षा देने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सके। प्रदेश में वीर एवं साहसी महिलाओं के नाम पर तीन प्रांतीय सशस्त्र सीमा बल पीएसी की महिला बटालियन स्थापित की जा रही है। इन तीन बटालियन का नाम रानी अवंतीबाई लोधी, उदा देवी और झलकारीबाई के नाम पर रखा जा रहा है जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में आपने प्राणों का बलिदान दिया था। यह बटालियन बदायूं, लखनऊ और गोरखपुर में स्थापित की जा रही हैं। पीएसी की एक महिला बटालियन में 1262 पदों पर तैनाती की प्रक्रिया चल रही है। इसमें एक सेनानायक, तीन उपसेनानायक, नौ सहायक सेनानायक के साथ एक शिविरपाल, 24 इंस्पेक्टर, 108 हेड कांस्टेबल, 842 के साथ सफाईकर्मी, रसोइया के पद शामिल हैं। थाने में आने वाले बेटियों और महिलाओं की समस्याओं को सुनने और उसके त्वरित निस्तारण के लिए योगी सरकार ने जीआरपी सहित प्रदेश के 1584 थानों में महिला बीट आरक्षी को नियुक्त करते हुए महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की है। इसके लिए विशेष तौर पर महिलाओं के लिए थाना परिसर में रिसेप्शन की स्थापना की गई ताकि वह महिला आरक्षी से बेझिझक होकर अपनी बात बता सकें। पीड़ित महिला की समस्या का शत प्रतिशत निस्तारण हो और उन्हे भटकना न पड़े इसके लिए टोकन की भी व्यवस्था की गई।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को श्री गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में मां आदिशक्ति की विधि विधान से आराधना की

## जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण सरकार की प्राथमिकता: केशव प्रसाद मौर्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सोमवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। उपमुख्यमंत्री ने समस्याओं को त्वरित गति से निस्तारण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित भी किया। जनता दर्शन में बुजुर्ग, महिलाएं, पुरूष एवं दिव्यांग सहित सैकड़ों लोगों के पास जाकर उपमुख्यमंत्री बारीकी से सबकी बातों को सुना और निस्तारण का आश्वसन भी दिया। समस्याओं में मुख्य रूप से विद्युत, मार्ग चौड़ीकरण, सड़क निर्माण, आवास दिलाने, अवैध कब्जा, कानून व्यवस्था, रास्ता खुलवाने, विकास कार्य, मारपीट, राजस्व, अतिक्रमण, जमीनी विवाद, चिकित्सा सहायता आदि से सम्बन्धित थीं।

उपमुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में आये लोगों से उनकी समस्याएं सुनीं एवं प्रार्थना पत्र भी लिये, साथ ही कई लोगों की समस्याओं के निस्तारण के संबंध में कई उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता भी की। जनता दर्शन के दौरान ही कई लोगों की समस्याओं का निस्तारण भी कराया गया। उप मुख्यमंत्री ने फरियादियों को विश्वास दिलाया कि किसी को भी निराश नहीं होना पड़ेगाए सबकी समस्याओं का समुचित समाधान कराया जायेगा।

## लखनऊ में 8 व 9 अक्टूबर को होगा आरोग्य भारती का राष्ट्रीय अधिवेशन

● मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया और डॉ. मनमोहन वैद्य उद्घाटन समारोह में रहेंगे उपस्थित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

आरोग्य भारती का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन इस बार लखनऊ में होगा। कानपुर रोड स्थित सिटी मांटेसरी स्कूल में 8 और 9 अक्टूबर को अधिवेशन संपन्न होगा। अधिवेशन में देश के विभिन्न प्रान्तों के प्रांत स्तर व इसके ऊपर के करीब 700 प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। आरोग्य भारती अवध प्रांत के प्रांतीय सचिव डॉ इंद्रेश कुमार ने बताया कि अधिवेशन का भव्य उद्घाटन 8 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। उद्घाटन के अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा मनसुख मांडविया और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉक्टर मनमोहन वैद्य उपस्थित रहेंगे। अधिवेशन के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता आरोग्य भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा राकेश पंडित करेंगे। आरोग्य भारती के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र सह संयोजक डा संग्राम सिंह ने बताया कि आरोग्य भारती स्वास्थ्य के क्षेत्र में अखिल भारतीय स्तर पर काम करने वाला सेवा संगठन है। प्रतिवर्ष संपूर्ण देश के सभी प्रांतों की कार्यकारिणी के सभी कार्यकर्ता अखिल भारतीय प्रतिनिधि मंडल बैठक मे शामिल होते हैं । अधिवेशन में विगत वर्ष में संपन्न कार्य की जानकारी, संगठन के वर्तमान कार्यों की समीक्षा और आगामी वर्ष में किए जाने वाले कार्यों पर चर्चा होगी।

## 2017 से अब तक 9680 कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर को मिली ट्रेनिंग: पाठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सुदूरवर्ती** क्षेत्रों में लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुॅच बनाये रखने के प्रयास में जुटी योगी सरकार के कार्यकाल में 2017 से अब तक 9680 कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इस बावत उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि पांच हजार से अधिक सीएचओ की तैनाती की प्रक्रिया चल रही है। वर्तमान में पूरे प्रदेश में 13 हजार 700 से अधिक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर हैं। इनमें सीएचओ की तैनाती की जा रही है। सीएचओ मरीजों को प्राथमिक इलाज मुहैया कराते हैं। गर्भवती और स्तनपान करने वाली महिलाओं को उचित सलाह देते हैं। जरूरत पड़ने पर उनके स्वास्थ्य से जुड़े प्राथमिक इलाज का काम करते है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। सीएचओ की संख्या में वृद्धि के लिए साल में कई परीक्षाएं कराई जा रही हैं ताकि अधिक से अधिक सीएचओ तैनात किए जा सकें। बीमारी को गंभीर होने से रोकने में सीएचओ अहम भूमिका अदा कर रहे हैं। इनकी संख्या लगातार बढ़ाई जा रही है।

## मुलायम सिंह यादव के जल्द स्वस्थ होने के लिए मंदिरों में की जा रही प्रार्थना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के संरक्षक एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए राज्य के विभिन्न जिलों में पूजा-अर्चना की जा रही है। उल्लेखनीय है कि सपा संस्थापक की रविवार को अचानक तबियत काफी खराब हो जाने पर उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल के क्रिट्किल केयर यूनिट में शिफ्ट किया गया है। समाजवादी पार्टी ने सोमवार को ट्विट कर मुलायम सिंह यादव के स्वास्थ्य की स्थिति को स्पष्ट किया। सपा ने ट्विट कर बताया कि नेताजी क्रिटिकल केयर यूनिट में भर्ती हैं। उनकी हालत स्थिर है। अभी उनसे मिलना संभव नही है। पार्टी ने कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे वहां न जाएं उन्हें समय-समय पर स्वास्थ्य की जानकारी दे दी जाएगी। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के उत्तम स्वास्थ्य के लिए सोमवार को लखनऊ में विक्रमादित्य मार्ग स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय के पास हनुमान मंदिर में मुलायम सिंह यादव के स्वास्थ्य के लिए सुबह से भजन-कीर्तन और प्रार्थना होती रही। इसी तरह से वाराणसी में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता उनके जल्द स्वस्थ होने के लिए जगह-जगह पूजा-पाठ कर रहे हैं। पूर्व राज्य मंत्री एवं पार्टी नेता रीबू श्रीवास्तव ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ गिलट बाजार स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना करके मुलायम सिंह यादव के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव देश में समाजवाद का चेहरा हैं। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह ने हमेशा कहा कि हिन्दू और मुसलमान देश के दो आंख कान हैं और हिन्दू मुसलमान एकजुट होकर ही देश को आगे बढाने में मदद कर सकते हैं। सहारनपुर में भी मुलायम सिंह यादव के स्वस्थ होने की कामना करते हुए सहारनपुर जिले में दुआओं और पूजा-पाठ का सिलसिला जारी है।


### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने की मुलायम के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस ने कहा है कि समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के अस्वस्थ होने की सूचना चिंताजनक है। भारत जोड़ो यात्रा का नेतृत्व कर रहे राहुल गांधी को जैसे ही उनके अस्वस्थ होने की सूचना प्राप्त हुई उन्होंने भी जल्द स्वस्थ होने की कामना की। प्रियंका गांधी ने इस पर चिंता व्यक्त करते हुए उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की है। प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी एवं राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने भी मुलायम सिंह यादव के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

## एसआईटी का नाम बदलकर किया गया एसएसआईटी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर विशेष अनुसंधान दल, उत्तर प्रदेश (एसआईटी) का नाम बदलकर राज्य विशेष अनुसंधान दल, उत्तर प्रदेश किए जाने का निर्णय लिया गया है। सरकारी प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि भविष्य में विशेष अनुसंधान दल के स्थान पर राज्य विशेष अनुसंधान दल, उत्तर प्रदेश, नाम से पत्राचार किया जाएगा। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष एवं राज्य की पूर्व सीएम मायावती के नेतृत्व वाली तत्कालीन राज्य सरकार ने जून 2007 में एसआईटी का गठन किया था। इस जांच एजेंसी का गठन प्रभावशाली व्यक्तियों और लोक सेवकों से संबंधित मामलों की प्रभावी जांच करने के इरादे से किया गया था। एसआईटी द्वारा जांच के परिणाम स्वरूप विभागीय कार्यवाही के लिए सिफारिश की जाती है। इसका मुख्यालय लखनऊ में है और इसका कार्यक्षेत्र पूरा उत्तर प्रदेश है। एसआईटी का मुखिया पुलिस महानिदेशक (डीजी) स्तर के अधिकारी को बनाया जाता है।

## सूबे में बनेगा योग, प्राकृतिक चिकित्सा बोर्ड



**लखनऊ।** प्रदेश में योग और प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए योग, प्राकृतिक चिकित्सा बोर्ड बनाया जाएगा। शासन स्तर पर इसकी जिम्मेदारी महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति डा एके सिंह को सौंपी गई है। कुलपति ने बताया कि योग, प्राकृतिक चिकित्सा के लिए कॉलेज की व्यवस्था, कोर्स, अध्यापक आदि के मानक तैयार किए जा रहे हैं। महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के खुलने से प्रदेश में आयुष के विस्तार को बढ़ावा दिया जायेगा। इसके तहत आयुर्वेद कालेजों में सिद्धा चिकित्सा पद्धति की पढ़ाई शुरू करने की तैयारी है। आयुष पद्धति में आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्धा और होम्योपैथिक की स्वास्थ्य देखभाल और उपचार प्रणाली शामिल है। प्रदेश में आयुष के तहत अभी तक आयुर्वेद, होम्योपैथिक, यूनानी चिकित्सा पद्धति के मेडिकल कॉलेज हैं। यहां अन्य चिकित्सा पद्धतियों को भी विकसित करने की तैयारी है। योजना के प्रारंभिक दौर में सिद्धा पद्धति का संचालन एक या दो आयुर्वेदिक कॉलेज में होगा। अभी तक इसका प्रसार सिर्फ तमिलनाडु में हैं। यह पद्धति आयुर्वेद से काफी मेल खाती है। त्वचा रोग, मूत्र रोग, सिरोसिस सहित अन्य बीमारियों में इसे कारगर माना जाता है। **यह है सिद्धा पद्धति:** सिद्धा पद्धति में आयुर्वेद की तरह जड़ी बूटी, धातु व खनिज पदार्थ से तैयार दवाओं से इलाज किया जाता है। इसकी दवा में सल्फर, माइका, अभ्रक, मर्क्यूरी आदि का भी प्रयोग होता है।

## अपराध पीड़िताओं के डाक्टरी परीक्षण में विलंब के मामलों पर डीजीपी ने जतायी कड़ी नाराजगी

● लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महिला** संबंधी विभिन्न अपराधों विशेषकर पाक्सो एक्ट, बलात्कार, अपहरण और एसिड अटैक की घटनाओं की पीड़िताओं का चिकित्सीय परीक्षण कराने में जान-बूझकर अनावश्यक विलंब किए जाने के मामलों को संज्ञान में लेते हुए डीजीपी डीएस चौहान ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि चिकित्सीय परीक्षण में देरी न केवल अपराध के साक्ष्यों का विलोपन होता है वरन इससे पीड़ित पक्ष में प्रशासन व पुलिस व्यवस्था के प्रति अविश्वास तथा आक्रोश उत्पन्न होने की प्रबल संभावना रहती है। इसके अलावा कई दिनों तक पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण यथा वाह्य परीक्षण, आंतरिक परीक्षण, एक्सरे, स्लाइड परीक्षण तथा सप्लीमेंट्री मेडिकल रिपोर्ट पूर्ण न हो पाने के कारण पीड़िता को कहां रखा जाए, इसको लेकर भी व्यवहारिक समस्या रहती है। डीजीपी ने राज्य के सभी जिलों के पुलिस कप्तानों और चारों पुलिस आयुक्तों को इस संबंध में विस्तृत निर्देश जारी किए है। उन्होंने कहा कि पीड़िताओं का तत्काल चिकित्सीय परीक्षण कराते हुए ऐसे मामलों में तत्परतापूर्वक विवेचानात्मक कार्रवाई पूर्ण की जाए। इस संबंध में जारी किए गए परिपत्र में डीजीपी की ओर से निर्देशित किया गया है कि महिलाओं के प्रति अपराध, उनके प्रति संवेदनशीलता तथा विधिक ज्ञान के सम्बन्ध में समस्त विवेचकों व पुलिस कर्मियों को जागरूक सतर्क एवं व्यावसायिक रूप से दक्ष बनाने के लिए नियमित ब्रीफिंग कार्यशालाओं का आयोजन एवं विधि विशेषज्ञों के व्याख्यान के कार्यक्रम आयोजित कराए जाएं। महिला सम्बन्धी अपराध के विवेचकों, महिला पुलिस कर्मियों, महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त कर्मियों तथा थाना कार्यालय में नियुक्त समस्त कर्मियों को महिलाओं से सम्बन्धित अपराध में बिना किसी विलम्ब के तत्परतापूर्वक कार्रवाई करने के लिए स्पष्ट रूप से निर्देशित किया जाए। इसके अनुपालन में शिथिलता, स्वेच्छाचारिता व लापरवाही प्रदर्शित करने वाले कर्मियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध दण्डात्मक/ विभागीय कार्रवाई कराई जाए। डीजीपी ने निर्देश दिए है कि महिलाओं के विरुद्ध घटित होने वाले अपराधों विशेषकर बलात्कार (लैंगिक अपराध) की घटनाओं में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 164 (ए) का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। 164 (ए) दंड प्रक्रिया संहिता के प्राविधानों के अनुसार पीड़िता का तत्काल चिकित्सीय परीक्षण एवं आवश्यकतानुसार चिकित्सीय उपचार भी कराया जाए।

## राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को मिलेंगे 1395 नये अध्यापक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लोक** सेवा आयोग, प्रयागराज उत्तर प्रदेश द्वारा चयनित 123 सहायक अध्यापक तथा 1272 प्रवक्ताओं को शीघ्र निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुये राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में नियुक्ति दी जायेगी। इसके लिए एनआईसी के पोर्टल पर अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे तथा अपनी इच्छानुसार जनपद तथा विद्यालय का चयन कर सकेंगे। पोर्टल 6 अक्टूबर अपराह्न से प्रारम्भ हो जायेगा तथा अभ्यर्थी 10 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक आवेदन कर सकेंगे। आवेदन ऑनलाइन ही सबमिट होगा तथा किसी अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थियों को उक्त ऑनलाइन नियुक्ति प्रक्रिया में प्रतिभाग न करने की दशा में उन्हें अन्य अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा तथा विभाग का निर्णय अन्तिम होगा। उक्त प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात नियुक्ति पत्र निर्गत करने की कार्यवाही की जायेगी। बता दें कि विभाग को अभ्यर्थियों में महिला शाखा में 402 तथा पुरूष शाखा के 870 नव चयनित प्रवक्ता मिले हैं। इसी प्रकार महिला शाखा के 74 तथा पुरूष शाखा के 49 नव चयनित सहायक अध्यापक राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को मिले हैं। राजकीय विद्यालयों में नये अध्यापक प्राप्त होने से शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

## तिकुनिया हिसा में मारे गये किसानों के परिजनों को आर्थिक मदद दे सरकार: रालोद

**लखनऊ।** एक वर्ष पूर्व 3 अक्टूबर को लखीमपुर के तिकुनिया में हुयी हिंसा में शहीद हुये किसानों की स्मृति में सोमवार को राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मनजीत सिंह की अध्यक्षता में एक स्मृति गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में उपस्थित सभी पदाधिकारियों और रालोद नेताओं ने शहीद हुये किसानों के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित करते हुये श्रद्धांजलि दी। रालोद के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनजीत सिंह ने कहा कि आज ही के दिन भाजपा मंत्री की साजिश के तहत निर्दोष किसानों की जान गई थी और कई किसान घायल हुये थे। राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा कि दोषी मंत्री को जब तक मंत्रिमण्डल से बर्खास्त नहीं किया जाता तब तक किसानों को कोई न्याय मिलना सम्भव नहीं है। बैठक में प्रस्ताव किया गया कि मृतक आश्रित परिवारों को सरकारी नौकरी तथा मुआवजे के रूप में एक करोड़ रूपय व घायलों को 25 लाख रूपये दिये जाएं।

## बड़ी संख्या में लोगों ने ग्रहण की कांग्रेस पार्टी की सदस्यता

**लखनऊ।** कांग्रेस की नीतियों और प्रियंका गांधी के नेतृत्व में भरोसा जताते हुए भारी संख्या में लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी प्रवक्ता कृष्णकांत पांडेय ने बताया कि जमालुद्दीन खान, ई. अहमद सफ रान, हाजी अब्दुल वहाब, नियाज उर्फ गुड्डू, मेराज खान, यासिर, रहमत खान, नबीउल्ला खान, मेहताब आज़मी, हाफि ज इरफ ान, अनूप मौर्या, रवि मौर्या, विरेन्द्र सिंह, मो. आसिफ सिद्दीकी, देवेन्द्र कुमार, अकील अंसारी, मो. वासिफ , सलमान सहाबुद्दीन भारी संख्यास में लोगों ने आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष योगेश दीक्षित एवं नकुल दुबे, प्रदेश महासचिव सुबोध श्रीवास्तव, मनोज यादव, प्रदेश सचिव अनिल यादव, डॉ. रेहान अहमद खान, प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय, संजय सिंह, पंकज तिवारी, प्रियंका गुप्ता, की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रदर्शन के लिए मिलेगी फेलोशिप: नवनीत सहगल

● खेल प्रतियोगिता व प्रशिक्षण के दौरान लगने वाली चोट के उपचार के लिए खिलाड़ी को मिलेगी 5 लाख रुपये तक की वित्तीय मदद

### 35 खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने का निर्णय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अपर** मुख्य सचिव खेल डॉ. नवनीत सहगल ने कहा कि प्रदेश में खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रदर्शन करने में अब आर्थिक समस्या आड़े नहीं आयेगी। राज्य सरकार एकलव्य क्रीड़ा कोष के तहत खिलाड़ियों को खेल में उच्च स्तरीय प्रदर्शन एवं संवर्धन के लिए फेलोशिप प्रदान करेगी। यह निर्णय सोमवार को बापू भवन में अपर मुख्य सचिव खेल डॉ. नवनीत सहगल की अध्यक्षता में आयोजित एकलव्य क्रीड़ा कोष की बैठक में लिया गया। इस दौरान 35 खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता, फेलोशिप प्रदान करने का भी निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही एकलव्य क्रीड़ा कोष से जनपद व मण्डल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी पंजीकृत खिलाड़ियों, आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों एवं स्पोर्ट्स कालेजेज के खिलाड़ियों को आयुषमान भारत योजना के तहत कवर कराने का प्रस्ताव पारित किया गया।

डॉ. सहगल ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों एवं मण्डलों से राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ियों को एकलव्य क्रीड़ा कोष से आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी। एकलव्य क्रीड़ा कोष के तहत खेल संघों द्वारा आयोजित राष्ट्रीय चौम्पियनशिप में पदक विजेता खिलाड़ियो को अपने खेल विधा से संबंधित आवश्यक उपकरणों की खरीद हेतु पांच लाख रुपये तक अनुदान दिये जाने की व्यवस्था है। सम्बद्धता प्राप्त खेल संघों द्वारा 04 वर्षों के अंतराल पर आयोजित किये जाने वाले एशियन चौम्पियनशिप, एशियन गेम्स, वर्ल्ड कप, विश्व चौम्पियनशिप तथा एशिय कप में पदक विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को शारीरिक विकास एवं संवर्धन हेतु डाइट मनी के रूप में 03 लाख रुपये की धनराशि प्रतिवर्ष देने का प्राविधान है। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि इसी प्रकार जूनियर एशियन चौम्पियनशिप, जूनियर विश्व चौम्पियनशिप, जूनियर वर्ल्ड कप, एशियन कप, यूथ ओलम्पिक गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स, सैफ गेम्स पदक विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को 02 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रतिवर्ष दी जायेगी। इसके अलावा ओलम्पिक गेम्स हेतु क्वालीफाई, कोचिंग कैम्प हेतु खिलाड़ियों को 05 लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जायेगी। साथ ही खेल प्रतियोगिता एवं प्रशिक्षण के दौरान लगने वाली चोट के उपचार हेतु खिलाड़ी को 05 लाख रुपये वित्तीय मदद दी जायेगी। श्री सहगल ने बताया कि ओलंपिक गेम्स, कामनवेल्थ गेम्स, एशियन गेम्स, वर्ड चौम्पियन, वर्ल्डकप, एफ्रो एशियन गेम्स, सैफ गेम्स व राष्ट्रीय चौम्पियनशिप में पदक जीतने वाले खिलाड़ी तैयार करना एकलव्य क्रीड़ा कोष का मुख्य उद्देश्य है। इस कोष के तहत खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को अत्याधुनिक अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण की व्यवस्था प्रदान करना है। खिलाड़ियों का स्वास्थ्य बीमा कराया जायेगा। साथ ही खेल क्लबों तथा अकादमियों को प्रत्यक्ष व परोक्ष रुप से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जायेगी। इसके अतिरिक्त दिव्यांगजन, ट्रान्सजेण्डर व महिला खिलाड़ियों को अतिरिक्त प्रोत्साहन दिया जायेगा। खिलाड़ियों को आधुनिक खेल उपकरण व सामग्री भी उपलब्ध कराई जायेगी। बैठक में एकलव्य क्रीड़ा कोष के सचिव निदेशक खेल आरपी सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## नगर निगम क्षेत्र की कालोनियों में बच्चों के खेलने के लिए अब एक पार्क की होगी व्यवस्था

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शहरों** में बच्चों को खेलने के लिए इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा। नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कालोनियों में बच्चों के खेलने हेतु कम से कम एक पार्क की व्यवस्था की जायेगी। अपर मुख्य सचिव खेल डॉ. नवनीत सहगल ने प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन को सोमवार को इस आशय का पत्र भेजा है। डॉ. सहगल ने बताया कि बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार नगरीय क्षेत्रों से लेकर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेल सुविधाओं का विकास कर रही है। गांव, ब्लाक एवं जनपद स्तर पर खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में नगरीय क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खेल एसोसिएशन व संस्थाओं से वार्ता कर सुझाव आमंत्रित किये गये थे। जिस क्रम में यह तथ्य सामने आया कि शहरों में विकास प्राधिकरणों एवं नगर निगमों द्वारा कई पार्कों का विकास किया गया है परन्तु स्थानीय पार्कों में बच्चों को खेलने की मनाही रहती है। स्थानीय स्तर पर बच्चों को खेलने की समुचित जगह नहीं मिल पाती है। इसके लिए प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन को अपने स्तर पर परीक्षण करा कर बच्चो के खेलने के लिए नगर निगम के पार्कों में कम से कम एक पार्क की व्यवस्था कराने की अपेक्षा की है।

# सीतापुर बेसिक शिक्षा विभाग की उपलब्धि!

- बिसवां, खैराबाद के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय को दिया सर्टीफिकेट
- आईएसओ संस्था के अधिकारियों ने डीएम को दिया प्रमाणपत्र
- शिक्षा की अच्छी गुणवत्ता, स्वच्छता को लेकर दिया प्रशंसा पत्र



संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर** के बेसिक शिक्षा विभाग में एक और उपलब्धि सोमवार को जुड़ गई है, उत्तर प्रदेश में पहले नम्बर पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय को आईएसओ का प्रमाण पत्र दिया गया है जिससे शिक्षक व अधिकारीगणों में खुशी की लहर है। आपको बताते चलें कि सीतापुर के बिसवां व खैराबाद का कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय जिसको आईएसओ संस्था की रिपोर्ट पर 9001 व 2015 का सार्टिफिक्रेट दिया गया है, आइएसओ संस्था के लीड ऑडीटर रमेश राय, नंदलाल गौतम ने जिलाधिकारी अनुज सिंह को कार्यालय पहुंचकर सार्टिफिक्रेट सौंपा है। इस दौरान एसपी घुले सुशील चन्द्रभान, बीएसए अजीत कुमार, जिला समन्वयक निर्माण विकास कुमार, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा, शैलेश गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। आईएसओ के लीड ऑडिटर रमेश राय ने बताया कि इन दोनो कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में शिक्षा की अच्छी गुणवत्ता, मानक के अनुरूप कार्य, स्वच्छता को लेकर सार्टिफिक्रेट दिया गया है।

## मोहल्ला थोक में आज होगा देवी जागरण

संवाददाता। मिश्रिख सीतापुर

**मिश्रिख** की तपोस्थली महर्षि दधीचि की नगरी में नवरात्रि पर्व की धूम देखने को मिली। स्टेशन रोड मोहल्ला थोक में दुर्गा मां की प्रतिमा की स्थापना की गई । 4 अक्टूबर को भव्य देवी जागकरण किया जाएगा, 5 अक्टूबर को शोभायात्रा निकाल नैमिष राजघाट पर प्रतिमा का विसर्जन होगा। कार्यक्रमों को लेकर नगर के लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है। भाजपा नेता सोनू सागर द्वारा देवी जागकरण का आयोजन किया जाएगा। मोहल्ला थोक 4 में मां अष्टभुजा दुर्गा मंदिर में प्रत्येक वर्ष की भांति 4 अक्टूबर को रामचरितमानस पाठ व भंडारे का भी आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर पुलिस भी मुस्तैद है। देवी जागरण को लेकर पंडाल के पास बालू अग्निशमन यंत्र, कैमरे की व्यवस्था की गई है। जिससे कोई अप्रिय घटना ना घटने पाए।

## क्विक न्यूज

### शीतल माता मंदिर सरोवर में डूब कर बालक की जान गई

**संडीला(हरदोई)**। सिद्धपीठ शीतला माता मंदिर परिसर में प्रभातफेरी निकलने के दौरान एक दस वर्षीय बालक की तालाब में डूबने से दर्दनाक मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला कैथनसरांय, बरौनी निवासी राजेश का दस वर्षीय पुत्र वासू सुबह तड़के घर से शीतला माता मंदिर से निकलने वाली शोभायात्रा में शामिल होने की बात कहकर गया था। संभवता तड़के वह तालाब में नहाने के लिए उतरा और गरहे पानी में चले जाने के कारण वह डूब गया। उसको डूबता हुआ किसी ने नहीं देखा। इसी बीच स्नान करने वालों की संख्या काफी बढ़ गई और कई लोग तालाब में तैरने भी लगे। तभी किसी व्यक्ति के पैर के नीचे कोई चीज टकराई। उसने मुड़ कर जब हाथ डाला तो एक बालक दिखा। वह व्यक्ति उसे निकाल कर तालाब के बाहर लाया। काफी लोगों ने उसे उलटा लिटाकर पानी निकाला और कृतिमसांस देने का प्रयास किया। जब कोई हरकत नहीं हुई तो पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस ने वहां पहुंचकर आनन फानन बालक को सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में इस बालक की पहचान राजेश के पुत्र वासू के रूप में हुई। राजेश का भी कुछ समय पूर्व निधन हो चुका है। वासू दो भाईयों में सबसे बड़ा था तथा किसी स्कूल में कक्षा 4 का विद्यार्थी था। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे परिजन को सौंप दिया है।

### ससुराल गए युवक की बिगड़ी तबियत, हुई मौत

**थानगांव सीतापुर**। पत्नी को विदा कराने आये युवक की ससुराल में तबियत बिगड़ गई जिसको अस्पताल पहुंचाते ही मौत हो गई। मौत की वजह जहरीला पदार्थ खाने वजह बता रहे है वहीं मृतक के परिजनों ने ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगा रहे है। मामला थाना थानगांव इलाके का है। मामले के अनुसार सरवन पुत्र कमलेश उम्र 25 वर्ष खरगीपुरवा मजरा सोहरिया रामपुर मथुरा का रहने वाला था।जिसकी थानगांव थाना क्षेत्र के बछमरिया गाँव निवासी रामजीवन की सुपुत्री सीमा से 3 साल पहले शादी हुई थी।युवक गुजरात में रहकर नौकरी करता था।विगत दिनों घर आया हुआ था।पति सरवन की गैरमौजूदगी में पत्नी सीमा मायके चली आयी थी।वापस आने पर जब घर में पत्नी नहीं मिली तो सरवन रविवार शाम अपनी ससुराल बछमरिया पहुंचा।जहां पत्नी को विदा कराने को लेकर ससुरालीजनों से विवाद हो गया।जिससे छुब्ध होकर युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया।बिगड़ी हालत में ससुरालीजन युवक को लेकर महमूदाबाद प्राइवेट अस्पताल ले गए जहाँ डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलने पर जैसे ही मृतक के परिजन अस्पताल पहुंचे ,वैसे ही ससुरालीजन शव को छोड़कर भाग गए।मृतक के परिजनों ने ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफथानगांव थाने में हत्या करने का आरोप लगाते हुए सूचना दी है।जिस पर थानगांव पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### कन्या के जन्म से खुश हुए माता- पिता

**सीतापुर**। समय का दस्तूर दौर के साथ बदल रहा है, अब वह दौर लगभग गुजर गया जब लोग बेटी के जन्म पर दुखी होते थे, महिला सशक्तिकरण के चलते हैं अब लोग बेटी के जन्म पर खुशियां मना रहे हैं, महिला अस्पताल में कुछ ऐसा नजारा देखने को मिला जहां सीनियर मेडिकल अफसर रीता वर्मा ने जानकारी दी कि नवरात्रि की अष्टमी तिथि को जिला महिला अस्पताल में 15 बच्चियों का जन्म हुआ । सभी के माता पिता बेटियों के जन्म पर खुश है ,वहीं जिलाधिकारी महोदय ने कन्याओं के जन्म पर बेबी किट प्रदान कर उनके मां-बाप को प्रोत्साहित किया। वर्तमान परिवेश में बदलते दौर को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि आने वाले समय में लड़का लड़की के मध्य भेद समाप्त होगा और यह समाज दोनों को समान भाव में स्वीकार करेगा यदि ऐसा होता है तो सालों से चली आ रही कुरीतियां समाप्त होंगीं और समाज एक नया इतिहास लिखेगा । बेटी को जन्म देने पर रोहिणी पत्नी नीरज निवासिनी अटरिया ,सृष्टि सिंह पत्नी सूरज सिंह निवासिनी कलीमापुर थाना सकरन, प्रीति मिश्रा पत्नी आदर्श कुमार निवासिनी मैगलगंज, अनुराधा सिंह पत्नी हिमांशु सिंह ग्राम महसुनिया थाना महोली, महनंदा पत्नी विनीत निवासिनी सिंघनिया थाना तालगांव ने बेटी के जन्म पर खुशी जाहिर की है।

### सड़क किनारे मिले युवक की मौत

**बरेली** । सड़क किनारे बेहोशी की हालत में मिले युवक की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।कैंट थाना क्षेत्र में नकटिया स्थित ग्रास मंडी निवासी 35 वर्षीय कमल क्षेत्री पुत्र प्रेम बहादुर क्षेत्री कि बीती रात जिला अस्पताल में मौत हो गई उसे 2 दिन पूर्व कैंट थाना क्षेत्र में सड़क किनारे से बेहोशी की हालत में उठाकर अज्ञात के रूप में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था घटना की सूचना मिलने पर जिला अस्पताल पहुंचे मृतक के परिजनों ने बताया कि कमल लगभग 10 सालों से शराब का आदी था वह घर पर भी नहीं आता था शराब के नशे में वह घर से बाहर सोता था 2 दिन पूर्व उसे लोगों ने उसे बेहोशी की हालत में सड़क किनारे देखा और पुलिस को सूचना दी पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया जहां बीती रात उसकी मौत हो गई।

### श्रद्धालुओं से अभद्रता करने पर पांच पुलिसकर्मी निलंबित

**बरेली** । रात में मंदिर जा रहे श्रद्धालुओं को रास्ते में रोककर अभद्रता करने के आरोप में एसएसपी ने 5 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। आंवला थाना क्षेत्र के गांव मनोना में स्थित खाटू श्याम मंदिर के लिए दंडवत यात्रा लेकर जा रहे श्रद्धालुओं से अभद्रता करने के आरोप में एसएसपी ने थाने में तैनात एक दरोगा और चार पुलिसकर्मियों को निलंबित किया बताया जाता है कि कुछ श्रद्धालु रात के समय खाटू श्याम धाम मनोना जाने के लिए दंडवत यात्रा लेकर निकले थे लेकिन जब वो रास्ते में देवी पुल के पास पहुंचे तो वहां मौजूद पुलिसकर्मियों और दरोगा ने उनके साथ गाली गलौज व अभद्रता की जिससे पुलिस और श्रद्धालुओं में विवाद बढ़ गया आरोप है कि पुलिस कर्मियों ने श्रद्धालुओं से मारपीट भी की सुबह होने पर जब यह बात स्थानीय लोगों को पता चली तो लोगों की भी थाने पहुंच गए और पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए हंगामा शुरू कर दिया लोगों ने थाने में धरना दे दिया थाना प्रभारी राकेश कुमार ने लोगों को समझाने की कोशिश की लेकिन वह लगातार हंगामा करते रहे तब थाना प्रभारी ने घटना की जानकारी एसएसपी को दी एसएसपी ने प्रारंभिक जांच के बाद एक दरोगा और चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया बताया जाता है कि रात के समय कुछ ऑटो चालकों ने देवी पुल पर लुटेरों के होने की सूचना पुलिस को दी थी जिसके चलते पुलिस पुल पर मौजूद थी ।

# यतीश बने गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के आफीशियल जज



संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**जिले के** विश्व रिकॉर्डधारी यतीश शुक्ला ने जिला प्रशासन श्रावस्ती को गोल्डन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र सौंपा। यतीश शुक्ला 5 विश्व रिकॉर्ड बनाकर कर चुके हैं। गाँधी जयंती के अवसर पर श्रावस्ती जिले में रेडक्रॉस सोसाइटी एवं जिला प्रशासन ने एक साथ सर्वाधिक लोगों द्वारा हाथ धुलने का विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया। इस कीर्तिमान से श्रावस्ती जिले के साथ लखीमपुर जिला भी गौरवान्वित हो गया क्योंकि इस कीर्तिमान को प्रमाणित कर रहे थे जिले के गोला गोकर्णनाथ के निवासी यतीश शुक्ला। जिन्होंने श्रावस्ती के अपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज को इस विश्व रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के ऑफिसियल आब्जर्वर/ जज के रूप सौंपा एवं विश्व रिकॉर्ड स्थापित होने की घोषणा की। ज्ञातव्य है कि यतीश शुक्ला पिछले चार वर्षों में लगातार 148 घंटे पढ़ाने, 126 घंटे पढ़ने, 106 घंटे भाषण, 28 घंटे भागवत गीता अखंडपाठ, 26 घंटे लगातार फेसबुक लाइव भाषण के पांच विश्व रिकॉर्ड स्थापित कर चुके हैं। श्रावस्ती जिले में बने विश्व रिकॉर्ड के आफिसियल जज के रूप में यतीश शुक्ला ने जिले के नाम एक और उपलब्धि सम्मिलित कर दी। वो जिले के इतिहास में पहले ऐसे व्यक्ति बन गये हैं जिन्हें किसी विश्व रिकॉर्ड बुक के जज के रूप में चयनित किया गया है। यतीश शुक्ला की इस उपलब्धि पर पूरे जिले में उत्साह है एवं तमाम बधाई सन्देश दिए जा रहे हैं।

## एनडीपीएस के आरोपित को डेढ़ साल की सजा

**मोहम्मदी-खीरी**। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोहम्मदी सुभाष सिंह की अदालत ने एनडीपीएस के एक मामले में लगभग 14 वर्ष बाद एक आरोपित को डेढ़ साल की सजा तथा पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। अपर सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी शिव गोविंद राठौर ने बताया कि 18 अक्टूबर 2008 को एसआई वीएस सोलंकी पुलिस बल के साथ गुरेला विसमासी से रामपुर जा रहे थे। गुरेला चौराहे से रामपुर की ओर बरवर रोड पर चले तो एक व्यक्ति हाथ में झोला पकड़े सामने रोड पर आ रहा था। पुलिस को देखकर चौका व पीछे मुड़कर चलने लगा। पुलिस ने रुकने को कहा, लेकिन नहीं रुका, पुलिस बल द्वारा पकड़ लिया। उससे न रुकने का कारण पूछा तो उसने बताया कि उसके पास गांजा था, इसलिए नहीं रुका था। उसने नाम पता पूछने पर अपना नाम वीरेंद्र पुत्र मुन्नालाल नि. हरैय्या फत्तेपुर थाना महोली जिला सीतापुर बताया।

# आचार संहिता लगते ही होर्डिंग-बैनरों पर चला प्रशासन का डंडा

- शहर और कस्बों में अभियान चलाकर हटाई जा रही प्रचार सामग्री
- एसडीएम ने लोगों को दी अचार संहिता की जानकारी

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**भारत** निर्वाचन आयोग से विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 139 गोला गोकरणनाथ के रिक्त सीट पर उपनिर्वाचन हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी होते ही प्रशासन सक्रिय हो गया। जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर रिटर्निंग अधिकारी/उप जिला मजिस्ट्रेट (गोला)अनुराग सिंह के नेतृत्व में गठित टीमों ने अभियान चलाकर विस निर्वाचन क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होते ही सभी प्रचार सामग्री, होल्डिंग, बैनर आदि को जेसीबी के जरिए हटवाया। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ), तहसीलदार विनोद गुप्ता, बीडीओ कुंभी, ईओ नपाप गोला पीएन दीक्षित मौजूद रहे। बताते चले कि विधानसभा गोला गोकरणनाथ उपचुनाव 2022 की निर्वाचन कार्यक्रम जारी होते ही प्रशासन सक्रिय हो गया। आचार संहिता के अनुपालन के लिए हर पहलू पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। इसी के तहत गोला विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न थाना क्षेत्रों में राजनीतिक दलों की ओर से लगाए गए होर्डिंग व बैनर को प्रशासन ने उतरवा दिया। साथ ही लोगों को आचार संहिता के बारे में भी जानकारी दी जा रही है।

## हर दिन हर घर आयुर्वेद के अंतर्गत बच्चों को आयुर्वेद के प्रति किया जागरूक

**लखीमपुर-खीरी**। आयुष मंत्रालय भारत सरकार के आदेशानुसार क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. विजय प्रकाश के मार्गदर्शन में आयुर्वेद दिवस 2022 के उपलक्ष्य में चल रहे हर दिन हर घर आयुर्वेद कार्यक्रम के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय राजापुर में 169 छात्र/छात्राओं एवं विद्यालय के अध्यापकों को योग वेलनेस सेंटर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर के योग प्रशिक्षक कुलदीप कुमार वर्मा ने आयुर्वेद और स्वास्थ्य यस्वस्थ रहने के सूत्र एवं आयुर्वेद की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया किए आयुर्वेद का प्रयोजन स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करना है। दूसरा रोगी के रोग को दूर करना है। आयुर्वेद की औषधियां अमृत तुल्य एवं प्रतिक्रिया रहित होती हैं। आयुर्वेद की चिकित्सा अपने देश के वातावरण के अनुकूल है, आयुर्वेद के सदवृत्त सूत्रों का पालन करके कोई भी व्यक्ति निरोग रह कर शतायु प्राप्त कर सकता है। बच्चों को त्रिदोषों वात, पित्त, कफकी जानकारी के साथ स्वस्थ दिनचर्या, स्वास्थ्य चर्या, ऋतुचर्या तथा किचन में प्रयोग किए जाने वाले मसालों जैसे मेथी, अजवाइन, हल्दी, अदरक, लहसुन के औषधीय प्रयोग के बारे मे जागरूक करते हुए सामान्य योगभ्यास में सूक्ष्म व्यायाम, भ्रामरी प्राणायाम, तालिवादन, हसासन कराया गया।

# त्यौहारों को लेकर शांति कमेटी की बैठक संपन्न

संवाददाता। संडीला (हरदोई)



**त्यौहारों** को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक आहूत की गयी और त्यौहारों को शांतिपूर्ण तथा सामाजिक समरस्तापूर्ण ढंग से संपन्न कराने का संकल्प लिया गया।

आसन्न ईद ए मिलादुननबी तथा दशहरा आदि त्यौहारों को लेकर कोतवाली में सीओ महावीर सिंह की अध्यक्षता में शांति कमेटी की बैठक आहूत की गयी। जिसमें विभिन्न धर्म गुरू तथा समाज के संभ्रांत लोगों ने भाग लिया। सीओ महावीर सिंह ने कहा कि संडीला मे सदैव सभी त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से प्रेम और भाईचारे के साथ मनाए जाते हैं और यह परंपरा बनी रहेगी, ऐसी हमें आशा है। उन्होंनें कहा कि प्रशासन सभी त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संकल्पित है। प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी त्यौहार में कोई परंपरा शुरू न की जाए क्योंकि नई परंपराएं अक्सर बड़ी समस्याओं का कारण बनती हैं। उन्होंनें कहा कि किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। यदि कोई सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक वैमनस्य फैलाने वाली पोस्ट करता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें। ऐसे तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसी अवसर पर जुलूस परचमे मोहम्मदी कमेटी की ओर से एक मांग पत्र दिया गया। जिसमें मांग की गयी कि ईद ए मिलादुननबी के अवसर पर पर्याप्त सफाई व्यवस्था की जाए। जिन स्थानों पर नगर में कूड़ा एकत्र किया जाता है उनकी सफाई 8 अक्टूबर को सुबह करा दी जाए तथा 9 अक्टूबर तक वहां कूड़ा कदापि न डाला जाए। इसके अलावा पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाया जाए। खराब पड़ी हुई हाई मास्ट लाइटें तत्काल ठीक कराई जाएं और विद्युत आपूर्ति में व्यवधान आने पर जनरेटर लाइट की व्सवस्था की जाए। 8 तथा 9 अक्टूबर को नगर में गंदे जानवरों के प्रवेश को गंभीरता

## पेज एक का शेष

### प्रचंड की प्रहारक शक्ति से...

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इनमें से 10 हेलीकॉप्टर वायुसेना के लिए और पांच थल सेना के लिए होंगे। अधिकारियों ने बताया कि एलसीएच और एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव में कई समानताएं हैं। उन्होंने बताया कि इसमें कई विशेषताएं हैं जिनमें स्टील्थ (रडार से बचने की) खूबी के साथ ही बख्तरबंद सुरक्षा प्रणाली से लैस और रात को हमला करने व आपात स्थिति में सुरक्षित उतरने की क्षमता शामिल हैं। हेलीकॉप्टर को ऐसे समय में वायुसेना में शामिल किया गया है, जब भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में कुछ बिंदुओं पर सैन्य गतिरोध बरकरार है।

### सीडीएस अनिल चौहान को...

ताकि देश की सेनाओं को भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार किया जा सके। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, गृह मंत्रालय के आदेश पर प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान को जेड प्लस सुरक्षा मुहैया कराई गई है। जनरल चौहान सेना की पूर्वी कमान के प्रमुख रह चुके हैं। तमिलनाडु में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में भारत के पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत के निधन के नौ महीने से ज्यादा समय बाद जनरल चौहान ने वरिष्ठतम सैन्य कमांडर का दायित्व ग्रहण किया है।

### दुर्गा पूजा पंडाल में...

लखनऊ में सोमवार को जारी किए गए एक सरकारी बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्गा पूजा सहित सभी धार्मिक आयोजनों से जुड़ी समितियों से पंडालों के निर्माण में विद्युत एवं अग्नि सुरक्षा मानकों का पूर्णतया पालन करने की अपील की है। सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने प्रशासन से इन आयोजन समितियों से बात करने और पूजा पंडालों में विद्युत एवं अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में पूजा पंडालों में हुई कुछ घटनाओं को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि विद्युत व अग्नि सुरक्षा के प्रति व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएं। पूजा पंडालों में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

### महिषासुर की प्रतिमा में...

सोशल मीडिया पर दुर्गा पूजा पंडाल की तस्वीरें सामने आने के बाद कोलकाता पुलिस ने महासभा से प्रतिमा में बदलाव करने को कहा। पुलिस ने इसे ट्विटर पर साझा करने वाले पत्रकार इंद्रदीप भट्टाचार्य से भी इसे हटाने को कहा, क्योंकि इससे त्योहारों के दौरान तनाव फैल सकता है। उज्जैनी नामक सोशल मीडिया उपयोगकर्ता ने लिखा कि हिंदू महासभा ने कोलकाता पुलिस के अनुरोध पर प्रतिमा बदलने और उस पर मूंछ और बाल लगाने का दावा किया है। कोलकाता पुलिस ने क्या आसान उपाय खोजा है। कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई के मीडिया प्रकोष्ठ प्रमुख सौम्य आइच ने कहा कि यह पूरे विश्व के लिए शर्मनाक कृत्य है। इसके लिए कई जगह शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। शिवसेना नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने आरोप लगाया कि यह संयोग नहीं, स्वतंत्रता सेनानियों को अपमानित करने का प्रयास है। भाजपा के प्रदेश प्रमुख सुकांत मजूमदार ने भी कहा कि यदि ऐसा कुछ हुआ है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने इसे राष्ट्रपिता और देश के हर नागरिक का अपमान बताया। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव मोहम्मद सलीम ने कहा कि देश की आजादी में गांधीजी की भूमिका निर्विवाद है। हिंदुत्ववादियों ने उनकी हत्या कर दी और अब उनके विचारों की प्रतिदिन हत्या की जा रही है। अखिल भारतीय हिंदू महासभा की राज्य इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रचूड़ गोस्वामी ने एजेंसी से कहा कि महिषासुर की प्रतिमा में महात्मा गांधी की झलक होना एक संयोग ही था। अब इसे बदल दिया गया है। महासभा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सुंदरगिरि महाराज ने कहा कि पुलिस असुर (महिषासुर) का चश्मा हटाने, मूंछ और बाल लगाने के लिए एक कलाकार को ले कर आई थी। महिषासुर की प्रतिमा को मूंछ और सिर पर बाल के साथ पुन: सजाया गया, लेकिन उसके बाएं हाथ में अब भी एक डंडा है।

### भारत से गुजर रहे ईरानी...

भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों को तुरंत संबंधित उड़ान की दिशा में रवाना किया गया, जो सुरक्षित दूरी पर उसका पीछा करते रहे। बयान के अनुसार, कुछ देर बाद तेहरान से बम की सूचना को नजरअंदाज करने का संदेश मिला, जिसके बाद विमान ने अपने अंतिम गंतव्य की ओर यात्रा जारी रखी। बयान में कहा गया है, भारतीय वायुसेना द्वारा सभी कदम नागरिक उड्डयन मंत्रालय और नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) के साथ संयुक्त रूप से निर्धारित प्रक्रिया के तहत उठाए गए थे। इसमें बताया गया है कि भारतीय वायु क्षेत्र में उड़ान के दौरान ईरानी विमान वायुसेना की करीबी राडार निगरानी में था। बताया जा रहा है कि ईरानी विमान जब भारतीय वायु क्षेत्र में था, तब दिल्ली हवाई अड्डे का वायु यातायात नियंत्रक (एटीसी) लगातार वायुसेना के संपर्क में था। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली एटीसी ने वायुसेना को ईरानी विमान में बम की धमकी की सूचना दी थी, जिसके बाद वायुसेना ने सुखोई लड़ाकू विमान रवाना किए। बताया जा रहा है कि वायुसेना ने पंजाब और हरियाणा स्थित अपने वायुसैनिक अड्डों से सुखोई विमानों को ईरानी विमान के पीछे भेजा। बाद में ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना ने महान एयर की ओर से जारी एक बयान का हवाला देते हुए बताया कि संबंधित विमान ने सुरक्षित लैंडिंग की। इरना ने कहा, पायलट को जैसे ही बम धमाके की आशंका के बारे में आगाह किया गया, उसने वायु यातायात नियंत्रक को इसकी जानकारी दी और भारत में आपात लैंडिंग का आग्रह किया। समाचार एजेंसी ने कहा कि इस तरह की घटनाओं का मकसद सुरक्षा व्यवस्था एवं मानसिक शांति में खलल डालना है। उधर, दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हमें एटीसी से तेहरान से चीन जा रही उड़ान में बम की धमकी की सूचना मिली थी, जिसके बाद हम जरूरी तैयारियां करने में जुट गए, लेकिन जल्द ही एटीसी ने हमें बताया कि यह विमान दिल्ली में नहीं उतर रहा है। घटनाक्रम से वाकिफ लोगों ने बताया कि दिल्ली एटीसी को लाहौर एटीसी से जानकारी मिली थी कि महान एयर के एक विमान में बम की धमकी की सूचना है। इसके बाद दिल्ली एटीसी ने संबंधित विमान के पायलट को सूचित किया और उन्हें भारत में उतरने का विकल्प दिया, लेकिन पायलट ने उड़ान जारी रखने का फैसला लिया। उन्होंने कहा कि चूंकि, विमान के पायलट ने सलाह पर अमल नहीं किया तो निर्धारित संचलात्मक प्रक्रिया शुरू कर दी गई। उड़ानों की जानकारी देने वाली वेबसाइट फ्लाइटवेयर डॉट कॉम के मुताबिक, उड़ान संख्या डब्ल्यू-581 एयरबस 340-600 विमान के जरिए संचालित की जा रही थी। विमान ने तेहरान के इमाम खमनेई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी और इसे चीन के ग्वांगझाऊबाइयू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरना था। हालांकि, नागरिक उड्डयन प्राधिकरणों की तरफ से घटना और संबंधित उड़ान में सवार यात्रियों की संख्या के बारे में अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं जारी किया गया है।

### गुपचुप काम कर रहा...

को जारी रखते हुए, गुप्त रूप से भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को लक्षित करने के अंतिम उद्देश्य से सार्वजनिक व्यवस्था को बाधित करने की साजिश कर रहे हैं। इसमें कहा गया है कि प्रतिबंधित गैरकानूनी संघों के नेता, सदस्य और सहयोगी, अपनी गैरकानूनी गतिविधियों को जारी रखते हुए सांप्रदायिक दुश्मनी को बढ़ावा देकर सार्वजनिक व्यवस्था में बड़े पैमाने पर व्यवधान पैदा करने की साजिश कर रहे हैं और विभिन्न पूजा स्थलों पर उन्माद फैलाने के लिए समर्थकों को लामबंद कर रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, सूचना के आधार पर भादंवि की धारा 120 बी (आपराधिक साजिश) और 153 ए (विभिन्न समुदायों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) के अलावा यूएपीए की धारा 10 के तहत शाहीन बाग पुलिस थाने में एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा कि साजिश के खुलासे, लोक व्यवस्था की स्थिति को बिगड़ने से रोकने और प्रतिबंधित संगठनों के नेताओं द्वारा लक्षित गैरकानूनी गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए इन सभी मामलों की जांच की जाएगी और दोषियों को पकड़ा जाएगा।

### उत्तर भारत में फलों से...

शिमला मिर्च 120-150 रुपये किलो बिक रही है। आलू और प्याज के खुदरा भाव 25-30 रुपये प्रति किलो पर स्थिर बने हुए हैं। टमाटर भी 35-40 रुपए किलो है। मौसमी सब्जी पालक पिछले हफ्ते 60 रुपये किलो के मुकाबले अब 80 रुपये किलो हो गया है। लहसुन 25-30 रुपये किलो बिक रहा है। नींबू के दाम भी बढ़े हैं, जो कुछ दिन पहले तक 20 रुपये प्रति 250 ग्राम था, अब यह 30 से 40 रुपये हो गया है। मूली का खुदरा भाव 60 रुपये प्रति किलो है। गाजीपुर सब्जी एवं फल मंडी में थोक व्यापारी नसीब सिंह के अनुसार कई प्रमुख और व्यापारिक केंद्रों में इस साल असामान्य रूप से अधिक वर्षा होने से सब्जियों की फसलों को व्यापक नुकसान हुआ है। डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण परिवहन लागत काफी बढ़ गई है। उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के कई हिस्सों में इस मौसम में अच्छी बारिश हुई है। आजादपुर मंडी के कई व्यापारियों ने बताया कि दिल्ली में गोभी, फूलगोभी, गाजर, बीन्स, चुकंदर, कच्चा पपीता, कच्चा केला, सहजन, शिमला मिर्च कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और कुछ अन्य राज्यों से आती हैं। इन राज्यों में भारी बारिश के कारण फसल प्रभावित हुई और इससे दिल्ली एवं आसपास के बाजारों में भंडारण प्रभावित हुआ। इसका सीधा असर कीमतों पर पड़ा है। उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, पंजाब और बिहार फूलगोभी के प्रमुख उत्पादक हैं। यह फसल अगस्त-सितंबर में कटती है। इन राज्यों में इस दौरान या तो बहुत अधिक वर्षा हुई या कहीं-कहीं बिल्कुल नहीं हुई। इसी तरह, पश्चिम बंगाल, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और हरियाणा शिमला मिर्च के शीर्ष उत्पादक हैं। इस साल यहां अगस्त-सितंबर में फसल आने के दौरान बहुत अधिक वर्षा हुई। गाजर के मामले में हरियाणा, पश्चिम बंगाल, पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार देश में शीर्ष उत्पादक हैं। इन क्षेत्रों में सामान्य वर्षा ने फसल को चोपट कर दिया। इसका सीधा असर फसलों पर पड़ा है।

### जेईई-मुख्य परीक्षा हेरफेर...

एजेंसी ने पिछले साल सितंबर में एफिनिटी एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड और उसके तीन निदेशकों- सिद्धार्थ कृष्ण, विश्वंभर मणि त्रिपाठी और गोविंद वार्ष्णेय के खिलाफ मामला दर्ज किया था। कुछ अन्य लोगों पर भी मामला दर्ज किया गया। आरोप है कि तीनों निदेशक अन्य सहयोगियों और दलालों के साथ साजिश रचते हुए जेईई (मुख्य) की ऑनलाइन परीक्षा में हेरफेर कर रहे थे और अभ्यर्थियों से भारी रकम लेकर देश के शीर्ष राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में उन्हें प्रवेश दिला रहे थे।

### अनुकंपा आधार पर नियुक्ति...

संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 के तहत सभी उम्मीदवारों को सभी सरकारी रिक्तियों के लिए समान अवसर प्रदान किया जाना चाहिए। संविधान का अनुच्छेद 14 कानून के सामने समानता है और अनुच्छेद 16 सरकारी रोजगार के मामलों में अवसर की समानता से संबंधित हैं। पीठ ने 30 सितंबर के अपने आदेश में कहा, हालांकि, मृतक कर्मचारी के आश्रित को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति इन मानदंडों का अपवाद है। अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति एक रियायत है और यह अधिकार नहीं है।

# कटाक्ष को लेकर उद्धव पर बरसे भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख

**भाषा।** नागपुर

● चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि ठाकरे के साथ खड़े लोग भी उनसे अपना पल्ला झाड़ लेंगे

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने सोमवार को कहा कि शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे को दूसरों पर कटाक्ष करना बंद कर देना चाहिए, अन्यथा उनके साथ खड़े पार्टी के कुछ सदस्य भी उनसे पल्ला झाड़ लेंगे।

नागपुर हवाई अड्डे पर बावनकुले ने संवाददाताओं से कहा कि लोग एकनाथ शिंदे-देवेंद्र फडणवीस सरकार में विश्वास दिखा रहे हैं, जो राज्य के लोगों के लिए दिन में 18-18 घंटे काम कर रही है। भाजपा नेता ने कहा 2024 तक, अन्य दलों के कई अच्छे कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो जाएंगे। कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) को बड़ा झटका लगेगा। अगर उद्धव ठाकरे जी दूसरों पर चुटकी लेना बंद नहीं करते हैं और इसके बजाय महाराष्ट्र के विकास के बारे में नहीं सोचते हैं, तो जो कुछ कार्यकर्ता उनके साथ रह गए हैं, वह भी उनसे पल्ला झाड़ कर चले जाएंगे। उनके पास केवल हम दो हमारे दो होंगे तथा उनके साथ कोई और नहीं होगा। देवेंद्र फडणवीस को, छह जिलों के संरक्षक मंत्री के रूप में नियुक्त करने पर कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख नाना पटोले ने कथित तौर पर स्पाइडर मैन कहा था। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, बावनकुले ने कहा कि उपमुख्यमंत्री न केवल छह, बल्कि आठ जिलों का प्रबंधन कर सकते हैं। बावनकुले ने कहा वह (पटोले) फडणवीस की क्षमता के बारे में नहीं जानते हैं, जिसे पूरे महाराष्ट्र ने 2014-2019 तक देखा है। उनका (फडणवीस) कोई निजी व्यवसाय, कारखाना, सोसायटी या बैंक नहीं है। वह जनता के लिए दिन में 18 घंटे काम करते हैं और एक व्यक्ति जो लोगों के लिए 18 घंटे काम करता है, वह किसी भी चुनौती को स्वीकार कर सकता है। भाजपा नेता ने महाराष्ट्र के स्कूलों में देवी सरस्वती के चित्र के बारे में राकांपा के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल की टिप्पणी को लेकर उन पर भी निशाना साधा। भुजबल ने पिछले हफ्ते मांग की थी कि स्कूलों में सावित्री बाई फुले, ज्योतिबा फुले, शाहू महाराज, भाऊराव पाटिल और बी आर आंबेडकर जैसे समाज सुधारकों के चित्र प्रदर्शित किए जाएं। बावनकुले ने कहा, जिस तरह से भुजबल ने स्कूलों में देवी सरस्वती के चित्र लगाए जाने पर सवाल उठाया है, उससे लगता है कि वह राकांपा के ओवैसी (एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी) की तरह हैं।



पटना के रामकृष्ण मिशन आश्रम में नवरात्र पर महाष्टमी के अवसर कन्या पूजन करते पुजारी



मैसूर में चामुंडेश्वरी देवी मंदिर में दर्शन पूजन करते कांग्रेस नेता राहुल गांधी व अन्य कांग्रेस नेता

# राजस्थान रत्न अवार्ड के लिए चयनित प्रतिभाओं की घोषणा

● इन्वेस्ट राजस्थान समिट का आयोजन 7-8 अक्टूबर को जयपुर में होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** जयपुर



**राजस्थान** सरकार द्वारा इन्वेस्ट राजस्थान समिट का आयोजन 7-8 अक्टूबर को जयपुर के सीतापुरा स्थित जेईसीसी में किया जाएगा। इस सम्मेलन में देश-विदेश के लगभग 3000 प्रतिभागी सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बताया कि इन्वेस्ट राजस्थान समिट की थीम 'कमिटेड-डिलीवर्ड' है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने राजस्थान रत्न अवार्ड के चयनित प्रतिभाओं के नामों की भी घोषणा की। इन्वेस्ट राजस्थान समिट के लिए सीएम आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री गहलोत ने बताया कि इस वर्ष के राजस्थान रत्न अवार्ड जस्टिस दलबीर भंडारी, जस्टिस आर.एम. लोढ़ा, उद्योगपति अनिल अग्रवाल, उद्योगपति एल.एन मित्तल, शीन काफ निजाम, केसी मालू को दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समिट का उद्देश्य राजस्थान में विभिन्न क्षेत्रों में नए निवेश को आकर्षित करना, रोजगार सृजन तथा रा%य को औद्योगिक गन्तव्य के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि इन्वेस्ट राजस्थान समिट-2022 दो दिवसीय कार्यक्रम होगा, जिसमें पहले दिन 7 अक्टूबर को पूर्वाहन में कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में उद्घाटन सत्र आयोजित किया जाएगा। इसके बाद एनआरआर, पर्यटन, स्टार्टअप, फ्यूचर रेडी सेक्टर, एग्री बिजनेस पर समानान्तर सेक्टोरल कॉनक्लेव आयोजित किए जायेंगे। प्रत्येक सत्र अपने आप में भिन्न होगा, जो विकसित राजस्थान की छवि को प्रदर्शित करेगा। दूसरे दिन 8 अक्टूबर को एमएसएमई कॉन्क्लेव आयोजित की जाएगी। इसके अन्तर्गत एमएसएमई क्षेत्र को और अधिक विकसित किए जाने एवं इस क्षेत्र में उपलब्ध नई निवेश संभावनाओं पर चर्चा की जाएगी। इन्वेस्ट राजस्थान समिट के आयोजन के लिए कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) को नेशनल पार्टनर नियुक्त किया गया है।

# हमें एक-दूसरे से नहीं, भाजपा से लड़ना है : थरूर

● खड़गे के साथ सार्वजनिक बहस करने को थरूर तैयार

● कांग्रेस में अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए चल रहा है घमसान

**भाषा।** नई दिल्ली



**कांग्रेस** अध्यक्ष पद के लिए होने वाले चुनाव में उम्मीदवार शशि थरूर ने अपने प्रतिद्वंद्वी मल्लिकार्जुन खड़गे से बहस की पैरवी करने के बाद सोमवार को कहा कि वह खड़गे की इस बात से सहमत हैं कि दोनों को एक-दूसरे से नहीं, बल्कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से लड़ना है। उन्होंने ट्वीट किया, मैं खड़गे जी से सहमत हूं कि कांग्रेस में हम सभी लोगों को एक दूसरे की बजाय भाजपा से मुकाबला करना है। हमारे बीच कोई वैचारिक मतभेद नहीं है। लोकसभा सदस्य थरूर ने कहा, 17 अक्टूबर को मतदान करने वाले हमारे साथियों को सिर्फ यह तय करना है कि इसे (भाजपा के खिलाफ लड़ाई) कैसे सर्वाधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकता हैै। थरूर ने रविवार को कहा था कि वह मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ सार्वजनिक बहस के लिए तैयार हैं, क्योंकि इससे लोगों की पार्टी में उसी तरह से दिलचस्पी पैदा होगी, जैसे कि हाल में ब्रिटेन में कंजरवेटिव पार्टी के नेतृत्व पद के चुनाव को लेकर हुई थी।उनकी इस टिप्पणी पर खड़गे ने कहा था कि उन्हें और थरूर को भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खिलाफ मिलकर लड़ना है। खड़गे का यह भी कहना था कि उन्हें और थरूर को महंगाई तथा बेरोजगारी जैसे मुद्दों के साथ ही भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की विचारधारा के खिलाफ मिलकर काम करना है।

## मैंने प्रोफेशनल्स कांग्रेस के अध्यक्ष पद से पिछले माह ही इस्तीफा दे दिया: शशि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष पद के उम्मीदवार शशि थरूर ने सोमवार को कहा कि उन्होंने पिछले महीने ही पार्टी से संबद्ध संगठन अखिल भारतीय प्रोफेशनल्स कांग्रेस के प्रमुख के पद से इस्तीफा दिया है। माना जा रहा है कि पार्टी में एक व्यक्ति, एक पद के सिद्धांत के तहत उन्होंने यह जिम्मेदारी छोड़ी है। थरूर ने ट्वीट किया, जो सवाल कर रहे हैं उन्हें बताना चाहता हूं कि मैंने प्रोफेशनल्स कांग्रेस अध्यक्ष पद से अपना इस्तीफा पिछले महीने कांग्रेस अध्यक्ष को सौंप दिया। उनके प्रतिद्वंद्वी मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी गत 30 नवंबर को अपने नामांकन वाले दिन ही राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष से इस्तीफा दिया था। खड़गे और थरूर कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव में उम्मीदवार हैं। यदि पार्टी के इन दोनों नेताओं में से कोई भी अपना नामांकन वापस नहीं लेता है, तो 17 अक्टूबर को मतदान होगा, जिसमें 9,000 से अधिक डेलीगेट (निर्वाचक मंडल के सदस्य) मतदान करेंगे। मतगणना 19 अक्टूबर को होगी। वैसे थरूर ने स्पष्ट कर दिया है कि वह चुनाव लड़ेंगे।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू साबरमती आश्रम में गांधी प्रतिमा के सामने श्रद्धाजंलि देते हुए

# भाजपा के अच्छे दिन के दावे पर बड़ा सवाल : कुमारस्वामी

**भाषा।** बेंगलुरु

**जनता** दल सेकुलर (जद-एस) के नेता एच. डी. कुमारस्वामी ने सोमवार को कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अच्छे दिन के दावे पर बड़ा सवाल है। उन्होंने यह टिप्पणी राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के बयान का संदर्भ देते हुए की, जिन्होंने देश में बढ़ती असमानता और बेरोजगारी पर चिंता जताई थी।

पूर्व मुख्यमंत्री ने सिलसिलेवार ट्वीट करते हुए कहा कि भाजपा के वैचारिक संगठन आरएसएस के शीर्ष नेता का बयान देश के मौजूदा हालात का आइना है। कुमारस्वामी ने कहा, भाजपा के मातृ संगठन आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले का यह बयान भारत की मौजूदा स्थिति को लेकर आइना दिखाता है कि आर्थिक असमानता, गरीबी और बेरोजगारी बहुत खतरनाक है। अब, अच्छे दिन के दावे पर बड़ा सवाल है।

जद-एस नेता ने कहा कि यह बताने के लिए विशेषज्ञता की जरूरत नहीं है कि भाजपा के सात साल के शासन में कौन फला-फूला और किसने अपना सबकुछ खो दिया। उन्होंने कहा कि होसबाले ने स्वयं बताया है कि 20 करोड़ लोग गरीबी रेखा से नीचे हैं और चार करोड़ युवा बेरोजगार हैं, फिर गत सात साल में कौन अमीर हुआ? होसबाले ने रविवार को आय में कथित तौर पर बढ़ती असमानता और बेरोजगारी पर चिंता जताई और जोर देकर कहा कि गरीबी हमारे सामने राक्षस जैसी चुनौती पेश कर रही है। आरएसएस नेता ने कहा कि गत सालों में इन चुनौतियों से निपटने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। देश के कई हिस्सों में कुपोषण और कई गांवों में पेयजल नहीं होने का हवाला देते हुए कुमारस्वामी ने कहा, जब यह सच्चाई है, तो अच्छे दिन पर आत्मचिंतन करने को लेकर डर क्यों है?

होसबाले ने सच्चाई बताई है जो सर्वेक्षण भी कह रहे हैं। गौरतलब है कि अच्छे दिन भाजपा का नारा है जिसका इस्तेमाल जे.पी.नड्डा नीत पार्टी और उसके नेता वर्ष 2014 में सत्ता में आने के बाद से ही कर रहे हैं। कुमारस्वामी ने कहा कि आश्चर्य नहीं होगा अगर बढ़ती आर्थिक असमानता से बड़ा आक्रोश पैदा हो। उन्होंने कहा कि देश कॉरपोरेट जगत के जाल में फंस रहा है जो अच्छा संकेत नहीं है। पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी.देवेगौड़ा के बेटे कुमारस्वामी ने कहा, लोग दिन पर दिन हताश और बेसब्र हो रहे हैं। यह समय भाजपा के लिए जाग जाने का है।

# उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी ही असली शिवसेना : राकांपा

**भाषा।** मुंबई

**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने सोमवार को कहा कि उद्धव ठाकरे का धड़ा ही असली शिवसेना है, हालांकि इस संदर्भ में फैसला निर्वाचन आयोग के समक्ष लंबित है और दशहरे के दिन प्रतिद्वंद्वी धड़ों द्वारा दो रैलियों का आयोजन किया जा रहा है। राकांपा के प्रवक्ता महेश तपासे ने कहा कि शरद पवार के नेतृत्व वाली पार्टी का मानना है कि असली शिवसेना पार्टी वह है जो संस्थापक दिवंगत बाल ठाकरे के विचारों को आत्मसात करती है, जो उद्धव ठाकरे की शिवसेना है।उन्होंने एक वीडियो बयान में कहा, इस साल दशहरे पर दो रैलियां होंगी। एक परंपरा, वफादारी, आत्म सम्मान और बाला साहेब (ठाकरे) के विचारों वाली है। कौन सी शिवसेना असली है यह फैसला हालांकि निर्वाचन आयोग के समक्ष लंबित है, असली शिवसेना वह है जिसके पास बालासाहेब (ठाकरे) के विचार हैं, जिसका मतलब है कि यह उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना है। उच्चतम न्यायालय से ठाकरे को हालांकि तब झटका लगा जब उसने निर्वाचन आयोग को एकनाथ शिंदे गुट की उस याचिका पर सुनवाई करने की इजाजत दे दी जिसमें उसने असली शिवसेना के तौर पर मान्यता दिए जाने और पार्टी का चुनाव चिन्ह धनुष-बाण उसे आवंटित किए जाने की मांग की है। ठाकरे के नेतृत्व वाले धड़े का मुंबई के शिवाजी पार्क में रैली करने का कार्यक्रम है जबकि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट ने पांच अक्टूबर के कार्यक्रम के लिए बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के एमएमआरडीए मैदान को बुक कराया है। ाकांपा अध्यक्ष शरद पवार और पार्टी के शीर्ष नेता शिवसेना में टूट के बाद से ठाकरे के नेतृत्व वाले धड़े का समर्थन कर रहे हैं। ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के तीन घटकों में से एक है। शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना के 39 विधायकों की बगावत के बाद इस साल जून में एमवीए सरकार गिर गई थी।

# धार्मिक झंडा लगाने को लेकर दो गुटों में झड़प, 36 लोग गिरफ्तार

**वडोदरा।** गुजरात में वडोदरा जिले के सावली शहर में धार्मिक झंडा लगाने को लेकर दो गुट आपस में भिड़ गए और पथराव किया। इस मामले में 36 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। सावली थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार रात उस समय हुई जब लोगों के एक समूह ने धामीजी का डेरा इलाके में बिजली के खंभे पर अपने झंडे के साथ एक धार्मिक झंडा लगाने की कोशिश कर रहे दूसरे समुदाय के लोगों के समक्ष आपत्ति जताई। पुलिस उप-निरीक्षक ए आर महिदा ने कहा, दोनों समुदायों ने एक-दूसरे पर पथराव शुरू कर दिया। कोई भी घायल नहीं हुआ, लेकिन दंगाइयों ने एक वाहन और एक दुकान को क्षतिग्रस्त कर दिया। महिदा ने कहा कि शनिवार देर रात दोनों समूहों ने एक-दूसरे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। 43 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों समुदायों के 36 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# 200 रेलवे स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा : अश्विनी वैष्णव

**भाषा।** औरंगाबाद

**रेल मंत्री** अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि देशभर के कम से कम 200 रेलवे स्टेशनों का आधुनिक सुविधाओं से कायाकल्प किया जाएगा। उन्होंने महाराष्ट्र के औरंगाबाद रेलवे स्टेशन पर एक कोच रखरखाव कारखाने के शिलान्यास समारोह में यह टिप्पणी की। वैष्णव ने कहा, 47 रेलवे स्टेशनों के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, जबकि 32 स्टेशनों पर काम शुरू हो गया है। रेलवे का कायाकल्प हो रहा है।

उन्होंने कहा, केंद्र सरकार ने 200 रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प के लिए मास्टर प्लान तैयार किया है। स्टेशनों पर ओवरहेड स्पेस बनाए जाएंगे, जिसमें बच्चों के मनोरंजन से जुड़ी सुविधाओं के अलावा प्रतीक्षा लाउंज और फूड कोर्ट सहित कई अन्य विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी। वैष्णव ने यह भी कहा कि रेलवे स्टेशन क्षेत्रीय उत्पादों की बिक्री के मंच के रूप में काम करेंगे। वंदे भारत ट्रेन के निर्माण में महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र के योगदान का जिक्र करते हुए रेल मंत्री ने कहा, भविष्य में देश में 400 वंदे भारत ट्रेन होंगी। इनमें से 100 ट्रेन का निर्माण मराठवाड़ा के लातूर स्थित एक कोच फैक्टरी में किया जाएगा। कारखाने में पहले से ही आवश्यक बदलाव किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के तहत देश के सभी हिस्सों को अब या तो राजमार्गों या फिर रेलवे के माध्यम से जोड़ा जा रहा है और इस योजना के तहत मराठवाड़ा क्षेत्र के कुछ हिस्सों को भी जोड़ा जाएगा। वैष्णव ने कहा कि औरंगाबाद स्थित कोच रखरखाव कारखाने की मौजूदा क्षमता 18 कोच है, लेकिन महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने इसे बढ़ाकर 24 कोच किए जाने की मांग की है। रेल मंत्री ने बताया कि उन्होंने अधिकारियों को दानवे की मांग की समीक्षा करने और अगले 15 दिनों में प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया है।

# कनाडा के अधिकारियों ने ब्रैम्पटन में भगवद गीता पार्क में तोड़फोड़ से इनकार किया

**भाषा।** टोरंटो

कनाडा के अधिकारियों ने ब्रैम्पटन शहर में हाल में उद्घाटित किए गए श्री भगवद गीता पार्क में तोड़फोड़ की घटना से इनकार किया है और स्पष्ट किया है कि कथित खाली जगह को मरम्मत कार्य के दौरान छोड़ा गया था। भारत द्वारा घटना की निंदा किए जाने और शहर के प्रशासन से इस संबंध में त्वरित कार्वाई करने का अनुरोध किए जाने के कुछ देर बाद अधिकारियों की यह प्रतिक्रिया सामने आई है। इस पार्क को पहले ट्रॉयर्स पार्क के नाम से जाना जाता था और बाद में इसका नामकरण श्री भगवद गीता पार्क किया गया जिसका उद्घाटन 28 सितंबर को किया गया था। कनाडा में भारत के उच्चायुक्त ने रविवार को ट्वीट किया, हमलोग ब्रैम्पटन में श्री भगवद गीता पार्क में घृणा अपराध की निंदा करते हैं। हम कनाडा के अधिकारियों और पुलिस से मामले की जांच करने और दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्वाई का अनुरोध करते हैं। ब्रैम्पटन के महापौर पैट्रिक ब्राउन ने रविवार रात को ट्विटर पर मामले में सफाई दी। ब्रैम्पटन कनाडा के ओंटारियो प्रांत में एक शहर है। ब्राउन ने ट्वीट किया, हाल में उद्घाटन किए गए भगवद गीता पार्क में तोड़फोड़ से संबंधित कल की रिपोर्ट के बाद हमने मामले में जांच के लिए त्वरित कार्वाई की। हमें पता चला कि बिल्डर ने वह कथित जगह छोड़ी थी ताकि वहां श्री भगवद गीता पार्क के स्थाई निशान को लगाया जा सके। ब्राउन ने यह मुद्दा उठाने के लिए भारतीय समुदाय का धन्यवाद किया और कहा, हमें खुशी है कि यह मुद्दा सामने आया। यह मुद्दा हमारे ध्यान में लाने और ब्रैम्पटन को एक सुरक्षित एवं समावेशी जगह बनाने के लिए हम समुदाय (भारतीय) का धन्यवाद करते हैं। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, खाली जगह मरम्मत के दौरान छोड़ी गई थी। यह कोई आम प्रक्रिया नहीं है क्योंकि हम तब तक कोई निशान नहीं हटाते हैं जब तक कि वह क्षतिग्रस्त नहीं हो जाए या उसका नाम नहीं बदला जाए। पील रिजनल पुलिस ने भी कहा, पार्क में किसी भी स्थाई निशान या ढांचे के तोड़फोड़ के कोई साक्ष्य नहीं है। पुलिस ने ट्वीट किया, स्थाई निशान को वहां अभी लगाया जाना बाकी है और यह एक अस्थाई निशान है जो पार्क के नामकरण के दौरान लगाया गया था। पिछले महीने भारत ने कनाडा में अपने नागरिकों को घृणा अपराध, सांप्रदायिक हिंसा और भारत विरोधी गतिविधियों का हवाला देते हुए परामर्श जारी किया था। परामर्श में कहा गया था, अपराधों की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए भारतीय नागरिकों और कनाडा में भारत के छात्रों और यात्राशिक्षा के लिए कनाडा जाने वालों को सलाह दी जाती है कि वे सावधानी बरतें और सतर्क रहें। पंद्रह सितंबर को कनाडा के खालिस्तानी चरमपंथियों ने घृणा अपराध के तहत एक प्रमुख हिंदू मंदिर बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी आकृतियां उकेर कर उसे विकृत कर दिया था।


### पाकिस्तान: महिला के अंतिम संस्कार के बाद अस्थियों से बेअदबी से गुस्साए हिंदू समुदाय ने प्रदर्शन किया

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में महिला के अंतिम संस्कार के बाद अज्ञात लोगों द्वारा कथित तौर पर अस्थियों से बेअदबी किए जाने से गुस्साए अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के सदस्यों ने प्रदर्शन कर धरना दिया। मीडिया में सोमवार को सामने आई खबर के मुताबिक, हिंदुओं के साथ एकजुटता प्रदर्शित करते हुए मुस्लिम धर्म गुरुओं और राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी इस विरोध-प्रदर्शन में हिस्सा लिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। हिंदू समुदाय के एक प्रतिनिधि ने बताया कि हाल में एक हिंदू महिला की मृत्यु के बाद श्मशान घाट में दाह संस्कार किया गया था। उन्होंने बताया कि पिछली रात को अज्ञात लोगों ने मृतका की अस्थियों के साथ बेअदबी करते हुए उन्हें इधर-उधर फेंक दिया। खबर के मुताबिक, इस मामले में विरोध जताने के लिए रविवार को हिंदू समुदाय के सैकड़ों लोगों ने शहर की सड़कों पर मार्च निकाला।



इंडोनेशिया में फुटबाल मैच के दौरान हुई हिंसा में अस्पताल में भर्ती लोगों के साथ उनके तिमारदार

## इमरान अवमानना के आरोपों से बचे, अदालत ने कारण बताओ नोटिस लिया वापस



**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान के** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान न्यायालय की अवमानना के आरोपों में सोमवार को बच गए। दरअसल, यहां की एक अदालत ने एक महिला न्यायाधीश को धमकी देने से जुड़े एक मामले में उनका लिखित जवाब स्वीकार कर लिया और उन्हें जारी किया गया कारण बताओ नोटिस वापस ले लिया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रमुख खान (69) सोमवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष उपस्थित हुए, जहां मामले की सुनवाई पांच सदस्ईय वृहद पीठ ने की। पीठ के अध्यक्ष इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अतहर मिनाल्ला थे। पीठ के अन्य सदस्यों में न्यायमूर्ति मोहसिन अख्तर कयानी, मियांगुल हसन औरंगजेब, तारिक महमूद जहांगीरी और बाबर सत्तार शामिल थे। सुनवाई के दौरान, खान के वकील ने अदालत से कहा कि उनके मुवक्किल ने कारण बताओ नोटिस के प्रथम दो जवाब को असंतोषजनक करार दिए जाने के बाद तीसरा जवाब सौंपा था।

## यूक्रेनी सेना के हमले जारी, नए इलाकों में बढ़त बनाने का दावा

**भाषा।** कीव

**यूक्रेनी** सैनिकों को देश के दक्षिणी खेरसॉन क्षेत्र में नई बढ़त मिली है और सोमवार को भी उनका यह अभियान जारी रहा, जो मॉस्को के लिए असहज स्थिति पैदा कर रहा है। कीव के अधिकारियों और विदेशी पर्यवेक्षकों ने यह जानकारी दी। यूक्रेन के लिए खेरसॉन मुश्किल युद्ध का मैदान साबित हुआ है और यहां, पिछले महीने देश के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर फतह हासिल करने के मुकाबले उन्हें अपेक्षाकृत धीरे-धीरे सफलता मिल रही है। खेरसॉन उन चार इलाकों में शामिल है जिन्हें क्रेमलिन प्रायोजित जनमत संग्रह के बाद रूस ने पिछले सप्ताह खुद में विलय करने का ऐलान किया था। क्रेमलिन (रूसी राष्ट्रपति कार्यालय) नियंत्रित संसद के निचले सदन द्वारा सोमवार को इसकी पुष्टि की जानी है जिसके बाद यह प्रस्ताव उच्च सदन में जाएगा। क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने सोमवार को बताया कि दो क्षेत्र दोनेत्स्क और लुहांस्क वर्ष 2014 में रूस समर्थकों और यूक्रेन समर्थकों के बीच हुए संघर्ष के बाद तय प्रशासनिक सीमा के साथ रूस में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि जापोरिज्जिया और खेरसॉन का मुद्दा खुला है और बातचीत जारी है। पेस्कोव ने कहा, हम इन इलाकों के लोगों से बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी।यूक्रेन के मीडिया ने अपने देश के सैनिकों की तस्वीर प्रसारित की है जिसमें वे ख्रीश्चेनिवका गांव में राष्ट्रीय ध्वज फहरा रहे हैं, यह गांव उसी खेरसॉन इलाके में स्थित है जहां पर रूसी सुरक्षा पंक्ति मौजूद थी। मॉस्को समर्थक रूसी सैन्य ब्लॉगरों ने स्वीकार किया है कि यूक्रेन के सैनिक बेहतर हैं और इलाके में उनके अभियान को टैंक इकाई की मदद मिल रही है। रूस द्वारा खेरसॉन इलाके में तैनात अधिकारी किरील स्ट्रीमोउसोव ने सोमवार को सुबह वीडियो संदेश में स्वीकार किया है कि यूक्रेन की सेना उनके कब्जे वाले इलाके के कुछ और भीतर तक पहुंच गई है। हालांकि, उन्होंने जोर देकर कहा कि सबकुछ नियंत्रित है और रूसी रक्षा प्रणाली इलाके में काम कर रही है। रूसी सेना ने यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की के गृहनगर और अन्य ठिकानों पर रविवार को ड्रोन से हमला किया जबकि यूक्रेन ने रणनीतिक रूप से अहम पूर्वी शहर पर पूरी तरह से नियंत्रण स्थापित कर लिया जिससे युद्ध में नया मोड़ आ गया है। रूस को हाल में पूर्वी शहर लिमैन में हार मिली जिसका इस्तेमाल वह परिवहन और रणनीतिक केंद्र के तौर पर कर रहा था। इसे रूस के लिए झटका माना जा रहा है जो यूक्रेन के चार इलाकों का विलय कर और परमाणु हमले की धमकी देकर युद्ध को तेज करना चाहता है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा यूक्रेन के चार हिस्सों के रूस में विलय को मंजूरी देने के साथ ही युद्ध के खतरनाक स्तर पर पहुंचने की आशंका बढ़ गई है।

## विदेश सचिव क्वात्रा ने मालदीव के रक्षा मंत्री से रक्षा सहयोग बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की

**भाषा।** माले

**विदेश सचिव** विनय क्वात्रा ने सोमवार को मालदीव की रक्षा मंत्री मारिया दीदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दोनों मित्र देशों के बीच रक्षा सहयोग को और बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की। क्वात्रा ने मालदीव की अपनी तीन दिन की आधिकारिक यात्रा के अंतिम दिन मारिया के साथ बैठक की। मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने ट्वीट कर बताया, उनकी चर्चा भारत और मालदीव के बीच रक्षा सहयोग को और बढ़ावा देने पर केंद्रित थी। मंत्रालय ने कहा कि बैठक में मारिया ने मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल और रक्षा क्षेत्र में द्विपीय देश की क्षमताओं को बढ़ावा देने की दिशा में अटूट समर्थन और सहायता प्रदान करने के लिए भारत का आभार जताया। रक्षा मंत्रालय में आयोजित एक विशेष समारोह के दौरान विदेश सचिव क्वात्रा ने मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल को भारत की आर्थिक मदद से हासिल किए गए वाहन सौंपे। मंत्रालय ने एक अन्य ट्वीट में कहा, मंत्री ने भारत की सरकार और लोगों का हर समय बिना शर्त अपने पड़ोसी मालदीव को उदार समर्थन देने के लिए आभार जताया।



रविवार को क्वात्रा ने मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों पर महत्वपूर्ण चर्चा की, जिसमें द्विपीय देश में चल रही विकास परियोजनाओं की प्रगति भी शामिल है। विदेश सचिव ने राष्ट्रपति सोलिह को भारत-मालदीव के बीच साझेदारी के विस्तार के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को लेकर आश्वस्त भी किया। क्वात्रा ने रविवार को मालदीव के अपने समकक्ष अहमद लतीफ के साथ भी बातचीत की। इस दौरान उन्होंने द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की और 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर के ऋण समझौते पर मुहर लगाई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने रविवार को कहा था, दोनों पक्षों ने हमारे द्विपक्षीय संबंधों में मजबूत वृद्धि का सकारात्मक मूल्यांकन किया और इसकी गति को और आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। क्वात्रा ने रविवार को मालदीव के आर्थिक विकास मंत्री फैयाज इस्माइल और वित्त मंत्री इब्राहिम अमीर से भी मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने दोनों देशों के बीच सहयोग और भावी साझेदारी के संभावित क्षेत्रों पर चर्चा की थी।

### सोमालिया ने किया चरमपंथी संगठन अल-शबाब के शीर्ष नेता को मार गिराने का दावा

**मोगादिशु।** सोमलिया के अधिकारियो ने सोमवार को कहा कि सोमाली राष्ट्रीय सेना और अंतरराष्ट्रीय भागीदारी बलो ने एक संयुक्त अभियान मे चरमपंथी संगठन अल-शबाब के शीर्ष नेता अब्दुल्लाही नादिर को मार गिराया है। अमेरिका ने नादिर पर 30 लाख डॉलर का इनाम घोषित किया था। सोमालिया सरकार ने नादिर को अल-शबाब का एक महत्वपूर्ण सदस्य करार दिया है। सोमवार को जारी सरकारी बयान मे कहा गया कि मध्य जुब्बा क्षेत्र के हरमका गांव मे नादिर को मार गिराया गया।

### वेस्ट बैंक में इज़राइली सेना ने दो लोगों को मार गिराया: फलस्तीन

तेल अवीव। कब्जे वाले वेस्ट बैंक मे सोमवार को इज़राइल के सैन्य कर्मियों ने दो फलस्तीनियो को मार गिराया।

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सूचित करना है कि A-172, सैक्टर-26, नोएडा उ०प्र० जिसकी मालिक सुश्री सुशील वोहरा पुत्री श्री बिहारी लाल वोहरा निवासी सीतापुर आई अस्पताल, मॉल रोड, नैनीताल उत्तराखण्ड है। जिसका वसीयतनामा उप निबन्धक कार्यालय प्रथम नोएडा बही सं०-3, जिल्द सं०-738 के पृष्ठ नं०-391 से 410 तक एवं क्रमांक सं०-633 दिनांक 16-03-2018, पर रजिस्टर्ड है। अतः अब वसीयतनामा के आधार पर उपरोक्त सम्पत्ति का स्थानांन्तरण (Transfer) श्री प्रवीन कुमार सिंह पुत्र स्वं श्री जगमाल सिंह निवासी A-172, सैक्टर-26, नोएडा उ०प्र० के पक्ष में होने के लिए प्राधिकरण में प्रस्तुत किया जा रहा है। यदि इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति है तो कृपया अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित नौएडा प्राधिकरण के हाउसिंग विभाग में इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अंदर दाखिल कर दें। श्री प्रवीन कुमार सिंह

**Public Notice**

NOTICE is hereby given that Mr. Rajender Prasad Gupta is purchasing Property Bearing No. 2, area measuring 50.40 Sq. Mtrs., Block & Pocket-B-7, Sector-11, Situated in the layout Plan of Rohini Residential Scheme, Rohini, Delhi from Mrs. Sanchi Batra who is the owner of the said property by way of Sale Deed dated 05.04.2022 Doc. No. 3471. Now, Mr. Rajender Prasad Gupta has agreed to create mortgage in respect of the said property in favour of our client IDFC FIRST Bank Limited. Further, if any person, body, individual, institution having any claim, title, interest and /or objection in respect of or against or relating to or touching upon said property or part of the property by way of sale, exchange, lease, lien, mortgage, charge, encumbrance, gift, trust, easement, maintenance, inheritance, testamentary deposition or otherwise or having in their custody any title, documents pertaining the said property shall communicate the same to the undersigned at below mentioned address within 10 days from the publication of this notice with documentary evidence in support thereof, failing which all the claim, of such person shall be considered to have been waived and or abandoned. Any objections raised after the completion of the 10 days shall not be binding upon the said property or my Client & in case anyone has any objection, the same may be raised within 10 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

## भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2022 में घटकर 5.7 प्रतिशत रहने का अनुमान: अंकटाड

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र


**भारत की** आर्थिक वृद्धि दर इस साल घटकर 5.7 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है जबकि 2021 में यह 8.2 प्रतिशत रही थी। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी अंकटाड ने आर्थिक वृद्धि दर में कमी के लिए कर्ज की ऊंची लागत और कमजोर सार्वजनिक व्यय का हवाला दिया। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन (अंकटाड) की इस साल की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर 2023 में और घटकर 4.7 प्रतिशत पर आ जाएगी। रिपोर्ट में कहा गया है, भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2021 में 8.2 प्रतिशत रही थी जो जी-20 देशों में सर्वाधिक थी। आपूर्ति व्यवस्था में जो बाधा उत्पन्न हुई थी, उसमें कमी आई है। इसके साथ घरेलू मांग ने चालू खाते में अधिशेष को घाटे में बदल दिया है और वृद्धि की दर कम हुई है। इसके अनुसार सरकार की उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से कंपनियां निवेश के लिए प्रोत्साहित हो रही हैं लेकिन पेट्रोल, डीजल जैसे जीवाश्म ईंधन के आयात बिल बढ़ने से व्यापार घाटा बढ़ रहा है तथा विदेशी मुद्रा विनिमय भंडार की आयात कवर करने की क्षमता घट रही है। अंकटाड कर रिपोर्ट में कहा गया है, कोष की लागत बढ़ने तथा सार्वजनिक व्यय कमजोर होने से आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हुई हैं। इसके कारण जीडीपी वृद्धि दर 2022 में घटकर 5.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने विशेष रूप से रेल और सड़क क्षेत्र में पूंजीगत व्यय बढ़ाने की योजना की घोषणा की है। लेकिन एक कमजोर वैश्विक अर्थव्यवस्था में नीति निर्माताओं पर राजकोषीय असंतुलन को दूर करने का दबाव होगा।

## कमजोर वैश्विक रुख से सेंसेक्स 638 अंक टूटा

**भाषा।** मुंबई

● **बैंक, वाहन शेयरों में बिकवाली**

**वैश्विक बाजारों** में कमजोर रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली जारी रहने से घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 638 अंक से अधिक का गोता लगाकर बंद हुआ। बैंक, वाहन और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया। शुक्रवार को अच्छी तेजी के उलट तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 638.11 अंक यानी 1.11 प्रतिशत टूटकर 56,788.81 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 743.52 अंक तक नीचे चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 207 अंक यानी 1.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,887.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में मारुति सुजुकी का शेयर सबसे अधिक 3.16 प्रतिशत नुकसान में रहा। हिंदुस्तान यूनिलीवर 2.77 प्रतिशत, इंडसइंड बैंक 2.55 प्रतिशत, आईटीसी 2.32 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस 2.26 प्रतिशत, भारतीय स्टेट बैंक 2.15 प्रतिशत और कोटक महिंद्रा बैंक 2.03 प्रतिशत के नुकसान में रहे। दूसरी तरफ डॉ. रेड्डीज, एनटीपीसी, भारती एयरटेल और विप्रो लाभ में रहे। सेंसेक्स में शुक्रवार को 1016.96 अंक जबकि निफ्टी 276.25 अंक की तेजी आई थी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, बाजार में सप्ताह की शुरूआत कमजोर रही और यह एक प्रतिशत से अधिक नीचे आ गया। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख से बाजार नीचे आया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, प्रतिकूल आर्थिक परिदृश्य और निवेशकों के जोखिम लेने से बचने को देखते हुए वैश्विक



बाजारों में दबाव बना रह सकता है। उन्होंने कहा, आर्थिक आंकड़े अनुकूल नहीं होने से वैश्विक बाजारों में गिरावट रही। यूरोपीय बाजारों में यूके पीएमआई (परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स) 50 से नीचे है जो अर्थव्यवस्था में संकुचन को बताता है। नायर ने कहा, मांग नरम होने से भारत में विनिर्माण पीएमआई सितंबर में हल्का कम होकर 55.1 रहा। इसके परिणामस्वरूप दवा और तेल शेयरों को छोड़कर सभी क्षेत्रों पर बिकवाली दबाव रहा। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में जबकि जापान का निक्की बढ़त में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। यूरोप में ऊर्जा की भारी किल्लत को लेकर चेतावनी के बीच तेल के दाम में तीन डॉलर प्रति बैरल से अधिक की वृद्धि के साथ शेयर बाजार में गिरावट आई। अमेरिकी बाजार में शुक्रवार को गिरावट रही। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 3.90 प्रतिशत उछलकर 88.46 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 1,565.31 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे। एफआईआई ने भारतीय शेयर बाजार से सितंबर महीने में 7,600 करोड़ रुपए निकाले हैं।

### कीमतों पर अंकुश के लिए नेफेड ने बफर स्टॉक से 20,000 टन प्याज निकाला

नई दिल्ली। सहकारी संस्था नेफेड ने पिछले तीन सप्ताह में देशभर में सरकार के भंडार से 20,000 टन प्याज उतारा है। यह कदम प्याज की कीमतों में अचानक आई तेजी पर लगाम लगाने के लिए उठाया गया है। आधिकारिक सूत्रों से यह जानकारी मिली है।

**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री चंद बीर पुत्र श्री राजबीर सिंह व नीतू चौधरी पत्नी श्री चंद बीर, उक्त संपत्ति Third Floor with roof and Terrace Rights, property bearing No. F-55, Old No. FC-6, measuring area 75 Sq. Yds., i.e., 62.70 Sq. Mtrs., out of Khasra No. 1/163, situated in the area of Village Ziauddinpur in the abadi of Colony known as West Jyoti Nagar, Gali No. 8, Illaqa Shahdara, Delhi - 1100904 का बिक्री विलेख दिनांक 12.11.2012 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 6287 के द्वारा मालिक हैं। उपरोक्त संपत्ति, इलेक्ट्रॉनिका फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है। आगे सूचित हो की श्रीमती आशा ठाकुर, कुमारी रीना उर्फ कुमारी रीना ठाकुर व श्री हरविंदर ठाकुर के अलावा स्व० अशोक ठाकुर के अन्य कोई विधिक उत्तराधिकारी नहीं है।
यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपत्ति मे कोई आपत्ति या दावा है, तो हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। अगर कोई दावा नही आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नही है।
राघव तिवारी (अधिवक्ता)
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.: +8076188328

**SRIRAM INSTITUTE OF TEACHER EDUCATION**
(Affiliated to SCERT, Delhi)
Village Bamnoli, Sector-28. Dwarka, New Delhi-77.
Tel: 9873249998
email: info@srite.in
Admissions in D.EL.Ed. (2022-2024) under 10% Management Quota seats.
Based on merit basis. Eligibility 12th Passed with 50% marks. Forms are available & submit in the college office from 3rd October 2022 to 17th October 2022 at 10.00 am to 4.00 p.m. (Chairman)

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that my client Charu Goel is the owner of Commercial Office Bearing Pvt. No. 201-204, on Second Floor, without roof rights, (area measuring 46 sq. mtrs) part of Property Bearing No. 13, now known as Property No. 13-A, out of Khasra No. 427, situated in the abadi of Veer Savarkar Block, Shakarpur, Village-Shakarpur Khas, Illaqa Shahdara, Delhi by virtue of Sale Deed dated 16.11.2018 (Doc No. 6747) executed by Bimla jain
And whereas she has lost the following original document pertaining to the said property:
Gift Deed dated 23.09.2013 executed by Mr. Jitender Jain in favour of Mrs. Bimla Jain in respect of entire second floor with roof rights of the said property.
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/ registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.
Kamal Kant Gupta (Advocate)
Shop No. 5 & 6, Pkt-E, CSC, Mayur Vihar-II, Delhi-91, Mob. 9810063351

**THE PIONEER CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, Amna Majeed Pampori W/o. Abdul Majeed Pampori, R/o. F-15/9, Jogabai Extension, Jamia Nagar, Okhla, New Delhi-110025 have changed my name to Amna Majeed for all future purposes.
PD(90180)A

**LOST & FOUND**

I Harbans Singh S/o Mohinder Singh, have lost the property documents of Flat Number A-303, Plot No. 10, Sheetal Vihar CGHS Ltd. Sector 23, Dwarka, New Delhi-110077. 1) Share Certificate, 2) Allotment Letter, 3) Possession Letter. Finder pls inform 9810072523.
PD(90181)A

## गैस कीमतों में वृद्धि: 8-12 रुपए किलो महंगी हो सकती है सीएनजी

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्राकृतिक गैस की** कीमतों में रिकॉर्ड वृद्धि के बाद सीएनजी आठ से 12 रुपए प्रति किलो महंगी हो सकती है जबकि रसोई गैस के भाव में छह रुपए प्रति इकाई का इजाफा किया जा सकता है। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताया है। सरकार ने पिछले सप्ताह पुराने गैस क्षेत्रों से उत्पादित गैस के लिए भुगतान की जाने वाली दर को मौजूदा 6.1 डॉलर प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट (प्रतिशत इकाई) से बढ़ाकर 8.57 डॉलर प्रति इकाई कर दिया। वहीं, मुश्किल क्षेत्रों से निकाली जाने वाली गैस की कीमत 9.92 डॉलर से बढ़ाकर 12.6 डॉलर प्रति इकाई कर दी गई है। इसी दर के आधार पर देश में उत्पादित गैस के लगभग दो-तिहाई हिस्से की बिक्री होती है। प्राकृतिक गैस उर्वरक बनाने के साथ बिजली पैदा करने के लिए एक प्रमुख कच्चा माल है। इसे सीएनजी में भी परिवर्तित किया जाता है और पाइप के जरिए (पीएनजी) इसे रसोई में खाना पकाने के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है। कोटक इंस्टिट्यूशनल इक्विटीज ने कहा कि पुराने गैस क्षेत्रों से उत्पादित गैस की कीमतें सिर्फ एक साल में लगभग पांच गुना बढ़ गई हैं। सितंबर, 2021 में इसकी कीमत 1.79 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू से सितंबर 2021 में 8.57 डॉलर तक पहुंच गई थी। एमएमबीटीयू गैस मूल्य में प्रत्एक डॉलर की वृद्धि पर सिटी गैस वितरण (सीजीडी) संस्थाओं को सीएनजी की कीमत 4.7 से 4.9 रुपए प्रति किलो बढ़ानी पड़ती है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज के अनुसार, कच्चे माल की ऊंची लागत के प्रभाव को पूरी तरह से दूर करने के लिए सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में 6.2 रुपए प्रति मानक घनमीटर और 9 से 12.5 रुपए प्रति किलोग्राम की वृद्धि करने की आवश्यकता होगी।

### सड़क परियोजनाओं के लिए बाजार से 2,500 करोड़ रुपए जुटाएगी सरकार

**भाषा।** नई दिल्ली

सरकार तीन सड़क परियोजनाओं के लिए करीब 2,500 करोड़ रुपए का वित्त जुटाने के लिए इस महीने पूंजी बाजार का रुख करेगी। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि यह राशि अवसंरचना निवेश ट्रस्ट (इनविट) के जरिए जुटाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस राशि का इस्तेमाल तीन सड़क परियोजनाओं के वित्तपोषण में किया जाएगा। इनविट्स के जरिए निवेशक ढांचागत क्षेत्र की परियोजनाओं में लगने वाले ट्रस्ट में भागीदारी करते हैं। इनविट्स ऐसी ढांचागत परिसंपत्तियों में निवेश करते हैं जिनमें लंबे समय तक नकदी प्रवाह बना रहेगा। पिछले साल भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की तरफ से लाए गए पहले इनविट ने 5,000 करोड़ रुपए से अधिक पूंजी जुटाई थी।

## बीएसएनएल अगले माह से 4जी नेटवर्क सेवाएं शुरू करेगी

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) इस साल नवंबर से 4जी नेटवर्क सेवाएं शुरू करेगी और अगले साल अगस्त तक धीरे-धीरे इसे 5जी में बदलेगी।

सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक पीके पुरवार ने सोमवार को इंडिया मोबाइल कांग्रेस में कहा कि कंपनी की योजना 18 महीनों में लगभग 1.25 लाख 4जी मोबाइल साइट शुरू करने की है। पुरवार ने कहा, कंपनी के 4जी नेटवर्क का सबसे पहला संचालन इस साल नवंबर में शुरू किया जाएगा। कंपनी 4जी प्रौद्योगिकी को तैनात करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार अनुसंधान और विकास संगठन सी-डॉट के नेतृत्व वाले संघ के साथ चर्चा कर रही है। पुरवार ने कहा कि कंपनी जो 4जी नेटवर्क उपकरण खरीद रही है, उसे सॉफ्टवेयर के जरिए 5जी में बदला जा सकेगा। बीएसएनएल की 5जी सेवाओं को शुरू करने की योजना की समयसीमा के बारे में पूछे जाने पर पुरवार ने कहा कि कंपनी केंद्रीय दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा निर्धारित 15 अगस्त, 2023 की समयसीमा के अनुसार 5जी को शुरू करने की राह पर है।

**सार्वजनिक सूचना**

समस्त सम्बन्धितों के ध्यान में लाया जाता है कि श्री आर.के छाबरा , पुत्र. श्री उत्तम चंद छाबरा (दर्ज पट्टाधारी) ने मकान न. III/5/43 सर्वे न० 52/2 शास्त्री बाज़ार, दिल्ली छावनी के संबंध में दर्ज पट्टेदार के अधिकारो के हस्तान्तरण एवं नामांतरण के लिए दिल्ली छावनी परिषद कार्यालय के समक्ष आवेदन किया है। इस लीज भूमि का स्वामित्व भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय के पास है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त सम्पत्ति के नामांतरण एवं उपरोक्त आवेदक के पक्ष में पट्टाधारी के अधिकारों के हस्तांतरण पर आपत्ति हो, वह अपनी आपत्ति के समर्थन में दस्तावेजी प्रमाण के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के भीतर अपनी आपत्तियाँ दाखिल कर सकता है , जिसमें असफल रहने पर मामला विचारण एवं विधि अनुसार उचित निर्णय लेने के लिए सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रेषित कर दिया जाएगा।
फोन न0: 011-25693837, 01125695450
हस्ता./-
मुख्य अधिशासी अधिकारी
दिल्ली छावनी परिषद
दिल्ली छावनी

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that my client Sandeep khatri/ Rashmi Saharan are the owners of house no. 2101 in sec-8 at urban Estate Faridabad, Haryana by virtue of will Deed dated 19.11.99 (Doc No. 41013) executed by their mother surinder kaur khatri
And whereas they have lost the following original documents, FIR has already been lodged on dated 3/10/2022:
1. Original allotment letter dated 24/7/74 in favour of shardul singh
2. Original GPA dated 3/10/1989 executed by shardul singh in favour of shiv kumar
3. Original transfer letter dated 3/4/91 in favour of P.Padmavathy
4. Original re allotment letter dated 22/4/91 in favour of P.Padmavathy
5. Original possession certificate dated 15/7/91 in favour of P.Padmavathy
6.Original conveyance deed dated 23/8/91 in favour of P.Padmavathy
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/ registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.
Kamal Kant Gupta (Advocate)
Shop No. 5 & 6, Pkt-E, CSC, Mayur Vihar-II, Delhi-91, Mob. 9810063351

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 4 अक्टूबर, 2022


# मुख्तार की करीबी डॉ. अलका राय का अस्पताल हुआ कुर्क

## मुख्तार को एंबुलेंस मुहैया कराने का मामलाः यूपी गैंगेस्टर एक्ट के तहत कुर्की की हुई कार्रवाई, जमानत पर चल रही हैं डॉ. अलका राय

संवाददाता। मऊ

**मुख्तार** अंसारी की करीबी एवं एम्बुलेंस प्रकरण में जमानत पर चली रही श्याम संजीवनी अस्पताल एण्ड रिसर्च सेंटर की मालकिन डॉण् अलका राय की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। सोमवार को बाराबंकी जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में मऊ एवं बाराबंकी पुलिस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए डॉण् अलका राय की 2.65 करोड़ कीमत के अस्पताल को कुर्क कर दिया। कुर्की की कार्रवाई से पूरे दिन अफरा.तफरी मचा रहा।

मऊ जिले के बलिया मोड़ स्थित श्याम संजीवनी अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर की संचालक डॉण् अलका राय और उनके भाई डॉण् शेषनाथ राय के खिलाफएम्बुलेंस प्रकरण में दो अप्रैल 2021 को जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद चार जुलाई 2021 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। आरोप पत्र दाखिल किए जाने के बाद दोनों को गिरफ्तार करते हुए जेल भी भेजा गया था। फिर इन पर गैंगस्टर का केस दर्ज किया गया था। डॉण् अलका राय पर आरोप है कि पंजाब की जेल में बंद रहने के दौरान मुख्तार अंसारी ने न्यायालय जाने के लिए जिस निजी एंबुलेंस का इस्तेमाल किया थाए वह डॉण् अलका राय के अस्पताल के नाम पर पंजीकृत है। जांच में पता चला कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बाराबंकी एआरटीओ कार्यालय में इसका रजिस्ट्रेशन हुआ था। सोमवार को जिलाधिकारी बाराबंकी के आदेश के अनुपालन में मऊ एवं बाराबंकी पुलिस टीम ने यूपी गैंगेस्टर एक्ट के तहत डॉण् अलका राय की 2.65 करोड़ कीमत के अस्पताल को कुर्क कर दिया। कुर्की की कार्रवाई के दौरान क्षेत्राधिकारी धनंजय मिश्रा भारी संख्या में पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।







## बांदा जेल से मुख्तार अंसारी की हुई पेशी

**मऊ।** अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट नम्बर एक एमपीध्एमएलए की विशेष अदालत के न्यायाधीश दिनेश चौरसिया ने थाना दक्षिण टोला क्षेत्र के रामसिंह मौर्य दोहरे हत्या काण्ड के मामले के आधार पर लगे गैंगस्टर के मुकदमे में विडियो कांफ्रेंसिंग से बांदा जेल से मुख्तार अंसारी की पेशी कराया गया। न्यायालय ने गैंगेस्टर के मामले में मुख्तार अंसारी की सुनवाई की अगली तिथि 21 अक्टूबर निर्धारित किया। गौरतलब हो कि दक्षिण टोला थाना क्षेत्र में रामसिंह मौर्य दोहरे हत्याकाण्ड को लेकर मुख्तार अंसारी सहित दर्जन भर आरोपियों के खिलाफगैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया गया था। न्यायालय ने इस मामले में सुनवाई के लिए अगली तारीख 21 अक्टूबर नियत किया।

## मुजफ्फरनगर दंगे की अगली सुनवाई 10 अक्टूबर को होगी

मुजफ्फरनगर। केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अन्य नेता 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों के दौरान निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने और सांप्रदायिक तनाव भड़काने के एक मामले में सोमवार को यहां एक विशेष सांसदाविधायक अदालत (एमपी-एमएलए कोर्ट) में पेश हुए।विशेष अदालत के न्यायाधीश मयंक जायसवाल ने सुनवाई की अगली तारीख 10 अक्टूबर तय की क्योंकि सुनवाई के दौरान सभी आरोपी अदालत में मौजूद नहीं थे। इस बीच अदालत में मौजूद नहीं थे। इस बीच अदालत ने डासना (गाजियाबाद) मंदिर के पुजारी यति नरसिंहानंद सरस्वती उर्फ दीपक त्यागी समेत चार आरोपियों के खिलाफ अदालत में पेश नहीं होने पर गैर जमानती वारंट जारी किया।

अदालत ने पुलिस को नरसिंहानंद और तीन अन्य आरोपियों रवींदर, मिंटू और शिवकुमार को 10 अक्टूबर को अदालत में पेश करने का निर्देश दिया।अभियोजन अधिकारी नीरज सिंह ने बताया कि केंद्रीय मंत्री बालियान, उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल, हिंदू नेता साध्वी प्राची सहित 21 आरोपियों और अन्य पर निषेधाज्ञा के कथित उल्लंघन और सांप्रदायिक हिंसा भड़काने के आरोप में मुकदमा चल रहा है।

आरोप है कि उन्होंने नगला मंडोर गांव में एक पंचायत बैठक में हिस्सा लिया था जहां उन्होंने 30 अगस्त, 2013 को अपने भाषणों के माध्यम से निषेधाज्ञा का उल्लंघन किया था और हिंसा के लिए भीड़ को उकसाया था। उस वर्ष जिले और आसपास के स्थानों में हुए दंगों के बाद 60 से अधिक लोग मारे गए थे और 40,000 से अधिक विस्थापित हुए थे।

# श्री काशी अग्रवाल समाज ने 16 विभूतियों को किया सम्मानित



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**श्री काशी** अग्रवाल समाज अग्रसेन जयंती समारोह के अंतिम दिन महाराज अग्रसेन की भव्य एवं विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ गोदौलिया स्थित जयपुरिया भवन से सायं 3 बजे प्रारम्भ होकर पाँच बजे श्री अग्रसेन कन्या इंटर कॉलेज में जाकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में पालकी पर महाराज अग्रसेन को विराजमान कराया गया था। उनके 18 गोत्र स्वरुप बच्चें घोड़े पर आगे आगे अगवानी में रेंजर बैंड के साथ चल रहें थे। समाज द्वारा संचालित संस्थाओं के छात्र छात्राएं हाथ में कलश एवं केसरिया झंडा भी लिए हुए थे जिसपर एक रूपया एक ईंट का प्रतिक चिन्ह बना हुआ था। श्री अग्रसेन शिशु विहार, महाजनी इंटर कॉलेज, अग्रसेन इंटर कॉलेज एवं अग्रसेन डिग्री कॉलेज की झाँकियां लोगों को बरबस ही आकर्षित कर रही थीं। शोभायात्रा में महाराज अग्रसेन, महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के स्वरुप में बच्चें आकर्षण के केंद्र रहें। बुलानाला स्थित श्री अग्रसेन पीजी कॉलेज की प्रबंधक डॉ मधु अग्रवाल प्राचार्य प्रो. मिथिलेश सिंह ने कॉलेज गेट पर महाराज अग्रसेन की आरती कर माल्यार्पण किया।उक्त अवसर पर श्री काशी अग्रवाल समाज की ओर से अरविन्द अग्रवाल 'नन्हे भईया', अम्बुज गुप्ता श्री कुमार अग्रवाल डॉ विष्णु गोयल डॉ प्रणव सिंघल डॉ राजीव गुप्ता श्जालपाश् डॉ सौमित्र अग्रवाल डॉ विकास अग्रवाल डॉ हरिश्चन्द्र अग्रवाल डॉ आशुतोष अग्रवाल डॉ राजीव गुप्ता मुगलसराय, डॉ अनिल अग्रवाल डॉ नितिन अग्रवाल डॉ संजय गर्ग एसपी चंदौली डॉ अंकुर अग्रवाल तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश जौनपुर श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल को अग्रसेन अनमोल रत्न से सम्मानित किया गया। अंत में छात्र- छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ की गई।

## गांधी जयंती पर होम्योपैथिक फार्मासिस्ट संघ ने कर्मचारियों का किया सम्मान



**वाराणसी।**2 अक्टूबर दिन रविवार को तेलियाबाग स्थित एक होटल मे उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक फार्मासिस्ट सेवा संघ जनपद शाखा वाराणसी की तरफ से नवनियुक्त मंडल अधीक्षक डॉक्टर नीरज वर्मा का अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय हरहुआ में तैनात बसंत लाल मिश्रा का विदाई भी किया गया कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉक्टर नीरज वर्मा ने कहा की चाहे वह अधिकारी हो या कर्मचारी उसके जीवन में यह सम्मान का दिन जरूर आता है जब वह विभाग से विदा होता है लेकिन अपने अच्छे कार्यों को वजह से हम सभी के दिलों से कभी विदा नहीं होता इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ रचना श्रीवास्तव का अंगवस्त्रम वह पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रांतीय महासचिव शिवप्रसाद का अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष त्रिभुवन यादव ने एवं कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष राजू बाबू ने किया कार्यक्रम में अबू मशारी ,नरेंद्र सिंह, अंजनी त्रिपाठी, महेश सिंह ,आनंद श्रीवास्तव , श्याम जी वर्मा, राम बहादुर यादव, राजवेंद्र पटेल, लालू यादव व दुबे जी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## बिजली विभाग ने 29 दुर्गा पूजा समितियों को थमाया नोटिस

**मऊ ।** जिले में स्थापित 357 दुर्गा पूजा पंडाल बिजली विभाग के बिना किसी वैध कनेक्शन एवं अग्नि शमन विभाग के एनओसी के ही संचालित हो रहा है। भदोही जिले के पूजा पंडाल में हुए भीषण अग्निकांड के बाद बिजली विभाग ने 29 दुर्गा पूजा समितियों को नोटिस जारी किया है। बिजली विभाग द्वारा नोटिस जारी किए जाने के बाद पूजन समिति के सदस्यों में अफरा.तफरी मच गया है।भदोही जिला के पूजा पंडाल में हुए भीषण अग्निकांड में तीन लोगों की मौत के बाद बिजली विभाग एवं अग्नि शमन विभाग के उच्चाधिकारी पूरी तरह से एक्शन के मूड में आ गए हैं। जिले में वैसे तो 357 स्थानों पर दुर्गा पूजा प्रतिमाओं की स्थापना किया गया है। लेकिन बिजली विभाग एवं अग्नि शमन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जिले के किसी भी दुर्गा पूजा समिति द्वारा न ही वैध बिजली कनेक्शन लिया गया है और न ही अग्नि शमन विभाग द्वारा एनओसी ही ली गया है। बिजली विभाग खण्ड प्रथम के अधिशासी अभियंता अभिनव तिवारी ने बताया कि खण्ड प्रथम अंतर्गत 29 दुर्गा पूजा समितियों को वैध बिजली का कनेक्शन नहीं लिए जाने पर नोटिस जारी किया गया है। वहीं दूसरी तरफमुख्य अग्नि शमन अधिकारी सुबाष कुमार ने बताया कि किसी भी पूजा समिति द्वारा उनके विभाग से कोई भी एनओसी नहीं लिया गया है। हालांकि आग से बचाव को लेकर पूजन समिति के सदस्यों को विभाग द्वारा जागरुक किया जा रहा है। उधर बिजली विभाग दुर्गा पूजन समितियों को नोटिस जारी किए जाने के बाद अफरा.तफरी मचा रहा।

## बुंदेलखंड में महिला कृषि उद्यमियों को किया सम्मानित

**झांसी।** उत्तर प्रदेश में बुंदेलखंड क्षेत्र के जिलों झांसीए महोबा और ललितपुर की 400 से ज्यादा महिला कृषि उद्यमियों को झांसी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित वार्षिक बैठक में सम्मानित किया गया। झांसी.ललितपुर लोकसभा क्षेत्र से माननीय सांसद अनुराग शर्मा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एक्शनएड एसोसिएशन के संदीप चचराए दीपाली शर्मा और खालिद चौधरी भी उपस्थित रहे। श्री अनुराग शर्मा ने 43 प्रगतिशील महिला कृषि उद्यमियों को भी वार्षिक अधिवेशन में सम्मानित किया। पिछले दो साल में समृद्धि प्रोजेक्ट के तहत बसंत वीमेन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी ने बुंदेलखंड क्षेत्र के तीन जिलों के 40 गांवों में हाशिए पर जी रही 3ए000 से ज्यादा महिलाओं का सहयोग किया है। इस पहल को ला केक्सा फाउंडेशनए एलियांजा पोर ला सोलिडारीडैड और एक्शनएड एसोसिएशन का सहयोग मिला है।

## स्किल इंडिया ने 49 उम्मीदवारों को जॉब्स के लिए चुना

**वाराणसीरू** स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेन्टर ;एसआईआईसीद्धए वाराणसी ने डीपी ;दुबई पोर्टद्ध वर्ल्ड के साथ साझेदारी में 2 अक्टूबर 2022 को एसआईआईसी में एक भर्ती अभियान चलाया। दुबई में अमीरात कंपनी में रोजगार के लिए 49 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया है और 4वेटिंग लिस्टमें हैं। वाराणसी और उसके आसपास एक डेडिकेटेड मोबिलाइजेशन अभियान के परिणामस्वरूप कुल 260 उम्मीदवारों का एग्रीगेशन हुआए जिनमें से 140 उम्मीदवारों ने इंटरव्यू से पहले सॉफ्ट स्किल्सए एम्प्लॉयबिलिटी और इंटरव्यू कोचिंग के कार्यक्रम में भाग लिया।दुबई के एम्प्लायर ने वाराणसी में स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेन्टर ;एसआईआईसीद्ध का दौरा किया ।

## अनियंत्रित वाहन की चपेट में आने से दो बुजुर्गों की मौत

**ललितपुर ।** उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले के बार कस्बे में सोमवार सुबह एक अनियंत्रित वाहन की चपेट में आने से दो बुजुर्ग व्यक्तियों की मौत हो गई। बार थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) बृजनेश कुमार ने बताया कि सोमवार सुबह करीब साढ़े सात बजे एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो जीप ने सड़क किनारे खड़े ताजुद्दीन (65) और सुराव अली (65) को कुचल दिया जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस घटना में एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद चालक घटनास्थल से कुछ दूरी पर वाहन छोड़कर भाग गया। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है और चालक की तलाश की जा रही है। सएचओ ने बताया कि दोनों शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए गए हैं और हादसे की जांच आरंभ कर दी गई है।

## विद्यालयों में बच्चों की कम उपस्थिति देख जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने प्राथमिक विद्यालय महमदपुर कामराज ब्लाक शमसाबाद एवं कम्पोजिट विद्यालय हाथीपुर ब्लाक बढ़पुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों विद्यालयों में बच्चों कम उपस्थिति देख जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी। उन्होंने कहा कि बच्चों की उपस्थिति में प्राधानाध्यपक की बहानेबाजी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। जिलाधिकारी ने कक्षाओं में बैठे छात्र.छात्राओं से पढ़ाई के बारे में ली जानकारी प्राप्त कर शिक्षण गुणवत्ता का लिया जायजा। निरीक्षण में देखा गया कि दोनों विद्यालयों में शिक्षण कार्य में बहुत सुधार की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षण कार्य में नहीं मिला सुधार तो होगी कार्यवाही। कम्पोजिट विद्यालय हाथीपुर में मिली गन्दगीध्निरीक्षण के दौरान विद्यालय में खड़ी मिली झाड़िया। जिलाधिकारी ने बेहतर साफसफाई कराने के निर्देश दिए।

## स्कूल के लिए निकली दो बहनें लापता, पुलिस तलाश में जुटी

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के थाना जैदपुर अंतर्गत एक गांव की रहने वाली दो चचेरी बहनें सोमवार को घर से स्कूल के लिए निकलने के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गईं। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि दोनों बहनों के कपड़े और साइकिल सड़क किनारे पड़े मिले हैं। सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक अनुराग वत्स मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया जिसके बाद पुलिस दोनों छात्राओं की तलाश में जुट गई है। पुलिस ने बताया की जैदपुर अंतर्गत एक गांव की रहने वाली दो चचेरी बहनें (उम्र 13 व 14 वर्ष) क्रमशः कक्षा आठ और नौ में अध्ययनरत हैं। पुलिस ने बताया कि दोनों प्रतिदिन अपने घर से सात किलोमीटर स्कूल जाती हैं। पुलिस ने बताया कि आज सोमवार को दोनों सुबह करीब आठ बजे घर से निकली थीं। पुलिस ने बताया कि सुबह तकरीबन 8:45 बजे बाराबंकी से जैदपुर जाने वाले मार्ग के किनारे दोनों छात्राओं की टाई-बेल्ट व कपड़े और उनकी साइकिल संदिग्ध अवस्था में नाले के किनारे पड़ी हुई मिली। पुलिस के अनुसार छात्राओं की साइकिल और कपड़े देखकर लोगों ने इसकी सूचना थाना जैदपुर पुलिस को दी और सूचना मिलने पर पुलिस दल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने स्कूली ड्रेस को देखकर संबंधित स्कूल के प्राचार्य को मौके पर बुलाया। पुलिस के अनुसार प्राचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं की हाजिरी ली जिसके बाद दोनों लड़कियों की हाजिरी नहीं मिली, जिसके बाद उनके परिजनों को बुलाया गया। पुलिस ने बताया कि बहनों के गायब हो जाने की जानकारी मिलते ही कॉलेज से उसका भाई और परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस के अनुसार भाई ने बताया है कि बहनें सुबह उसके पीछे ही स्कूल के लिए घर से निकली थीं। पुलिस के अनुसार भाई ने बताया कि उसकी बहनें उसके पीछे स्कूल आ रही थीं और वह स्कूल पहुंच गया लेकिन उसकी नाबालिग बहनें वहां नहीं पहुंची। साइकिल और कपड़े कब्जे में लेने के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक अनुराग वत्स ने बताया है कि यह दोनों लड़कियां स्कूल के लिए निकली थीं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में चार टीमों का गठन किया गया है। पुलिस ने परिजनों की सूचना पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

## बच्ची से 12 वर्षीय बालक ने किया दुष्कर्म, मामला दर्ज

बदायूं। जिले के उघैती कोतवाली क्षेत्र में पांच वर्षीय मासूम बच्ची के साथ एक नाबालिग बालक द्वारा कथित तौर पर दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार उघैती कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रविवार की रात घर से बाहर खेल रही पांच वर्षीय बच्ची को करीब 12 वर्ष का एक बालक बहला फुसलाकर पास के घर में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस के अनुसार आरोपी दुष्कर्म के बाद फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि खून से लथपथ पीड़िता घर पहुंची और परिजनों को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज करके आरोपी बालक को अभिरक्षा में ले लिया। पुलिस के अनुसार बच्ची को उपचार एवं चिकित्सकीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

# तीन मामलों की सुनवाई के लिए तारीखें तय

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही मस्जिद ईदगाह विवाद

**मथुरा।** मथुरा की दो अलग-अलग अदालतों में सोमवार को हुई श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही मस्जिद ईदगाह विवाद से जुड़े तीन मुकदमों की सुनवाई में अगली सुनवाई के लिए तीन अलग-अलग तारीखें तय की गईं। श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह मामले में सोमवार को तीन वादों की सुनवाई की जानी थी, जिनमें से एक मामला लखनऊ निवासी नारायणी सेना के अध्यक्ष मनीष यादव द्वारा श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर से ईदगाह का हटाए जाने से संबंधित वाद को सुना जाना था। प्रतिवादी पक्ष ने इस मामले में उपासना स्थल कानून, 1991 लागू होने का दावा करते हुए उसकी सुनवाई न किए जाने की दलील दी, जिस पर अगली सुनवाई 12 अक्टूबर को की जाएगी। इसके अलावा एडवोकेट महेंद्र प्रताप सिंह एवं राजेंद्र माहेश्वरी की पुनरीक्षण याचिका की यहां अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (सप्तम) के समक्ष में हुई सुनवाई में उप्र सुन्नी सेण्ट्रल वक्फ बोर्ड के किसी भी प्रतिनिधि के उपस्थित न होने पर अदालत ने वादी के आग्रह पर उनके स्थानीय प्रतिनिधि को नोटिस भेजकर अगली सुनवाई के दौरान उपस्थित रहने का नोटिस जारी किया है। अदालत ने कहा कि अन्यथा उनकी अनुपस्थिति में ही मामले का निस्तारण कर दिया जाएगा। इस मामले की अगली सुनवाई 28 अक्तूबर को होगी। जिला शासकीय अधिवक्ता (सिविल मामले) संजय गौड़ ने बताया कि सिविल जज (सीनियर डिवीजन) ज्योति सिंह ने लखनऊ के अधिवक्ता शैलेंद्र सिंह के पेश नहीं होने पर ईदगाह को हटाए जाने से संबंधित उनके वाद में उन्हें एक मौका दिया और अगली सुनवाई की तारीख 21 अक्टूबर तय की। गौड़ ने बताया कि मनीष यादव के वाद में 1968 में दोनों पक्षों के बीच हुए समझौते को अवैध बताते हुए उसे खारिज कर कथित शाही ईदगाह को श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर से हटाकर उक्त भूमि मंदिर ट्रस्ट को सौंपने की मांग की गई है। इस पर प्रतिपक्षी शाही ईदगाह कमेटी के अधिवक्ता नीरज शर्मा ने कहा कि उपासना स्थल कानून, 1991 के तहत 15 अगस्त 1947 के पहले से बना कोई भी धर्मस्थल नहीं हटाया जा सकता है। शर्मा ने इस दलील के साथ यह मामला खारिज की जाने की मांग की है। न्यायालय ने इस मामले में सुनवाई के लिए 12 अक्टूबर की तिथि नियत की है।

## टेनी की बर्खास्तगी के अलावा कुछ मंजूर नहीं



**लखीमपुर खीरी।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने सोमवार को खीरी कांड की पहली बरसी पर कहा कि न किसान लखीमपुर खीरी कांड को भूले हैं और न ही वे सरकार को भूलने देंगे और उन्हें केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी की बर्खास्तगी के अलावा कुछ मंजूर नहीं। उन्होंने कहा कि 26 नवम्बर को देश भर में प्रदर्शन होगा और इस प्रदर्शन में भी लखीमपुर खीरी कांड का मामला उठेगा। लखीमपुर खीरी कांड की पहली बरसी पर सोमवार को तिकुनिया क्षेत्र के कौड़ियाला घाट गुरुद्वारा में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे राकेश टिकैत ने कहा कि 26 नवम्बर को सभी राज्यों की राजधानियों में संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) का प्रदर्शन होगा और इस आंदोलन-प्रदर्शन में भी तिकुनिया हिंसा का मामला उठेगा। टिकैत ने कहा कि देश पिछले साल तीन अक्टूबर को तिकुनिया गांव में हुई हिंसा को कभी नहीं भूल सकता, जिसमें आठ लोगों की जान चली गई थी।उल्लेखनीय है कि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे के खिलाफ किसान तीन अक्टूबर, 2021 को तिकुनिया गांव में विरोध प्रदर्शन कर रहे थे और इसी दौरान कार से कुचलकर चार किसानों और एक पत्रकार की मौत हो गई थी। इसके बाद की हिंसा में दो भाजपा कार्यकर्ताओं और एक चालक सहित तीन अन्य लोग मारे गए थे।

## खादी ग्राम उद्योग प्रदर्शनी आज से

**फतेहपुर।** तरुण ग्राम विकास समिति द्वारा खादी ग्राम उद्योग क्षेत्र में उत्पादित वस्तुओं की प्रदर्शनी कलेक्ट्रेट स्थित गांधी मैदान में 4 से 23 अक्टूबर तक लगाई जायेगी। समिति के अध्यक्ष डीके पांडेय ने बताया कि प्रदर्शनी में विभिन्न राज्यों एवं जनपदों से हस्तशिल्प, हैंडीक्राफ्ट हैंडलूम आदि के आर्टिजंस द्वारा उत्पादित विभिन्न उत्पादों के लगभग 50 स्टाल लगाए जाएंगे।

# महाअष्टमी पर नवजात बच्चियों का मनाया जन्मोत्सव



**बांदा।** जिलाधिकारी बांदा अुनराग पटेल की अध्यक्षता में मिशन शक्ति अभियान.3 के अन्तर्गत ष्बेटी बचाओ.बेटी पढाओष् के तहत ष्नवेली.बुन्देली कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन महिला जिला अस्पताल के प्रेक्षागृह में सम्पन्न हुआ। शारदीय नवरात्रि के महाअष्टमी के अवसर पर 8 नवजात बच्चियों का जन्मोत्सव केक काटकर हर्सोल्लास के साथ मनाया गया तथा सोहर गीत जिसमें ष्गावो.गावो मंगल चार हमारे घर लक्ष्मी भयीष् ष्बेटियां गर्व हैं बटियों से जीवन पर्व हैए बेटियों से ही उत्सव हैए बेटियां जीवन का महोत्सव हैंष्आदि सोहर गीत गाकर बधाई दी गई तथा जिलाधिकारी ने न्यौछावर के रूप में 500₹.रूपये तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अनिल श्रीवास्तव ने 1000₹.रूपये सोहर गायिका सीता को दिये।जिलाधिकारी ने आज नवरात्रि के पावन पखवाडे पर महाअष्टमीए महागौरी के शुभ दिवस की सभी को शुभकामनायें दी और कहा कि आज बडा ही शुभ मुहूर्त हैए 08 देवियों ने जन्म लिया हैए इन सभी नन्ही.मुन्ही परियों को ढेर सारी शुभकामनायें। ज्ञातब्य हो कि इस पहल की शुरूवात भारत के पूर्व प्रधानमंत्री परमआदरणीय भारतरत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयन्ती के अवसर पर ष्नवेली.बुन्देली कन्या जन्मोत्सवष् अभियान का शुभारम्भ 25 दिसम्बरए 2021 में मेडिकल कॉलेज के प्रेक्षागृह में सम्पन्न हुआ थाए वहीं से यह कारवां शुरू हुआ था तब से लगातार गॉवए कस्बेए ब्लाकए तहसीलोंए निजी अस्पतालों में बच्चियां जन्म ले रही हैं और उनका जन्मोत्सव ष्नवेली.बुन्देली कन्या जन्मोत्सवष् के तहत मनाया जा रहा है। भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार से संचालित विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं से बच्चियों के माता.पिताए दादा.दादी को लाभन्वित कराया जा रहा है। उसी क्रम में आज चिकित्सा विभाग द्वारा यह जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। इस ष्नवेली.बुन्देली कन्या जन्मोत्सवष् जलसे में आये हुए आशाए ए0एन0एम0ए स्टाफ नर्शए मेडिकल स्टाफ टीम को शुभकामनायें देते हुए कहा कि बिना आपके यह कारवां चल नही सकता आपके अथक प्रयासों से ही यह कार्यक्रम सफल हो रहा है। अंत में कुछ इस तरह से अपनी वांणी को विराम दियाए ष्हम रहें या न रहे हम महका करेंगेए बनके कली बनके सबाए बाग.ए. वफा में। मुख्य चिकित्सा अधिकरी डॉ0 अनिल श्रीवास्तव, डिप्टी डायरेक्टर महिला कल्याण पुष्पेन्द्र सिंह ने भी विचार व्यक्त किए।

# गेंदबाजों के प्रदर्शन पर रहेंगी नजरें

● भारत ने कोहली, राहुल को दिया आराम

● दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला का अंतिम मैच आज

**भाषा।** इंदौर



स्टेडियम में पिच को तैयार करते कर्मी

**कागजों पर** भले ही यह महज औपचारिकता का मुकाबला हो लेकिन भारतीय गेंदबाजों को मंगलवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला के अंतिम मैच में एक बार फिर कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर पहली टी20 श्रृंखला जीतने के बाद भारतीय टीम प्रबंधन ने अंतिम मैच के लिए स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और उप कप्तान लोकेश राहुल को आराम देने का फैसला किया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक अधिकारी ने कहा, हां, विराट और राहुल दोनों को अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय से आराम दिया गया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतिम टी20 के बाद कोहली और राहुल मुंबई में टीम से साथ जुड़ेंगे जहां से टीम को छह अक्टूबर को टी20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना होना है। उम्मीद है कि स्टैंड बाई बल्लेबाज श्रेयस अय्यर अंतिम टी20 में कोहली की जगह लेंगे। राहुल को भी आराम दिए जाने के बाद सूर्यकुमार यादव या फिर ऋषभ पंत को कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज करने का मौका मिल सकता है। टीम में कोई दूसरा रिजर्व बल्लेबाज नहीं है और ऐसे में शाहबाज अहमद या दो तेज गेंदबाजों मोहम्मद सिराज या उमेश यादव में से किसी एक को अंतिम एकादश में जगह मिल सकती है। बारह महीने पहले टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद भारतीय बल्लेबाजी क्रम ने लंबा सफर तय किया है और अगले महीने ऑस्ट्रेलिया में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप से पहले बल्लेबाजी क्रम काफी मजबूत लग रहा है। टीम में अधिकतर बल्लेबाज वही हैं जो यूएई में पिछले टूर्नामेंट में खेले थे लेकिन जिस चीज ने अंतर पैदा किया है वह रवैए में बदलाव है। आईसीसी प्रतियोगिता से पहले भारत के शीर्ष तीन बल्लेबाज काफी अच्छी फॉर्म में हैं। लोकेश राहुल ने रविवार को आक्रामक अर्धशतक जड़कर अपने स्ट्राइक रेट से जुड़ी चिंताओं को दूर किया। एशिया कप से विराट कोहली ने 140 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं और इस दौरान तीन अर्धशतक के अलावा बहुप्रतीक्षित शतक भी जड़ा। कप्तान रोहित ने भी ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के दौरान कुछ प्रभावशाली पारियां खेली। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की जिम्मेदारी संभाल रहे सूर्यकुमार यादव भी शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और गेंदबाजों के लिए उन्हें रोकना काफी मुश्किल साबित हो रहा है। कप्तान रोहित उनसे इतने अधिक प्रभावित हैं कि उन्हें सीधे पाकिस्तान के खिलाफ 23 अक्टूबर को टीम के विश्व कप के पहले मैच में खिलाने के बारे में सोच रहे हैं। ऋषभ पंत को श्रृंखला में अब तक बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला है। दिनेश कार्तिक को दूसरे टी20 में सात गेंद खेलने को मिली और वह भी बल्लेबाजी का अधिक समय मिलने की उम्मीद कर रहे होंगे। जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी से गेंदबाजी में भारत की समस्या और बढ़ गई हैं विशेषकर डेथ ओवरों में। यह स्टार तेज गेंदबाज हालांकि अगर टी20 विश्व कप के लिए फिट नहीं होता है तो भारत को उनका विकल्प ढूंढना होगा। विश्व कप के रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल दीपक चाहर ने नई गेंद से प्रभावित किया है।

## पीठ की चोट के कारण जसप्रीत बुमराह टी20 विश्व कप से बाहर : बीसीसीआई



**नई दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह पीठ की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को यह घोषणा की। बुमराह चोटिल होने के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की इस प्रतियोगिता में नही खेल पाएंगे, इसकी रिपोर्ट पीटीआई ने 29 सितंबर को दे दी थी। बुमराह की अनुपस्थिति निश्चित तौर पर ऑस्ट्रेलिया मे भारत की संभावनाओं को प्रभावित करेगी क्योंकि डेथ ओवरों की गेंदबाजी अभी टीम के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है। यह तेज गेंदबाज राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी मे उपचार करा रहा है और बीसीसीआई को उनकी चिकित्सा रिपोर्ट का इंतजार था लेकिन यह तय था कि वह अगले कई महीनों तक क्रिकेट नही खेल पाएंगे। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बयान में कहा, बीसीसीआई की चिकित्सा टीम ने स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप मे नही खेल पाएंगे। विशेषज्ञों से परामर्श करने और विस्तृत आकलन के बाद यह फैसला किया गया। बुमराह को पीठ में दर्द के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वर्तमान टी20 श्रृंखला से बाहर होना पड़ा था। बीसीसीआई ने टी20 विश्व कप के लिए अभी तक बुमराह की जगह पर किसी खिलाड़ी का चयन नही किया है लेकिन मोहम्मद शमी और दीपक चाहर मे से किसी एक को टीम में जगह मिल सकती है। जम्मू कश्मीर के तेज गेंदबाज उमरान वाली को स्टैंडबाई खिलाड़ियों की सूची मे रखा जा सकता है। बुमराह पहले भी पीठ दर्द से परेशान रहे है।

## चिंता की कोई बात नहीं, ऑस्ट्रेलिया ने विश्व कप से पहले संघर्ष के बावजूद खिताब जीता था: मिलर

**गुवाहाटी।** दक्षिण अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज डेविड मिलर का दृढ़ विश्वास है कि भारत के खिलाफ श्रृंखला मे हार आगामी टी20 विश्व कप से पहले उनकी टीम को कमजोर नही बनाएगी। उन्होंने पिछले सत्र मे ऑस्ट्रेलिया की खिताबी जीत का हवाला दिया जो इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट से पहले लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के लिए जूझ रहा था। मिलर ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, अतीत में कई उदाहरण है जिनमे से एक ऑस्ट्रेलिया का है कि वे विश्व कप से पहले बहुत अच्छा नही कर रहे थे और फिर वे विश्व चैंपियन बनने मे सफल रहे। इसलिए मुझे नही लगता कि इसके बारे मे अधिक चिंता करने की जरूरत है। हमने पिछले डेढ़ साल में एक बहुत अच्छी टीम बनाई है। हम एकजुट होकर काफी अच्छा प्रदर्शन करते है। हमारे बीच अच्छी साझेदारियां है, हमने पिछले साल बहुत सारी श्रृंखला जीती। इस आक्रामक बल्लेबाज ने कहा, आज रात श्रृंखला हारना बेशक निराशाजनक था लेकिन अतीत में हमने वास्तव मे अच्छी प्रतिस्पर्धा की है लेकिन फिर भी श्रृंखला हारना निराशाजनक है।

# फिर नही चले पुजारा, पुछल्ले बल्लेबाजों ने संभाला सौराष्ट्र को

ईरानी ट्रॉफी : शेष भारत के खिलाफ की वापसी

**भाषा।** राजकोट



**भारत के** स्टार बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा दूसरी पारी में भी नाकाम रहे लेकिन कप्तान जयदेव उनादकट की अगुवाई में निचले मध्यक्रम के चार बल्लेबाजों के अर्धशतकों की मदद से सौराष्ट्र खराब शुरुआत से उबरकर शेष भारत के खिलाफ ईरानी ट्रॉफी क्रिकेट मैच के तीसरे दिन सोमवार को यहां वापसी करने में सफल रहा। सौराष्ट्र का स्कोर एक समय पांच विकेट पर 87 रन था और उस पर पारी की हार का खतरा मंडरा रहा था, लेकिन शेल्डन जैकसन (71), अर्पित वासवदा (55), प्रेरक मांकड़ (72) और उनादकट (नाबाद 78) के अर्धशतकों की मदद से उसने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक आठ विकेट पर 368 रन बनाकर 92 रन की बढ़त हासिल कर ली। सौराष्ट्र की टीम पहली पारी में केवल 98 रन पर सिमट गई थी जिसके जवाब में शेष भारत ने 374 रन बनाकर 276 रन की मजबूत बढ़त हासिल की थी। सौराष्ट्र ने सुबह अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 49 रन से आगे बढाई लेकिन उसने जल्द ही तीन विकेट गंवा दिए। तेज गेंदबाज कुलदीप सेन (85 रन देकर तीन विकेट) ने दिन के दूसरे ओवर में ही चिराग जानी (छह) को बोल्ड किया और फिर अपने अगले ओवर में पुजारा को विकेटकीपर केएस भरत के हाथों कैच कराकर सौराष्ट्र को बड़ा झटका दिया। काउंटी क्रिकेट में रनों का अंबार लगाने वाले पुजारा पहली पारी में भी केवल एक रन ही बना पाए थे। सेन ने अपनी तीखी गेंदबाजी जारी रखी और नाइटवॉचमैन धर्मेंद्र सिंह जडेजा (25) को भी पवेलियन भेजा। जैकसन और वासवदा ने छठे विकेट के लिए 117 रन जोड़कर टीम को शुरुआती झटकों से उबारा। तेज गेंदबाज मुकेश कुमार (49 रन देकर एक विकेट) ने जैकसन को आउट करके यह साझेदारी तोड़ी जिसके बाद वासवदा भी ज्यादा देर तक नहीं टिक पाए।

## फेरेरी केपुटी सिरी ए में पहली महिला रेफरी बनीं

**मिलान।** अटलांटा रविवार को यहां फ्योरेंटीना पर 1-0 की जीत के साथ इटली की लीग मे संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गया जबकि सासुओलो में मारिया सोल फेरेरी केपुटी सीरी ए फुटबॉल मैच मे रेफरी की भूमिका निभाने वाली पहली महिला बनी। एडेमोला लुकमैन ने 59वें मिनट में लुई म्यूरियल के पास पर अटलांटा की ओर से विजई गोल दागा। अटलांटा और नेपोली के समान अंक है। नेपोली ने शनिवार को टोरिनो को 3-1 से हराया। इन दोनों ने गत चैंपियन एसी मिलान और लाजियो पर तीन अंक की बढ़त बना रखी है। लाजियो ने रविवार को स्पेजिया को 4-0 से हराया।

## संजय कुमार सम्मानित

**लखनऊ।** शूटिंग के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल करने वाले संजय कुमार शर्मा एडिशनल एसपी को स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया एवं खेल जगत फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में प्रदेश खेल रत्न सम्मान से सम्मानित किया। संजय कुमार शर्मा ने नई दिल्ली में पिछले माह हुई 45वीं यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में पांच स्वर्ण एवं तीन कांस्य पदक सहित कुल आठ पदक जीते थे। आयोजन सचिव आनंद किशोर पांडेय निदेशक स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया ने यह जानकारी दी।

## मैड्रिड की जीत का क्रम टूटा

**मैड्रिड।** चोट के बाद वापसी कर रहे करीम बेंजेमा रविवार को यहां पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए जिससे रीयाल मैड्रिड को 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे ओसासुना के साथ 1-1 के ड्रॉ से अंक बांटने को मजबूर होना पड़ा। फ्रांस के स्ट्राइकर बेंजेमा दूसरे हाफ मे पेनल्टी किक पर गोल से चूक गए जिससे मैड्रिड का मौजूदा सत्र मे सभी प्रतियोगिताओं मे लगातार नौ जीत का सिलसिला भी रुक गया। इस ड्रॉ के साथ मैड्रिड ने ला लीग मे अपना शीर्ष स्थान भी बार्सीलोना को गंवा दिया जिसने शनिवार को मालोर्का को 1-0 से हराया था। दोनो टीम के समान 19 अंक है लेकिन बार्सीलोना की टीम बेहतर गोल अंतर के कारण शीर्ष पर है।

## पारी की जरूरत थी अधिक स्ट्राइक रेट: राहुल

**गुवाहाटी।** धीमे स्ट्राइक रेट के लिए आलोचनाओं के बीच दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 में रविवार को यहां आक्रामक अर्धशतक जड़ने के बाद भारत के सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल ने अपने आलोचकों पर पलटवार करते हुए कहा कि वह पारी की मांग के अनुसार बल्लेबाजी करते है। राहुल ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस मे कहा, हां, ज्यादा स्ट्राइक रेट से रन बनाना इस पारी की मांग थी। जब आप पहले बल्लेबाजी कर रहे होते है तो आप स्पष्ट रूप से परिस्थितियों का आकलन करने के लिए खुद को कुछ ओवर देना चाहते है।

## डेथ ओवरों में खेलना बेहद कठिन लेकिन हमें सुधार करना होगा: रोहित

**गुवाहाटी।** रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि टी20 मुकाबलो का नतीजा अधिकतर डेथ ओवरों के दौरान ही निकलता है और भारतीय कप्तान चाहते है कि टीम के उनके साथी योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू करें। वह हालांकि मैच के महत्वपूर्ण चरण में अपनी टीम के लगातार संघर्ष को लेकर ज्यादा चिंतित नही है। रोहित ने मैच के बाद कहा, टीम एक निश्चित तरीके से बल्लेबाजी और गेंदबाजी करना चाहती है और हम उन्हे वह आत्मविश्वास देना चाहते है।

# विश्व टेटे में पुरुष टीम ने कजाकस्तान को हराया

**भाषा।** चेंगदू



● मिस्र को हराकर महिला टीम प्री-क्वार्टर फाइनल में

**दिग्गज खिलाड़ी** जी साथियान की अगुवाई में भारतीय पुरुष टीम ने विश्व टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में सोमवार को यहां करीबी मुकाबले में कजाकस्तान को 3-2 से हराकर नॉक-आउट चरण में पहुंचने की अपनी उम्मीदें बरकरार रखी। महिला टीम ने भी जर्मनी से मिली करीबी हार से उबरते हुए मिस्र को 3-1 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल का टिकट पक्का किया। पुरुष टीम को ग्रुप दो की तालिका में शीर्ष पर रहने के लिए लीग चरण के आखिरी मैच में फ्रांस को हराना होगा। भारतीय टीम अगर फ्रांस से हार जाती है और जर्मनी कजाकस्तान को हरा देता है तो भारत, जर्मनी और फ्रांस की टीमों के एक समान अंक होंगे। जर्मनी को हराने के बाद साथियान ने कजाकस्तान के डेनिस जोलुदेव पर 11-1, 11-9, 11-5 पर एकतरफा जीत दर्ज की। हरमीत देसाई को हालांकि अगले मुकाबले में किरिल गेरासिमेंको के खिलाफ 6-11, 8-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। युवा मानव ठक्कर ने एलन कुरमंगलिएव को 12-10, 11-1, 11-8 से हराकर टीम की बढ़त को 2-1 कर दी। साथियान को हालांकि चौथे मुकाबले में किरिल से 6-11, 11-5, 12-14, 11-9, 11-6 से हार झेलनी पड़ी। हरमीत ने कजाकिस्तान की सबसे कमजोर कड़ी जोलुदेव के खिलाफ 12-10, 11-9, 11-6 से जीत दर्ज कर टीम को सफलता दिला दी। महिलाओं के स्पर्धा में राष्ट्रमंडल खेलों की मिश्रित युगल स्वर्ण पदक विजेता श्रीजा अकुला ने मिस्र के खिलाफ पहला और चौथा मुकाबला जीत कर भारत की नॉकआउट में जगह पक्की की। जर्मनी के खिलाफ निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अनुभवी मनिका बत्रा ने इस मैच में जीत दर्ज की लेकिन दिया चिताले को हार का सामना करना पड़ा।

# मेघना चमकी, भारत ने मुकाबला जीता

● मलेशिया को डकवर्थ लुईस पद्धति से 30 रन से हराया

**भाषा।** सिलहट



**सलामी** बल्लेबाज सबिनेनी मेघना ने शीर्ष क्रम में मिले मौके का पूरा फायदा उठाते हुए अपने करियर का पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक जड़ा जिससे भारत ने सोमवार को यहां एशिया कप के बारिश से बाधित मैच में मलेशिया को डकवर्थ लुईस पद्धति से 30 रन से हराया। उप कप्तान स्मृति मंधाना की जगह शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी के लिए उतरी मेघना ने 53 गेंदों पर 69 रन बनाए जो उनके करियर का सर्वोच्च स्कोर है। इससे भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 181 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में मलेशिया जब 5.2 ओवर में दो विकेट पर 16 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था तब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। इसके बाद आगे खेल नहीं हो पाया और उस समय डकवर्थ लुईस पद्धति के हिसाब से बराबरी का स्कोर 46 रन था। इस जीत से भारत अंक तालिका में चार अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। पाकिस्तान शीर्ष पर काबिज है। इससे पहले भारत को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद मेघना शुरू से ही मलेशियाई गेंदबाजों पर हावी हो गई। उन्होंने प्रत्एक ओवर में चौके जड़े और मैदान के चारों तरफ शॉट खेले। इससे भारत पावर प्ले में बिना किसी नुकसान के 47 रन बनाने में सफल रहा। अपने तूफानी तेवरों के लिए मशहूर शेफाली वर्मा ने 46 रन बनाए लेकिन अपनी इस पारी के दौरान भी वह पूरे रंग में नहीं दिखी। शेफाली पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रही हैं। मेघना जब 14 रन पर खेल रही थी तब मलेशिया की कप्तान विनिफ्रेड दुरईसिंगम (36 रन देर दो विकेट) ने उनका कैच छोड़ा जो मलेशिया को महंगा पड़ा। दाएं हाथ की इस बल्लेबाज ने चौका जड़कर अपना अर्धशतक पूरा किया। मलेशिया का क्षेत्ररक्षण भी अच्छा नहीं था और एक समय लग रहा था कि भारतीय टीम 200 से अधिक रन बनाने में सफल रहेगी। दुरईसिंगम ने हालांकि आखिर में मेघना का महत्वपूर्ण विकेट लिया। अब तक केवल मेघना की सहयोगी की भूमिका निभा रही शेफाली ने दो छक्के जड़े लेकिन वह पहले की तरह रन प्रवाह कायम रखने में असफल रही। रिचा घोष को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया और विकेटकीपर बल्लेबाज ने 33 रन की प्रवाहमय पारी खेली।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पारी :** मेघनाका माहिरा बो दुराइसिंगम 69, शेफाली बो नूर दानिया 46,ऋचा नाबाद33किरण का अलीसा बो नूर दानिया 00,राधा का आजमी बो दुराइसिंगम 08, हेमलता नाबाद 10,अतिरिक्त: (लेग बाई 03, वाइड 12) 15,कुल योग : (20 ओवर मे चार विकेट पर) 184 रन,विकेट पतन: 1-116 , 2-158, 3-158 , 4-169 ,गेंदबाजी:आजमी 4-0-37-0,आइना 4-0-30-0,माहिरा 4-0-21-0,अरियाना 3-0-37-0, दुराइसिंगम 3-0-36-2,अलीसा 1-0-8-0, दानिया 1-0-9-2

**मलेशिया पारी:** दुरइसिंगम पगबाधा दीप्ति 00,जुलिया बो राजेश्वरी01, अलीसा नाबाद 14, हंटर नाबाद 01, अतिरिक्त: 00, कुल योग: (5.2 ओवर मे दो विकेट पर) 16 रन, विकेट पतन: 1-0, 2-6, गेंदबाजी: दीप्ति3-0-10-1, राजेश्वरी 2-1-6-1, मेघन0.2-0-0-0

## भारत 2023 महिला टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेगा

**दुबई।** भारत 2023 महिला टी20 विश्व कप मे चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ 12 फरवरी को केपटाउन में अपने अभियान की शुरुआत करेगा। आईसीसी ने विश्व कप के आठवें सत्र के कार्यक्रम की घोषणा सोमवार को की। दक्षिण अफ्रीका में 10 से 26 फरवरी तक होने वाले टूर्नामेंट में भारत को इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, पाकिस्तान और क्वालीफायर आयरलैंड के साथ ग्रुप दो में रखा गया है। भारत का दूसरा मैच भी केपटाउन में 15 फरवरी को वेस्टइंडीज के खिलाफ है। इसके बाद टीम को इंग्लैंड और आयरलैंड से क्रमशः 18 और 20 फरवरी को गक्बेरहा में भिड़ना है। मेजबान दक्षिण अफ्रीका विश्व कप के पहले मैच मे केपटाउन मे श्रीलंका से भिड़ेगा। टूर्नामेंट का फाइनल भी 26 फरवरी को केपटाउन में भी आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट में रिजर्व दिन का प्रावधान होगा जिसमें किसी मैच में रुकावट आने पर उसे अगले दिन खेला जाएगा। केपटाउन, पार्ल और गक्बेरहा टूर्नामेंट के मैचो की मेजबानी करेंगे। टूर्नामेंट के सभी नॉकआउट मैच केपटाउन में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट मे भाग लेने वाली 10 टीमो में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और वेस्टइंडीज के अलावा बांग्लादेश और आयरलैंड शामिल है। जिनके बीच कुल 23 मैच खेले जाएंगे। पांच बार के विजेता और मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को न्यूजीलैंड, मेजबान दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और बांग्लादेश के साथ ग्रुप एक मे रखा गया है।

# पोल वॉल्ट में शिवा, भारोत्तोलन में लापुंग को स्वर्ण

● राष्ट्रीय खेल

**भाषा।** गांधीनगर

**सेना के पोल** वॉल्ट खिलाड़ी शिवा सुब्रमण्यम ने सोमवार को यहां 36वें राष्ट्रीय खेलों में 5.31 मीटर से अधिक की छलांग लगाकर चार साल पहले बनाए गए अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करते हुए स्वर्ण पदक जीता। सेना के एक अन्य खिलाड़ी सैम्बो लापुंग ने पुरुषों के भारोत्तोलन के 96 किग्रा वर्ग में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया। लापुंग इन खेलों में हालांकि अरुणाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे है। उन्होंने क्लीन एवं जर्क में 198 किग्रा भार उठा कर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। शिवा ने यहां के आईआईटी परिसर में आयोजित स्पर्धा में पहले 5.11 मीटर छलांग लगाकर 1987 में विजय पाल सिंह द्वारा बनाए गए 5.10 मीटर के राष्ट्रीय खेलों के रिकॉर्ड को तोड़ा। इसके बाद उन्होंने 5.21 मीटर से अधिक की छलांग लगाई और फिर 5.31 मीटर की कूद का प्रयास किया। वह पहली बार असफल होने के बाद इस बाधा को पार करने में सफल रहे। तैराकी में एसपी लिखित ने दो स्वर्ण पदक सेना की झोली में डाले। उन्होंने राजकोट के सरदार पटेल तरणताल परिसर में 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में स्वर्ण जीतने के बाद चार गुणा 100 मीटर मेडले रिले में भी शीर्ष स्थान हासिल किया। हृतिका श्रीराम (महाराष्ट्र) ने राष्ट्रीय खेलों में इस सत्र का पहला और कुल अपना नौवां स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने महिलाओं की तीन मीटर स्प्रिंगबोर्ड डाइविंग प्रतियोगिता में 179.15 अंकों के साथ पीला तमगा हासिल किया। चक्का फेंक में पंजाब के कृपाल सिंह ने राष्ट्रीय खेलों का नया रिकॉर्ड कायम किया। उन्होंने 59.32 मीटर की दूरी के साथ शक्ति सिंह (58.56 मीटर) के 25 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा। इस स्पर्धा में सेना के गगनदीप सिंह और प्रशांत मलिक ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक अपने नाम किए। निशानेबाजी में पंजाब की सिफ्ट कौर कामरा ने ओडिशा की श्रीयंका सारंगी को हराकर महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन का ताज हासिल किया। तीरंदाजी में पुरुषों के रिकर्व सेमीफाइनल में, अतानु दास (पश्चिम बंगाल) ने तरुणदीप राय (सेना) को 6-0 से हराया। अतनु फाइनल में सेना के एक अन्य तीरंदाज गुरचरण बेसरा से भिड़ेंगे। महिला हॉकी में भारत की पूर्व कप्तान रानी रामपाल हैट्रिक गोल की दम पर हरियाणा ने ग्रुप ए के मैच में ओडिशा को 4-0 से पीटा। ग्रुप बी में कर्नाटक ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए झारखंड को 3-3 की बराबरी पर रोका।

## प्रणय पर प्रणीत की जीत से बैडमिंटन में स्वर्ण पदक जीता

**सूरत।** विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता बी साई प्रणीत की शानदार लय में चल रहे एचएस प्रणय पर रोमांचक जीत के दम पर तेलंगाना ने राष्ट्रीय खेलो के मिश्रित टीम बैडमिंटन स्पर्धा मे केरल को 3-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। पिछले काफी समय से लय तलाश रहे तोक्यो ओलंपिक मे भाग लेने वाले प्रणीत ने केरल के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी को बेहद करीबी मुकाबले मे 18-21, 21-16, 22-20 से मात दी। उनकी इस जीत के बाद तेलंगाना ने 2-0 की बढ़त कायम कर ली थी।

## उप्र की पुरुष बास्केटबॉल टीम ने जीता ऐतिहासिक स्वर्ण पदक



**लखनऊ।** गुजरात में आयोजित 36वें राष्ट्रीय खेलों में सोमवार को भी उत्तर प्रदेश के खाते में कई पदक जुड़े। आज उत्तर प्रदेश की पुरुष बास्केटबॉल 3 गुणा 3 टीम ने पहली बार इन खेलों का स्वर्ण पदक जीत परचम लहरा दिया। इसके अलावा एथलेटिक्स में पुरुष 10000 मीटर में अभिषेक पाल ने रजत व महिला 10000 मीटर में कविता यादव ने कांस्य पदक जीता। निशानेबाजी में मिक्स टीम 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में उत्तर प्रदेश ने रजत पदक जीता। इसी के साथ उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने सोमवार को समाचार लिखे जाने तक तीन स्वर्णए दो रजत व दो कांस्य पदक जीते। उत्तर प्रदेश इन खेलों में अब तक 14 स्वर्ण पदकए 12 रजत पदक व 9 कांस्य पदक सहित कुल 35 पदक जीत चुका है। उत्तर प्रदेश के इन खिलाड़ियों की सफलता पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डाण्आनन्देश्वर पाण्डेय ने बधाई देते हुए कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि आप नेशनल गेम्स में यूपी का परचम लहराते हुए पदक जीतने का अभियान जारी रखेंगे। उन्होंने ऐतिहासिक स्वर्ण विजेता पुरुष बास्केटबॉल टीम सहित स्वर्ण विजेता निशानेबाज युविका तोमर व पहलवान जोंटी कुमार को भी बधाई देते हुए खुशी जताई और कहा कि आपकी यह सफलता नेशनल गेम्स में अन्य खेलों की स्पर्धाओं में यूपी के खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी। सोमवार को पुरुष बास्केटबॉल थ्री गुणा थ्री के फाइनल में उत्तर प्रदेश की युवा टीम ने तमिलनाडु की अनुभवी टीम को 21.18 अंक से हराकर पहली बार राष्ट्रीय खेलों का स्वर्ण पदक जीता। यूपी की ओर से कप्तान हर्ष डागर ने अकेले ही सर्वाधिक 12 अंक जुटाए। इसके साथ कुलदीप सिंह ने 6 और तुषाल सिंह ने 3 अंक जुटाए। इससे पहले सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश ने दिल्ली को 21.16 से हराकर खिताबी होड़ में प्रवेश किया था। इस स्पर्धा में पंजाब को कांस्य पदक मिला। पुरुष 10000 मीटर में अभिषेक पाल ने 28रू54ण्98 का समय निकालते हुए रजत पदक जीता। इस वर्ग में सर्विसेज के गुलवीर सिंह ने स्वर्ण व सर्विसेज के ही कार्तिक कुमार ने कांस्य पदक जीते। अभिषेक पाल अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी सर्विसेज के गुलवीर सिंह से पिछड़ गए क्योंकि यूपी के इस धावक को 48 घंटे पहले अपने 5000 मीटर दौड़ में जीत की थकान से उबरना पड़ा। इससे पहले अभिषेक पाल ने पुरुष 5000 मीण्दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था। महिला 10000 मीटर में उत्तर प्रदेश की कविता यादव को कांस्य पदक मिला। निशानेबाजी में मिक्स टीम 10 मीटर एयर पिस्टल में उत्तर प्रदेश ;युविका तोमर व उज्जवल मलिकद्ध टीम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलेगी

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारतीय** पुरुष हॉकी टीम आगामी नवंबर-दिसंबर में पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम एडिलेड के मेट स्टेडियम में 26 नवंबर से चार दिसंबर के बीच दुनिया की शीर्ष रैंकिंग की टीम के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में भाग लेगी। इस श्रृंखला का दूसरा, तीसरा और चौथा मैच क्रमशः 27 नवंबर, 30 नवंबर और तीन दिसंबर को खेला जाएगा। इस साल अगस्त में बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल के बाद पहली बार दोनों टीमें एक-दूसरे के सामने होंगी। अगले साल जनवरी में ओडिशा में होने वाले 2023 पुरुष विश्व कप की तैयारियों के लिहाज से पांच मैचों की यह श्रृंखला दोनों टीमों के लिए काफी अहम होगी। भारतीय महिला टीम भी अगले साल मई में ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम के खिलाफ एक श्रृंखला में भाग लेगी। इस श्रृंखला के लिए तारीखों की पुष्टि होनी बाकी है। भारतीय टीम ने गोल्ड कोस्ट 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के बाद से एक भी वरिष्ठ राष्ट्रीय भारतीय हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया में नहीं खेली है।

## बोपन्ना-मिडेलकूप को तेल अवीव में युगल खिताब

**नई दिल्ली।** भारत के रोहन बोपन्ना और उनके साथी माटवे मिडेलकूप ने रविवार को तेल अवीव में 1,019,85 डॉलर (लगभग 8.33 करोड़ रुपए) के एटीपी टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में सैंटियागो गोंजालेज और एंड्रेस मोल्टेनी को हराकर पुरुष युगल खिताब अपने नाम किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत और नीदरलैंड के खिलाड़ियों की जोड़ी ने फाइनल में मैक्सिको के गोंजालेज और अर्जेंटीना की मोल्टेनी पर की तीसरी वरियता प्राप्त जोड़ी पर 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की। बोपन्ना का यह सत्र का तीसरा खिताब है। उन्होंने इस सत्र में हमवतन रामकुमार रामनाथन के साथ एडिलेड और पुणे में दो खिताब जीते थे। यह 42 साल के बोपन्ना और मिडेलकूप के लिए एक टीम के रूप में पहला एटीपी टूर खिताब है।

# आयरा, परिज्ञा, सानिध्य व प्रकाश आगे बढ़े

एशियन अंडर-14 टेनिस



अंतरराष्ट्रीय एशियन जूनियर टेनिस प्रतियोगिता का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने किया। इस मौके पर उन्होंने योगी सरकार को खेलों और खिलाडियों के लिए सबसे अच्छी सरकार बनाया। गोमतीनगर के विजयंत खंड

**लखनऊ।** आज से शुरु हुए अंडर 14 मुकाबलों के पहले ही दिन कुछ उलटफेट देखने को मिले। बालिका वर्ग में चौथी वरीयता प्राप्त श्रावस्ती कुंडिलिया को हार का सामना करना पड़ा। उन्हें गैर वरीयता प्राप्त शेरी शर्मा ने 5-7,6-3,6-2 से पराजित कर दिया। वहीं पांचवी वरीयता प्राप्त तविशी खिलारीवाल को यूपी की गैर वरीयता प्राप्त खिलाडी परीज्ञा यादव ने 6-2,6-3 से सीधे सेंटों में पराजित कर दिया। इसके साथ ही छठी वरीयता प्राप्त श्रीनीति साई पोजूजो को गैर वरीयता प्राप्त खिलाड़ी काव्या पांडेय ने 6-3,6-1 से पराजित कर दिया। लखनऊ में चल रही में चल रही प्रतियोगिता के उद्घाटन खेल मंत्री ने गुब्बारों के गुच्छा उड़ाकर किया। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव खेल नवनीत सहगल ने यूपी के खिलाड़ियों के लिए लगातार काम करने सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। अन्य मुकाबलों में यूपी की आयरा ने सवा चार घंटे से ज्यादा चले मैच में सुहानी पाठक 6-7 7, 7-5,6-1 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। इसके अलावा समायरा कोहली ने नव्या शर्मा को सीधे सेटों में 6-3,6-0 से पराजित किया। वहीं अग्रिमा जायसवाल गौरी ने अपने प्रतिद्वंदी आदित्री श्री द्विवेदी को आसानी से पराजित कर दिया। दिया चौधरी ने श्रृष्टि प्रकाश सूर्यवंशी को सीधे सेटों में मात दी।